राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 मन की बात में पीएम मोदी ने की सूर्य कुमार यादव के कैच ...

संजय राउत ने उद्धव ठाकरे को एमवीए के मुख्यमंत्री पद के उमीदवार ... 12

वर्ष : 12 | अंक : 80 | पटना, सोमवार, 01 जुलाई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम अधिकतम तापमान 31°C
न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां 30%
नहीं 50%
कह नहीं सकते 10%

बाजार

सोना 59,340
चांदी 55,350
सेंसेक्स 63,327
निफ्टी 18,816

ब्रिटिश काल के कानूनों का होगा खात्मा, नये आपराधिक कानून आज से होंगे लागू

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। तीन नये आपराधिक कानून सोमवार से देशभर में लागू हो जाएंगे, जिससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएंगे और औपनिवेशिक काल के कानूनों का अंत हो जाएगा। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ब्रिटिश काल के क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे। नये कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी जिसमें ह्यजीरो एफआईआरह्ल, पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, एसएमएसह्ल (मोबाइल फोन पर संदेश) के जरिये समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल होंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन कानूनों में कुछ मौजूदा सामाजिक वास्तविकताओं और अपराधों से निपटने का प्रयास किया गया और संविधान में निहित आदर्शों को ध्यान में रखते हुए इनसे प्रभावी रूप से निपटने का एक तंत्र मुहैया कराया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नये कानून न्याय मुहैया कराने को प्राथमिकता देंगे जबकि अंग्रेजों (देश पर ब्रिटिश शासन) के समय के कानूनों में दंडनीय कार्रवाई को प्राथमिकता दी गयी थी। उन्होंने कहा,इन कानूनों को भारतीयों ने, भारतीयों के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाया गया है तथा यह औपनिवेशिक काल के न्यायिक कानूनों का खात्मा करते हैं। नये कानूनों के तहत आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय किए जाएंगे। दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट सात दिन के भीतर देनी होगी नये कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद के कृत्यों को परिभाषित किया गया है, राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है और सभी तलाशी तथा जब्ती की कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर एक नया अध्याय जोड़ा गया है, किसी बच्चे को खरीदना और बेचना जघन्य अपराध बनाया गया है और किसी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के लिए मृत्युदंड या उम्रकैद का प्रावधान जोड़ा गया है। सूत्रों ने

बताया कि ओवरलैप धाराओं का आपस में विलय कर दिया गया तथा उन्हें सरलीकृत किया गया है और भारतीय दंड संहिता की 511 धाराओं के मुकाबले इसमें केवल 358 धाराएं होंगी। सूत्रों ने बताया कि शादी का झूठा वादा करने, नाबालिग से दुष्कर्म, भीड़ द्वारा पीटकर हत्या करने, झपटमारी आदि मामले दर्ज किए जाते हैं लेकिन मौजूदा भारतीय दंड संहिता में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं थे। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता में इनसे निपटने के लिए प्रावधान किये गए हैं। सूत्रों ने बताया कि ये तीनों कानून न्याय, पारदर्शिता और निष्पक्षता पर आधारित हैं। नये कानूनों के तहत अब कोई भी व्यक्ति पुलिस थाना गये बिना इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करा सकता है। इससे मामला दर्ज कराना आसान और तेज हो जाएगा तथा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी।

थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकता है: जीरो एफआईआर से अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकता है, भले ही अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं हुआ हो। इससे कानूनी कार्यवाही शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी और मामला तुरंत दर्ज किया जा सकेगा। नये कानून में जुड़ा एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि गिरफ्तारी की सूरत में व्यक्ति को अपनी पसंद के किसी व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का अधिकार दिया गया है। इससे गिरफ्तार व्यक्ति को तुरंत सहयोग मिल सकेगा। इसके अलावा, गिरफ्तारी विवरण पुलिस थानों और जिला मुख्यालयों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा जिससे कि गिरफ्तार व्यक्ति के परिवार और मित्र महत्वपूर्ण सूचना आसानी से पा सकेंगे। नये कानूनों में महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गयी है जिससे मामले दर्ज किए जाने के दो महीने के भीतर जांच पूरी की जाएगी। नये कानूनों के तहत पीड़ितों को 90 दिन के भीतर अपने मामले की प्रगति पर नियमित रूप से जानकारी पाने का अधिकार होगा।

संक्षिप्त खबरें

थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे हुए सेवानिवृत्त, गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

नई दिल्ली। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे चार दशकों से अधिक की राष्ट्र सेवा के बाद रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस मौके पर उन्हें नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक लॉन में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राष्ट्र की सेवा में उनका असाधारण और शानदार करियर उनके अटूट समर्पण और प्रेरणादायक नेतृत्व का प्रमाण है, जिसका भारतीय सेना पर गहरा प्रभाव पड़ा है। उन्हें भारतीय सेना को 'आत्मनिर्भर' बनाने की दिशा में किये गए उनके मजबूत प्रयासों के लिए याद किया जाएगा। जनरल मनोज पांडे ने बतौर सेना प्रमुख 30 अप्रैल, 2022 को भारतीय सेना की बागडोर संभाली थी। उन्हें 31 मई को सेवानिवृत्त होना था, लेकिन कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 26 मई को लोकसभा चुनाव के दौरान उनकी सेवा को एक महीने का विस्तार देने मंजूरी दे दी थी।

प्रधानमंत्री ने पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू पर तीन पुस्तकों का विमोचन किया

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू के 75वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर उनकी जीवन यात्रा पर तीन पुस्तकों का रविवार को विमोचन किया। मोदी ने दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पुस्तकों का विमोचन किया।प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि वह खुश हैं कि उन्हें पुस्तकों का विमोचन करने का अवसर मिला और उन्होंने विश्वास जताया कि पूर्व उपराष्ट्रपति की जीवनी लोगों को प्रेरित करेगी।उन्होंने कहा कि उनके समेत पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं को नायडू से सीखने का अवसर मिला है।

त्रिपुरा से 11 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

अगरतला। वैध यात्रा दस्तावेज के बिना देश में प्रवेश कर रहे 11 बांग्लादेशी नागरिकों को अगरतला रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में बांग्लादेशी नागरिकों के अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर अगरतला रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन में सवार होने की गोपनीय सूचना मिली थी, जिसके आधार पर पुलिस ने शनिवार शाम तलाश अभियान शुरू किया था। प्रभारी अधिकारी तापस दास ने बताया, हमने अगरतला रेलवे स्टेशन से 11 लोगों को पकड़ा है, जिनमें पांच महिलाएं और छह पुरुष हैं। उन्हें पूछताछ के लिए अगरतला राजकीय रेलवे पुलिस थाना ले जाया गया है।

आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में बोले पीएम मोदी

योग, भारतीय भाषा व संस्कृति का प्रसार गौरव का क्षण : मोदी



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग, भारतीय भाषा एवं संस्कृति के दुनिया भर में प्रचार प्रसार को गौरव का क्षण बताया है और लोगों का आह्वान किया है कि इन्हें अपना कर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव महसूस करें। श्री मोदी ने श्री मोदी ने लोकसभा चुनावों के कारण तीन माह के अंतराल के बाद आकाशवाणी पर अपनी नियमित श्रृंखला मन की बात के 111वें संस्करण में यह आह्वान किया और आने वाले त्योहारों पर लोगों को शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कुवैत के राष्ट्रीय रेडियो चैनल पर हिन्दी में प्रसारित होने वाले एक कार्यक्रम की एक क्लिप को साझा करते हुए कहा, दरअसल, कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। और वो भी हिन्दी में। कुवैत रेडियो पर हर रविवार को इसका प्रसारण आधे घंटे के लिए किया जाता है। इसमें भारतीय संस्कृति के अलग-अलग रंग शामिल होते हैं। हमारी फिल्में और कला जगत से जुड़ी चर्चाएं वहाँ भारतीय समुदाय के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। मुझे तो यहाँ तक बताया गया है कि कुवैत के स्थानीय लोग भी इसमें खूब दिलचस्पी ले रहे हैं। मैं कुवैत की सरकार और वहाँ के लोगों का हृदय से धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने ये शानदार पहल की है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनियाभर में हमारी संस्कृति का जिस तरह गौरवगान हो रहा है, उससे किस भारतीय को खुशी नहीं होगी। अब जैसे, तुर्कमेनिस्तान में इस साल मई में वहाँ के राष्ट्रीय कवि की 300वीं जन्म-जयंती मनाई गई। इस अवसर पर तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपति ने दुनिया के 24 प्रसिद्ध कवियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इनमें से एक प्रतिमा गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी की भी है। ये गुरुदेव का सम्मान है, भारत का सम्मान है। इसी तरह जून के महीने में दो कैरेबियाई देश सूरीनाम और सेंट विन्सेंट एंड गेनाडाइन्स ने अपनी भारतीय विरासत को पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया।

उन्होंने कहा कि सूरीनाम में हिन्दुस्तानी समुदाय हर साल 5 जून को इंडियन अराइवल डे और प्रवासी दिन के रूप में मनाता है। यहाँ तो हिन्दी के साथ ही भोजपुरी भी खूब बोली जाती है। सेंट विन्सेंट एंड गेनाडाइन्स में रहने वाले हमारे भारतीय मूल के भाई-बहनों की संख्या भी करीब छः हजार है। उन सबको अपनी विरासत पर बहुत गर्व है। एक जून को इन सबने इंडियन अराइवल डे को जिस धूम-धाम से मनाया, उससे उनकी ये भावना साफ झलकती है। दुनियाभर में भारतीय विरासत और संस्कृति का जब ऐसा विस्तार दिखता है तो हर भारतीय को गर्व होता है।

विश्व योग दिवस की याद करते हुए श्री मोदी ने कहा, इस महीने पूरी दुनिया ने 10वें योग दिवस को भरपूर उत्साह और उमंग के साथ मनाया है। मैं भी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुआ था। कश्मीर में युवाओं के साथ-साथ बहनोंझबेटियों ने भी योग दिवस में बढ़झचढ़कर हिस्सा लिया। जैसे-जैसे योग दिवस का आयोजन आगे बढ़ रहा है, नए-नए कीर्तिमान बन रहे हैं। दुनिया-भर में योग दिवस ने कई शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। सऊदी अरब में पहली बार एक महिला अल हनौफ साद जी ने योग अभ्यास कार्यक्रम का नेतृत्व किया। ये पहली बार है जब किसी सऊदी महिला ने किसी मुख्य योग सत्र को दिशानिर्देशन किया हो। मिस्र में इस बार योग दिवस पर एक फोटो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नील नदी के किनारे लाल सागर के समुद्रतट पर और पिरामिडों के सामने -योग करते, लाखों लोगों की तस्वीरें बहुत लोकप्रिय हुईं।

उन्होंने कहा कि अपनी संगमरमर निर्मित बुद्ध प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध म्यांमार का माराविजया पैगोडा परिसर दुनिया में मशहूर है। यहाँ भी 21 जून को शानदार योग सत्र का आयोजन हुआ। बहरीन में दिव्यांग बच्चों के लिए एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। श्रीलंका में यूनेस्को विरासत स्थल के लिए मशहूर गॉल फोर्ट में भी एक यादगार योग कार्यक्रम हुआ। अमेरिका के न्यूयॉर्क में ऑब्जर्वेशन डेक पर भी लोगों ने योग किया। मार्शल द्वीप समूह पर भी पहली बार बड़े स्तर पर हुए योग दिवस के कार्यक्रम में वहाँ के राष्ट्रपति जी ने भी हिस्सा लिया। भूटान के थिंपू में भी एक बड़ा योग दिवस का कार्यक्रम हुआ, जिसमें मेरे मित्र प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी शामिल हुए। यानी दुनिया के कोने-कोने में योग करते लोगों के विहंगम दृश्य हम सबने देखे। श्री मोदी ने कहा, मैं योग दिवस में हिस्सा लेने वाले सभी साथियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। मेरा आपसे एक पुराना आग्रह भी रहा है। हमें योग को केवल एक दिन का अभ्यास नहीं बनाना है।

प्रधानमंत्री ने टी20 विश्वकप जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम से बात की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों से फोन पर बात की और उन्हें टी20 विश्वकप जीतने पर बधाई दी। अधिकारियों ने बताया कि मोदी ने भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी20 करियर की सराहना की। प्रधानमंत्री ने फाइनल मुकाबले में विराट कोहली की पारी के लिए उनकी भी प्रशंसा की और साथ ही भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की सराहना की। शर्मा और कोहली, दोनों ने टी20 विश्वकप जीतने के बाद क्रिकेट के इस प्रारूप के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों से संन्यास लेने की घोषणा की है अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने फाइनल मुकाबले के अंतिम ओवर के लिए हार्दिक पांड्या तथा बाउंड्री पर डेविड मिलर का कैच पकड़ने के लिए सूर्यकुमार यादव की तारीफ की। उन्होंने जसप्रीत बुमराह के योगदान की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने कोच राहुल द्रविड़ का भारतीय क्रिकेट में योगदान के लिए आभार जताया।

प्रश्नपत्र लीक, अग्निपथ योजना जैसे मुद्दों पर संसद में आज जोरदार बहस की संभावना

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। संसद की कार्यवाही के सोमवार को पुनः आरंभ होने पर, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक, अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर जोरदार बहस होने की संभावना है। विपक्ष प्रश्नपत्र लीक मामले के अलावा बेरोजगारी का मुद्दा भी उठा सकता है।

लोकसभा में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरूआत करेंगे। भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी एवं पहली बार की लोकसभा सदस्य बांसुरी स्वराज इस प्रस्ताव



का अनुमोदन करेंगी। लोकसभा ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया है, जिसका समापन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के साथ होगा। राज्यसभा में चर्चा के लिए 21 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री के बुधवार को (चर्चा पर) जवाब देने की संभावना है। नीट मुद्दे पर संसद में इस सप्ताह काफी हंगामा हुआ। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने पांच मई को नीट-यूजी का आयोजन किया था, जिसमें करीब 24 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। नतीजे चार जून को घोषित किए गए, लेकिन इसके बाद बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने के अलावा परीक्षा से जुड़ी अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे। राज्यसभा में चर्चा की शुरूआत करते हुए भाजपा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने मोदी को अतुलनीय बताया था और कहा था कि देश के सामने आने वाले मुद्दों से निपटने के उनके दृष्टिकोण और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण में बहुत अंतर है। भाजपा सदस्य कविता पाटीदार ने प्रस्ताव का समर्थन किया था और चर्चा में अब तक नौ अन्य सदस्य भाग ले चुके हैं। लोकसभा में शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित अनियमितता पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया, जिस कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

नीट विवाद पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष ने राज्यसभा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी अपने साथी सदस्यों के साथ आसन के करीब आ गए।नीट मुद्दे पर हंगामे के बीच छत्तीसगढ़ से कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम उच्च रक्तचाप के कारण अचानक बेहोश हो गईं, जिसके बाद उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन की कार्यवाही स्थगित न करने तथा राज्यसभा सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता न करने के लिए सरकार की आलोचना की।

ग्रामीण आग से सुरक्षा एवं बचाव के उपाय

आग से बचाव के लिए क्या करें?

फूस की झोपड़ी पर मिट्टी का लेप करें

खाना पकाते समय बर्तन में दो बाल्टी पानी रखें

जहाँ तक संभव हो खाना खुले में सुबह 9 बजे से पहले शाम 6 बजे के बाद बनायें

थ्रेसर मशीन के पास दो ड्राम पानी रखें

काम खत्म होने के बाद गैस रेगुलेटर बंद रखें

आग लगने पर 101/112 डॉयल करें

खेत के अवशेष को मत जलायें

आग से बचाव के लिए क्या न करें?

हवा बहने के समय भूलकर भी आग न जलायें


रसोई घर में मिट्टी का तेल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थ न रखें


जलते हुए माचिस की तिल्ली एवं सिगरेट-बीड़ी के टुकड़े को जहाँ-तहाँ न फेंकें।


दो झोपड़ियों को सटा कर न बनायें।

PR No.- 002650 (Fire)D. 2024-25

बिहार सरकार
बिहार अग्निशमन सेवा
गृह (आरक्षी) विभाग
टेलीफैक्स – 0612-2222020. ईमेल – sfocumdirector.bihar01@gmail.com
बिहार सरकार

देश के 30वें सेना प्रमुख बने लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, कार्यभार संभाला

युद्ध के लगातार बदलते स्वरूप के कारण सुरक्षा क्षेत्र में चुनौतियों से निपटना होगा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। देश के 30वें सेना प्रमुख के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने रविवार को कार्य भार संभाल लिया। उन्होंने चार दशकों से अधिक राष्ट्र सेवा करने के बाद रविवार को सेवानिवृत्त हुए थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे से कार्यभार संभाला। उन्होंने ऐसे समय में सीओएएस का पदभार संभाला है, जब वैश्विक भू-रणनीतिक वातावरण गतिशील बना हुआ है। साथ ही तकनीकी प्रगति और आधुनिक युद्ध के लगातार बदलते स्वरूप के कारण सुरक्षा क्षेत्र में चुनौतियां और भी स्पष्ट होती जा रही हैं। लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी इसी साल 15 फरवरी को उप सेना प्रमुख नियुक्त किए गए थे। इससे पहले वह 1 फरवरी, 2022 को सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ बनाए गए थे। उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल और अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी सैनिक स्कूल रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला के छात्र रहे हैं। उन्हें 15 दिसंबर, 1984 को भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून से जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 18वीं बटालियन में नियुक्त किया गया था। उन्होंने ऑपरेशन रक्षक के दौरान चौकीबल में एक बटालियन की कमान संभाली थी, जो ऑपरेशन राइनो के दौरान मणिपुर में असम राइफल्स का एक सेक्टर था। उन्होंने असम में इंस्पेक्टर जनरल, असम राइफल्स के रूप में भी कार्य किया है। वह भारतीय सैन्य अकादमी में एक प्रशिक्षक के रूप में तैनात रहे हैं। वह सेशेल्स सरकार में सैन्य अताशे और पैदल सेना के महानिदेशक के रूप में तैनात रहे हैं। उन्हें फरवरी, 2020 में कोर का कमांडर और अप्रैल, 2021 में सेना स्टाफ (सूचना प्रणाली और समन्वय) के उप प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने ऐसे समय में सीओएएस का पदभार संभाला है, जब वैश्विक भू-रणनीतिक वातावरण गतिशील बना हुआ है, तकनीकी प्रगति और आधुनिक युद्ध के लगातार बदलते चरित्र के कारण सुरक्षा क्षेत्र में चुनौतियां अधिक स्पष्ट होती जा रही हैं। इसलिए उभरते राष्ट्र के लिए सुरक्षा खतरों का मुकाबला करने के लिए परिचालन तैयारियां सीओएएस के लिए एक प्रमुख फोकस क्षेत्र के रूप में प्रमुखता से सामने आएंगी। इसके साथ ही असंख्य गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियों के लिए एक केंद्रित प्रतिक्रिया रणनीति भी राष्ट्र की रक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक प्राथमिकता होगी। जनरल द्विवेदी अपने साथ अप्रत्याशित रूप से प्रभावी ढंग से योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने का एक समृद्ध अनुभव और सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड लेकर आए हैं।

संक्षिप्त खबरें

फतुहा पूर्ण अनुमंडल जल्द बनाया जाए : शिवपूजन प्रशांत

फतुहा। रविवार को प्रदेश राजद के पूर्व महासचिव एवं वरिष्ठ नेता शिवपूजन प्रशांत ने संवाददाता को बताया कि फतुहा पुलिस अनुमंडल बने कई वर्ष बीत जाने के बाद फतुहा प्रखंड के 15 पंचायत, दनियावां प्रखंड के 6 पंचायत और खुशरुपुर प्रखंड के 7 पंचायत फतुहा को पूर्ण अनुमंडल बनने का एकाधिकार रखता है। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन में बिहार में कई जिले एवं अनुमंडल बने हैं जो कि फतुहा के संख्या बल में बहुत ही छोटा रहा है। फतुहा को पूर्ण अनुमंडल का दर्जा मिले इस संबंध में समय-समय पर धरना के द्वारा मांग होता रहा है तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं फतुहा के आमसभा में पूर्ण अनुमंडल बनाने की घोषणा करते रहे हैं। मैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से फतुहा को पूर्ण अनुमंडल बनाने की मांग करता हूं।

सांसद शांभवी के पति शायान ने गुरु घर का आशीष लिया

पटना सिटी (प्राकि)। समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद शांभवी चौधरी के पति व पूर्व आईपीएस आचार्य किशोर कुणाल के पुत्र शायान कुणाल ने रविवार को तख्तश्री पटना साहिब पहुंचे। मौके पर तख्तश्री कमेटी के कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर ने उनका स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसके पूर्व में दरबार साहिब में गए औरज मत्था टेका। यहां उन्हें गुरु घर का आशीर्वाद रूप में सिरोपा प्रदान किया गया। शायान कुणाल ने बताया हैं की जल्द ही लोजपा के पांचों नवनिर्वाचित सांसद तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेक कर गुरु महाराज की खुशियां और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर बधाई

दानापुर। नगर के अंतर्गत प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह ने सांसद संजय कुमार झा को जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। महानगर उपाध्यक्ष संजय सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार, जेपी सिंह समेत अन्य नेताओं ने कहा कि संजय झा के नेतृत्व में पार्टी और मजबूत होगी। कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने कार्यों से आमजनों के दिलों दिमाग में बसे हुए हैं। वे बिहार और पार्टी के हित में कई कार्य किए हैं।

दियारा का लाइफ लाइन कहे जाने वाले पीपा पुल रविवार को खोल दिया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत दियारा के लाईफ लाइन कहे जाने वाला पीपापुल रविवार को देर शाम के बाद खोल दिया जाएगा। ठेकेदार द्वारा पुलिस प्रशासन से पीपापुल खोलने के दौरान सहयोग करने की मांग किया है। देर शाम तक आवागमन सामान्य होने के बाद पुल खोल दिया जाएगा। पुल खोलने के साथ दियारा क्षेत्र के पुरानी पानापुर, कासिमचक, हेतनपुर, गंगहारा, पतलापुर, मानस और अकिलपुर पंचायत के दर्जनों गांवों के लोगों की परेशानी बढ़ जाएगी। दियारावासियों को दानापुर पटना आने जाने के लिए नाव ही एक सहारा रह जाएगा। पूर्व जिला पार्षद ओमप्रकाश राय ने गंगा के जलस्तर बढ़ने तक पीपापुल नहीं खोलने की बात करते हुए कहा कि दियारा वासियों के हित में पहुंच पथ का मरम्मत कराया जाए।

छावनी क्षेत्र में नाला में गिरने से वृद्ध व्यक्ति की मौत

दानापुर। नगर के अंतर्गत छावनी क्षेत्र में नाला में गिरने से एक वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला और अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव सुरक्षित रख दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि 65 वर्षीय एक अज्ञात वृद्ध नाला में गिर गया। नाला में पानी रहने से वह डूब गया।

एनएमसीएच के अधीक्षक बनाए गए डॉ विनोद सिंह

पटना सिटी (प्रकि)। स्वास्थ्य विभाग ने एक बार फिर शिशु रोग विभाग के प्राध्यापक डॉविनोदकुमार सिंह को एनएमसीएच का अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। विभाग के विशेष सचिव शशांक शेखर सिंह के द्वारा 30 जून को जारी ज्ञापांक 590 (17) के द्वारा अधिसूचना में डॉविनोद कुमार सिंह को एनएमसीएच का अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। साथ ही उन्हें निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की भी शक्ति प्रदान की गई है। विदित हो कि इसके पूर्व भी प्रोडॉ विनोद कुमार सिंह अधीक्षक के प्रभार में रह चुके हैं। संभावना है कि सोमवार को वह वर्तमान अधीक्षक प्रोडॉ अलका सिंह से प्रभार ग्रहण करेंगे।

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के राष्ट्रीय स्तर का कब-बुलबुल महोत्सव का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा विजेता बच्चों एवं टीम को किया गया सम्मानित

हाजीपुर। भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स के पूर्व मध्य रेल राज्य एवं सोनपुर तथा गढ़हरा जिला द्वारा पूर्व मध्य रेल इंटर कॉलेज गढ़हरा, बरौनी के विरेन्द्र शर्मा स्काउट पार्क में दिनांक 26.06.2024 से भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स के राष्ट्रीय स्तर का कब-बुलबल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस महोत्सव में राजस्थान, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, झारखंड, बिहार राज्यों सहित पूर्व रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे तथा पूर्व मध्य रेलवे के करीब 150 कब-बुलबुल, उनके लीडर्स एवं अधिकारियों ने भाग लिया । इस महोत्सव में भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्यालय के उप निदेशक श्रीमती सुरेखा श्रीवास्तव एवं उनकी टीम शामिल थीं ।

इस महोत्सव में बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास से संबंधित उनके बीच कई तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इन प्रतियोगिता का ओवर ऑल प्रथम स्थान पूर्व मध्य रेल को, द्वितीय स्थान पूर्व रेलवे को तथा तीसरा स्थान तामिलनाडु की टीम को प्राप्त हुआ जबकि ओवर ऑल चैम्पियन का खिताब राजस्थान को प्राप्त हुआ। इसी कड़ी में महोत्सव के अंतिम दिन 29.06.2024 को महाशिविराग्नी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथि महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश तथा विशिष्ट अतिथि अध्यक्षा, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन श्रीमती मीनाक्षी शर्मा के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर महाशिविराग्नी कार्यक्रम प्रारंभ किया गया । इस अवसर पर प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री शिव कुमार प्रसाद एवं मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर श्री विवेक भूषण सूद सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे । इसके उपरांत कब-बुलबुल द्वारा शिविराग्नी गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गयी । इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों का मानसिक, बौद्धिक, मनोवैज्ञानिक तथा कलात्मक दृष्टिकोण से विकास होता है और वे हमारे परिवार, समाज, देश एवं विश्व को समृद्ध करने में अपनी भूमिका निभाते हैं। इस महोत्सव में जो बच्चे आए हैं उनकी उम्र करीब 05-10 वर्ष है । ये बच्चे अपने माता-पिता से इतनी दूर आकर यहां सामूहिक रूप से विभिन्न गतिविधियों में शामिल हुए हैं । स्काउट्स एंड गाइड्स के उद्देश्यों को पूरा करने के प्रति इन बच्चों का समर्पण बहुत ही सराहनीय है। महाप्रबंधक महोदय ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि कार्यक्रम काफी मनोरंजक एवं उत्साह से परिपूर्ण थे । महाप्रबंधक महोदय द्वारा महोत्सव में शामिल बच्चों को अवार्ड एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित भी किया गया । मुख्य राज्य आयुक्त-सह-प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री शिव कुमार प्रसाद ने भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स के कब-बुलबुल महोत्सव के आयोजन किये जाने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कैंप में शामिल सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं ।

सूबे में नीति आयोग के 61 आकांक्षी प्रखंडों में चलेगा संपूर्णता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। नीति आयोग द्वारा चयनित राज्य में 27 जिले के 61 प्रखंडों में 4 जुलाई से संपूर्णता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 4 जुलाई से शुरू होकर अगले तीन महीने यानी 30 सितंबर तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा के सूचकांकों को शत प्रतिशत प्राप्त करना है। स्वास्थ्य एवं पोषण के सूचकांकों का सैचुरेशन प्वाइंट तक पाने का मकसद मातृ मृत्यु दर को कम करने के साथ पोषण के विभिन्न स्तरों को भी सैचुरेशन प्वाइंट तक पहुंचाना है। इसके लिए प्रत्येक महीने माइक्रो प्लान बनाया जाएगा, जिसके संचालन में जनप्रतिनिधि, फ्रंटलाइन वर्कर, कम्युनिटी लीडर, लोकल आइकॉन, छात्र एवं अन्य लोगों का सहयोग लिया जाएगा।

गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण पर मुद्दे होंगे शामिल: आकांक्षी प्रखंड पर अपना तकनीकी सहयोग दे रहे पीरामल स्वास्थ्य के राज्य प्रतिनिधि अभिषेक कुमार ने बताया कि संपूर्णता अभियान में स्वास्थ्य के जो मुद्दे होंगे उनमें गर्भवतियों का खास ध्यान रखा गया है। गर्भवतियों के मुद्दों में गर्भ के प्रथम तिमाही में प्रसव पूर्व जांच की सुनिश्चितता, गर्भकाल के दौरान अनुपूरक पोषण लेने वाली महिलाओं के प्रतिशत में वृद्धि करने के लक्ष्य के साथ सम्पूर्ण जनसंख्या के अनुपात में रक्तचाप व शुगर की स्क्रीनिंग के प्रतिशत में वृद्धि करने का भी लक्ष्य है। इन सभी को तीन महीने के एक्शन प्लान के साथ पखवाड़े आयोजित कर पूरा किया जाना है।

पारस एचएमआरआई ने मनाया डॉक्टर्स डे

प्रात : किरण संवाददाता

10 डॉक्टरों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए किया गया सम्मानित

पटना। पारस एचएमआरआई, पटना में 29 जून को डॉक्टर्स डे की पूर्व संध्या पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हॉस्पिटल ने 10 डॉक्टरों को उनके उत्कृष्ट योगदान और रोगियों के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया। सम्मानित किए गए डॉक्टरों में विभिन्न विभागों के सीनियर डॉक्टर शामिल थे। डॉक्टरों ने हॉस्पिटल द्वारा आयोजित इस समारोह की सराहना की और रोगियों की बेहतर सेवा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सम्मानित होने वाले डॉक्टरों में पद्मश्री डॉ. एस. एन. आर्या, डॉ. डी.के.श्रीवास्तव, डॉ. बशीर आलम, डॉ. मिथिलेश कुमार सिविल सर्जन पटना, डॉ . धीरेंद्र कुमार एंव अन्य डॉक्टर्स शामिल रहे।

समारोह में डाइरेक्टर जेनेरल सर्जरी डॉ. एए हई, डाइरेक्टर अथोर्पेडिक एंव जॉइंट रिप्लेसमेंट डॉ. जॉन मुखोपाध्याय, एचओडी मेडिकल ओन्कोलॉजी डॉ. अभिषेक आनंद, डायरेक्टर इन्टर्नल मेडिसीन डॉ. बिकास सौरभ, मुख्य कंसल्टेंट रेडिएशन ओन्कोलॉजी डॉ. शेखर केसरी, एचओडी पल्मोनॉलॉजी डॉ. प्रकाश सिन्हा, डाइरेक्टर नेफ्रोलॉजी डॉ. शशि, डॉ. अपूर्वा चौधरी, डॉ. शब्बीर वारसी, डॉ. वी.के. ठाकुर, डॉ. शिव शंकर मिश्रा, डॉ. खुशबू सहित हॉस्पिटल के कई अन्य गणमान्य डॉक्टर उपस्थित थे। इस अवसर पर पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि डॉक्टर हमारे समाज के सच्चे नायक हैं। वे दिन-रात रोगियों की सेवा करते हैं और उन्हें जीवन का एक नया अवसर देते हैं। डॉक्टर्स डे हमें उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देने और उनके प्रति अपना सम्मान व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है।

पारस हेल्थ की ग्रुप सीओओ डॉ. सेंटी साजन ने कहा कि राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस 2024 दरवाजे पर दस्तक दे रहा है क्योंकि देश 1 जुलाई को डॉक्टरों के अथक प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त करने के लिए तैयार है। यह देशवासियों के लिए चिकित्सकों और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के अथक समर्पण को स्वीकार करने का क्षण है जो हमारी भलाई का ख्याल रखते हैं और हमारे चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए बलिदान देते हैं। पूरे देश ने देखा कि किस तरह से कोविड-19 चरण के दौरान, डॉक्टरों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और लाखों लोगों की जान बचाने में अपना योगदान दिया। आइए उनके प्रयासों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करने के लिए कुछ समय निकालें और उन्हें वह सम्मान दिखाएं जिसके वे हकदार हैं।

पारस एचएमआरआई के बारे में पारस एचएमआरआई, पटना बिहार में 2013 से कार्यरत है। पारस एचएमआरआई में एक ही स्थान पर सभी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हमारे पास एक आपातकालीन सुविधा, तृतीयक और चतुर्धातुक देखभाल, उच्च योग्य और अनुभवी डॉक्टरों के साथ चिकित्सा केंद्र है। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर बिहार में अपनी विशेषज्ञता, बुनियादी ढांचे और कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है।

राष्ट्रपति से असदुद्दीन ओवैसी की संसद सदस्यता निरस्त करने का अनुरोध किया : राष्ट्रीय महासचिव

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारतीय जन क्रान्ति दल के राष्ट्रीय महासचिव आर डी मिश्र ने असदुद्दीन ओवैसी की संसद सदस्यता निरस्त करने का अनुरोध देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोक सभा सचिव को ई- मेल लिख कर किया है। उक्त जानकारी आर डी मिश्र ने स्वयं दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा में असदुद्दीन ओवैसी को भारतीय लोगों ने मत देकर चुनाव जीता कर भेजा है। लेकिन असदुद्दीन ओवैसी ने संसद भवन में (लोक सभा में) ह्याफिलिस्तीनह्व की विजय के नारे लगाये। असदुद्दीन ओवैसी के द्वारा ऐसा करने से भारतीय लोगों को (मताधिकार करने वाले लोगों का) अपमान हुआ है।

आर डी मिश्र ने कहा कि ऐसी स्थिति में असदुद्दीन ओवैसी को भारत के संसद बना रहना उचित नहीं होगा। इसलिए उनकी संसद सदस्यता निरस्त करने का अनुरोध किया गया है।

राधे श्याम परिवार के ब्लड डोनेशन में 55 लोगों ने किया रक्तदान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राधेश्याम परिवार सेवा संस्थान द्वारा आयोजित रक्तदान महादान का सेवा शिविर रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को किया गया। स्वर्गीय बजरंग लाल जी गोयनका की स्मृति में मिरचाई गली मोड़ पर रक्तदान शिविर का उद्घाटन डिप्टी मेयर रश्मि चंद्रवंशी, संरक्षक विजय गुप्ता, समाजसेवी राजेश कानोडिया, शिव प्रसाद मोदी एवं संतोष सर्राफ के द्वारा किया गया।

संस्थापिका शोभा गुप्ता ने कहा कि रक्तदान मनुष्य को साल में एक बार जरूर करना चाहिए। इससे कोई गंभीर बीमारियों के होने का खतरा एक हद तक कम हो जाता है। एक यूनिट रक्त वह तीन लोगों को जीवन प्रदान करता है। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है। यह संदेश राधेश्याम परिवार के द्वारा किया गया। व्यवस्थापक चक्रेश अग्रवाल ने अतिथियों को दुपट्टा ओढ़ा कर सम्मान किया। आलोक गुप्ता ने बताया कि 55 यूनिट रक्त का दान किया गया। सभी रक्तदाता, जिन्होंने रक्तदान किया था, रक्तदान करते हुए छवि कप में लगाकर उन्हें याद स्वरूप में दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय गोलमाल, संजीव मिश्रा, दीपक गोयनका, बाबू लाल अग्रवाल, आनंद कमलिया, संगीता झुनझुनवाला, सीमा शर्मा, सरोज जायसवाल, संगीता झुनझुनवाला, रंजीत मित्तल, पंकज लोयलका आदि सक्रिय रहे।

श्री चित्रगुप्त मंदिर आने वाले समय में कायस्थ व सभी जाति-वर्ग के सनातन कलमजीवियों का महाकुंभ स्थल होगा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अखिल भारतीय हिन्दू महासभा और संत महासभा के अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणी महाराज ने कहा कि यहां का श्री चित्रगुप्त आदि मंदि,र जिसकी अपनी एक अति प्राचीन परम्परा है, जिसमें नंद वश के महामात्य मुद्राराक्षस से होते हुए राजा टोडरमल तक और वर्तमान में जिस प्रकार डॉ आरके सिन्हा ने इसका सर्वांगीण विकास किया है, उससे न केवल बिहार, बल्कि विश्व के सनातनधर्मी कायस्थों को यह मंदिर एक उपहार के रूप में मिला है। यह निश्चित रूप में आने वाले भविष्य में समस्त कायस्थों का महाकुंभ स्थली होगा। यह मंदिर अनेक ऐतिहासिक उतार-चढ़ाव का साक्षी रहा है। यह अपने आपमें एक सिद्ध स्थल है। श्री स्वामी जी ने कहा कि विश्व के सनातनधर्मी कायस्थ और सभी जाति-वर्ग के सनातन कलमजीवी आरके सिन्हा का ऋणी रहेगा, जिन्होंने इस मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा एवं निर्माण के लिए अपने भौतिक संसाधनों का पूरी तरह से भगवान चित्रगुप्त के चरणों में अर्पित कर दिया। यह एक प्रेरणादायी स्थल है, जो सनाधन हिन्दुओं के लिए आदर्श होगा। जो धर्म परिवर्तन कर क्रिश्चियन, पारसी, मुसलमान आदि धर्म अपनाते हैं और स्वधर्म का परित्याग कर देते हैं। डॉ आरके सिन्हा ने भगवान की प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर पुर्निर्माण के लिए वर्ष 2006 में अपने करोड़ों की सम्पत्ति को समर्पित कर इस मंदिर को बचाया। आज पटना के समस्त मंदिर समिति के सदस्य उनके नेतृत्व में सुचारु रूप में कार्य कर रहे और मंदिर का उत्थान हो रहा है। अंत में स्वामी जी ने कहा कि जो कलम दावात की पूजा करने वाले वर्ष में यमद्वितीया के दिन भगवान की पूजा कर इतिश्री कर लेते थे, उसे श्री आरके सिन्हा ने हर महीने संगत-पंगत के माध्यम से विश्व में जोड़ा और जागृत किया है। इस दौरान महासचिव सुदामा प्रसाद सिन्हा, संयोजक अरविंद कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

अध्यक्ष के पटना लौटने के बाद तय होगा तख्तश्री कमेटी की बैठक की तिथि

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

महासचिव पटना में, मगर मीटिंग व एजेंडा पर बात नहीं, लक्खा भी लौटे

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के चुनाव को लेकर कमेटी का एक धड़ा गंभीर नहीं है। दरअसल कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह ने महासचिव इंद्रजीत सिंह को 30 अप्रैल और पांच जून को पत्र भेजकर आपात बैठक बुलाने के संबंध में पत्र लिखा था। इस मामले में महासचिव इंद्रजीत सिंह ने पटना आने के पूर्व अध्यक्ष को भेजे पत्र में कहा कि पटना पहुंच रहे हैं।

आपके साथ बैठक कर एजेंडे पर चर्चा कर तिथि की घोषणा होगी। महासचिव 20 जून को पटना पहुंच गए। इस दौरान कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह भी किशनगंज से पटना पहुंचे। एक-दो दौर की बातचीत हुई, मगर बैठक और एजेंडा को लेकर गंभीरता से बात नहीं हो पाई। इस दौरान बात किए जाने पर रविवार को अध्यक्ष श्री सोही ने बताया कि वह अपने कारोबार के सिलसिले में बिहार से बाहर हैं और एक-दो दिनों में पटना लौटने के बाद बैठक और एजेंडे के बारे में चर्चा कर तिथि का निर्धारण हो जाएगा। दूसरी ओर महासचिव इंद्रजीत सिंह का कहना है कि वह लगातार अस्वस्थ होकर अपने गृह जिला जमशेदपुर में इलाजरत थे। उन्हें वापस चिकित्सीय परामर्श के लिए भी जाना है। ऐसे में अध्यक्ष के मौजूद नहीं रहने और उनके वापस लौटने के बाद पीछे से फिर तीर चलाने का काम किया जा सकता है। मगर वह अध्यक्ष के आने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि कमेटी की अंतिम बैठक की जा सके। इसमें वर्तमान वित्तीय वर्ष का बजट प्रस्ताव भी पेश कर पास करना है। साथ ही कमेटी के चुनाव में एक साल खासा विलंब हो चुका है। मामला कोर्ट में भी विचाराधीन है। एक जुलाई को पटना उच्च न्यायालय में इसकी सुनवाई भी होनी है। दूसरी ओर सरदार इकबाल सिंह उर्फ लकी सिंह ने चुनाव को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां भी एक वाद दायर कर रखा है। उस पर भी सुनवाई होकर फैसला आना बाकी है। हालांकि कमेटी के सूत्र बताते हैं कि बैठक के एजेंडे को लेकर भी कमेटी के पदाधिकारियों के बीच विभेद कायम है। महासचिव धड़ा चाहता है कि कमेटी की होने वाली अंतिम बैठक में बजट पास करना, चुनाव को लेकर निर्णय लेना, कर्मचारियों व सेवादारों के लिए सर्विस रूल को लागू करना, ऐसे कुछ मुद्दे हैं। बैठक में फुटकर पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। अब सब कुछ एक-दो दिनों में अध्यक्ष के पटना लौटने और महासचिव के साथ बैठक होने के बाद ही मीटिंग और एजेंडे पर बात होगी। उसके बाद ही बैठक की तिथि घोषित हो सकेगा। मगर बड़ा सवाल यह है कि अध्यक्ष के द्वारा दो बार पत्र जारी कर आपात बैठक बुलाई जाने की बात कही गई। पटना में रह कर भी बैठक की तिथि और एजेंडा निर्धारित नहीं किया जाना आपात बैठक बुलाने पर प्रश्न खड़ा करता है। फिर कारोबार के सिलसिले में बिहार से बाहर चले जाने के बाद भी समय निकाल कर मोबाइल से बात कर भी निर्णय लिया जा सकता था या अपने गुट के कनीया उपाध्यक्ष व सहयोगी सदस्यों को इसके लिए जिम्मेदारी सौंप जा सकते थे।

महामारी से बचाव की कामना के साथ संपन्न शीतला पूजा संपन्न

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर में रविवार को नवमी तिथि पर मां भगवती शीतला की पूजा-अर्चना की गई। इसी के साथ तीन दिनों का सप्तमी से नवमी के बीच चलने वाला बस यार पूजा और मेला का समापन हो गया। मंदिर के पुजारी जयप्रकाश, अमरनाथ बबलू, मनोज श्रीमाली उर्फ छोटू पुजारी, पंकज पुजारी व सुनील पुजारी ने बताया कि मंदिर में बसियौरा मेला में पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालु की भीड़ उमड़ी थी। नवमी पूजन के साथ ही तीन दिनों के मेला का समाप्त हो गया। इस दौरान शहर व गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा करने को पहुंचे थे। मान्यता है कि आषाढ़ मास के सप्तमी, अष्टमी और नवमी को भगवती शीतला माता की पूजा करने से महामारी, रोग और व्याधि से मुक्ति मिलती है। यही कारण है कि लोग रतजगा कर पकवान बनाकर सुबह में शीतला माता की पूजा-अर्चना करने के बाद इसी वासी पकवान को प्रसाद रूप में ग्रहण करते हैं।

नई दिशा परिवार के तत्वावधान में संगोष्ठी-सह-सम्मान समारोह सम्पन्न

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। जन-चेतना एवं जन-शिक्षा पर केन्द्रित स्वयंसेवी संस्था नई दिशा परिवार के तत्वावधान में आज रविवार को राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस की पूर्व संध्या पर बिहार इण्डस्ट्रीज एसोसिएन के सभागार में संगोष्ठी-सह-सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। ख्यातिनाम चिकित्सक पद्मश्री डॉ० गोपाल प्रसाद सिन्हा ने समारोह की अध्यक्षता की जबकि कार्यक्रम का संचालन सचिव राजेश राज ने किया ।

समारोह का उद्घाटन बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने किया और कहा कि चिकित्सक धरती के भगवान है। इनका सदा सम्मान होना चाहिए। समारोह के मुख्य अतिथि सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि राष्ट्र के नवनिर्माण में चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। कोरोना काल में इन्होंने इसे साबित भी किया है। इस अवसर पर डॉ० दिवाकर तेजस्वी, कमलनयन श्रीवास्तव, राजेश बल्लभ, महापौर सीता साहू, उप महापौर, रेशमी चंद्रवंशी सहित अनेक वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में चिकित्सको की भूमिका विषयक संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त किए ।

अपने अध्यक्षीय भाषण में ख्यातिनाम चिकित्सक पद्मश्री डॉ० गोपाल प्रसाद सिन्हा ने नई दिशा परिवार के रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि यह संस्था निरंतर समाज सेवा के कार्यों में तल्लीन है। इस अवसर पर हेल्थ एक्सीलेंस एवार्ड- 2024 डॉ० रवि सिंह (मेदांता हॉस्पीटल, प्रेस) पद्मश्री डॉ० गोपाल प्रसाद सिन्हा (न्यूरो फिजिशियन), डॉ० पूजा (दंत चिकित्सक), डॉ० दिवाकर तेजस्वी, डॉ० कृष्ण मुरारी, डॉ० मनीष कुमार समस्तीपुर, डॉ० अनिल कुमार (नवादा), डॉ० पवन कुमार तिवारी (एनएमसीएच), डॉ० सी० के० तिवारी (वैशाली), डॉ० निखिल चौधरी (यूरोलोजिस्ट), डॉ० मनोज कुमार सदर अस्पताल, डॉ० (प्रो०) एस० के० कृष्णा, डॉ० कौशल कुमार, डॉ० अश्फाक अहमद, डॉ० शिवाजी कुमार, डॉ० एन० पी० प्रियदर्शी, डॉ० सुरुचि पाण्डेय (हृदय रोग विशेषज्ञ) को सम्मानित किया गया।

स्वास्थ्य जागरुकता प्रहरी सम्मान 2024 से कुमार पंकज, अभिषेक श्रीवास्तव, अनिता कुमारी, नील गौरव, रामानंद यादव, प्रभाकर श्रीवास्तव, राजेश कुमार टिल्लू, प्रेम कुमार, को शॉल, प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत राजेश बल्लभ ने तथा धन्यवाद ज्ञापन रितुराज ने किया इस अवसर पर मुकेश वर्मा, रवीन्द्र कुमार, उज्जवल राज, उजाला राज, सपना रानी, परितोष कुमार, नागेन्द्र पंडित, मोहित कुमार, अभिषेक श्रीवास्तव, रितु राज, निभु कुमारी, प्रिया, रचना, शालू, प्रियांशी, रौशन कुमार, अनुराज कुमार, कौशल कुमार आदि सक्रिय रहे।

भारत की संस्कृति, शौर्य व योग के साथ विभिन्न क्षेत्रों की पर पीएम मोदी ने मन की बात कही

पटना साहिब विस क्षेत्र के विभिन्न मंडलों में भाजपाइयों ने सुना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के मन की बात का 111वां एपिसोड खाजेकलां मंडल में रविवार को सुना गया। पीएम श्री मोदी ने अपने उद्बोधन में भारत की संस्कृति, शौर्य व योग के साथ विभिन्न क्षेत्रों की चर्चा की। विशेष रूप से होने वाले ओलंपिक खेलों में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन पर विशेष जोर दिए। कृषि क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर के किसानों को प्रोत्साहित करने का काम किया। आम चुनाव के बाद पीएम मोदी जी का यह पहला मन की बात का उद्बोधन था। मन की बात कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, पूर्व महानगर अध्यक्ष किरण शंकर, महानगर के महामंत्री विनय केसरी, मुरारी राय, मंडल अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, शंकर जायसवाल, अजय चौरसिया, राहुल पटेल, कंचन देवी, शिव यादव, रंजीत कुमार, संतोष जायसवाल, पवन यादव आदि उपस्थित थे। गायघाट मंडल में अध्यक्ष हरेंद्र चंद्रवंशी, गुंजन कुमार, नवीन कुमार सिन्हा, विश्वनाथ चौधरी, गोपाल कुमार, सीता सिन्हा, रामजी मेहता, चित्रगुप्त मंडल में अध्यक्ष अशोक भारती, सुदामा सिन्हा, अशोक केसरी, लड्डू चंद्रवंशी, अजय आजाद, पश्चिम द्वार मंडल में राजेश साह, विनय कुमार बिट्टू, ओमप्रकाश पासवान, शशिकांत शुक्ला, चौक मंडल में नवल किशोर सिन्हा, संजीव यादव, अमित कानोडिया, प्रदीप काश, अन्य मंडलों में चंद्र प्रकाश तारा, अवधेश सिन्हा, संजीव सिन्हा, रवि रौशन मेहता, शंकर मेहता आदि ने भी अलग-अलग मन की बात सुनी। टी-20 विश्व कप में भारतीय क्रिकेट टीम के सिरमौर बनने पर भी खुशी जताई और टीम इंडिया के सभी सदस्यों को बधाई दी गई।

किसानों की समृद्धि और आय में बढ़ोत्तरी के लिए सरकार कर रही काम : सम्राट

- किसानो का मन हमेश पवित्र होता है : विजय
- बीज और उर्वरक की कोई कमी नहीं : मंगल
- अनुदान के लिए किसानों को अब चक्कर नहीं लगाना पड़ता: प्रेम
- भ्रष्ट सीओ और कर्मचारियों पर 72 घंटों के अंदर होगी कार्रवाई: दिलीप

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार देश के किसानों की समृद्धि एवं आय में बढ़ोत्तरी हो इसके लिए निरंतर काम कर रही हैं ।बिहार में 88 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है । केन्द्र सरकार एवं बिहार सरकार किसानों के लिए अलग से कृषि फिडर लगा रही है । इस बार पूरे प्रदेश में दस हजार नल-कूप लगाने की स्वीकृति दी गयी है ।जलाशयों के निर्माण और पोखर के जीर्णोद्धार के लिए भी सरकार निरंतर काम कर रही है ।

उन्होंने कहा की बिहार में एफ पी ओ सेक्टर अभी काफी पीछे है ।बिहार में एफपीओ पर काम करने की जरूरत है ।एफ पी ओ के माध्यम से किसानों की परेशानी दूर होगी ।

सूबे के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि किसानों का मन हमेशा पवित्र होता है।किसान हम सबों का पेट भरता है। किसानों के दर्द को सरकार दूर करने की कोशिश करता है। कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि किसान भाईयों को जितनी उर्वरक और बीज की जरूरत होगी उतना मिलेगा। पहले किसानों को उर्वरक के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। अब सारी समस्याओं को दूर कर दिया गया है। बिहार में दलहन की उत्पादन कैसे बढ़े इसकी चिंता देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया है। बिहार को 6 लाख क्विन्टल दलहन उत्पादन का लक्ष्य दिया है ।इसके लिए बीज की उपलब्धता सुनिश्चित किया गया है। किसानों को सिंचाई में लागत कम हो बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए केन्द्र सरकार एवं बिहार सरकार समन्वय के साथ काम कर रही है।अपने संबोधन में बिहार के सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि पहले किसानों को अनुदान के लिए चक्कर लगाना पड़ता था। अब एक एप्प के माध्यम से आसान बनाया गया है। अब किसानों को कार्यालय की चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है।

बिहार सरकार के भू राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि भ्रष्ट सीओ और कर्मचारियों पर 72 घंटे के अंदर कार्रवाई होगी । विभाग को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है। मंच का संचालन प्रदेश महामंत्री नवीन कुमार ने किया।

इस बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर, शिवेश राम, किसान मोर्चा के प्रदेश उपध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, विजय यादव, अशोक वर्मा, बाबू लाल शौर्य, अमरेश कुमार, अमरेन्द्र ठाकुर शांडिल्य, हितेन्द्र ठाकुर, किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री दीपक कुमार, रमेश पासवान, शंकर ठाकुर, मीडिया प्रभारी कृष्णा कुमार गुप्ता उपस्थित रहे ।

सरकारी खजानों में डाका डालने वाले विशेष दर्जा पर नीतीश सरकार को नसीहत ना दें : उमेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि राजद अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए भ्रम फैलाने की राजनीति करती है। बिहार की तरक्की नीतीश सरकार की पहली प्राथमिकता रही है और बीते 19 वर्षों के शासनकाल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश के विकास को नया आयाम दिया है। श्री कुशवाहा ने कहा कि विशेष दर्जा के विषय पर नीतीश सरकार को राजद के नसीहत की आवश्यकता नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2004 में राजद अपने 24 सांसदों के साथ केंद्र की यूपीए सरकार में शामिल थी और राजद कोटे से कुल आठ केंद्रीय मंत्री बने थें। केंद्र सरकार में निर्णायक भूमिका होने के बावजूद भी राजद ने कभी बिहार के हितों की चिंता नहीं की। तत्कालीन सरकार में रेल मंत्री रहे लालू प्रसाद यादव द्वारा विशेष दर्जा के लिए कोई पहल नहीं किया।

श्री कुशवाहा ने कहा कि राजद ने सत्ता का प्रयोग केवल अपने परिवार के लोगों को राजनीति में आगे बढ़ाने और अवैध संपत्ति बनाने के लिए किया। बिहार के आर्थिक पिछड़ापन का प्रमुख कारण राजद के 15 साल का शासनकाल रहा है। सरकारी खजाने को लूटकर लालू परिवार ने बिहार को पीछे धकेलने का काम किया और आज वही लोग विशेष दर्जे के मुद्दे पर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिहार को विकसित और उन्नत राज्य बनाने के लिए पूरी ईमानदारी से अपना काम कर रही है। प्रदेश की जनता ने जिस आशा और उम्मीद के साथ लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को भरपूर समर्थन दिया है निश्चित ही हम उसे ससमय पूरा करने में कामयाब होंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार को बीमारू राज्य बनाने वालो के बहकावे में जनता नहीं आएगी।

हमारे सांस्कृतिक विरासत दुनिया में बढ़ा रहे भारत का मान : विजय

- संस्कृति के साफ्ट पवार से दुनिया में बढ़ रही भारत की ताकत
- जो काम युद्ध जीतकर न किया जा सका उसे भारत दिल जीतकर कर रहा है
- आयातित संस्कृति के अनुकरण के बजाय अपनाएं अपनी संस्कृति

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भारत की बहुरंगी संस्कृति का आज दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में सम्मान होना हम सब के लिए बड़े गौरव की बात है ।हमारी सांस्कृतिक विशेषताओं ने अपनी ह्यसॉफ्ट पवारह्ल के जरिए दुनिया के अलग हिस्सों में हमारे देश प्रति उत्सुकता के साथ विशेष सम्मान का भाव पैदा किया है । श्री सिन्हा ने आगे कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने ह्यमन की बातह्ल में बताया कि किस प्रकार कुवैत में आधे घंटे का साप्ताहिक कार्यक्रम हिंदी में प्रसारित किया जाता है ।तुर्कमेनिस्तान में वहां के राष्ट्रीय कवि के नाम आयोजित कार्यक्रम में हमारे गुरूदेव रवींद्रनाथ टैगोर की भी प्रतिमा का अनावरण किया गया है ।कई देशों में भारतीय विरासत के प्रति प्रेम दशार्ने के लिए लोकप्रिय आयोजन किये जाते हैं ।दुनिया के कई देशों में वहां के सबसे मशहूर प्रतीक स्थलों पर योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास किये गए ।सबसे बड़ी बात है कि ये तमाम पहल वहां की स्थानीय सरकारों ने किये ।यह दुनिया मे भारत की ह्यसांस्कृतिक पूंजीह्ल के बढ़ते महत्त्व को रेखांकित करता है । श्री सिन्हा ने कहा कि दुनियाभर में आज भारत को जो आदर और सम्मान मिल रहा है । उससे प्रेरणा लेकर हमें पर अपनी विरासत को अधिक से अधिक संरक्षित और संवर्द्धित करने का प्रयास करना चाहिए । क्योंकि हमारी प्राचीन संस्कृति में यह मान्यता रही है कि जो काम युद्ध जीत कर भी नहीं किये जा सकते उन्हें दिलों को जीत कर किया जा सकता है । हमारी संस्कृति और विरासत की संचित पूंजी दुनिया का दिल जीतने वाले उपकरण हैं । श्री सिन्हा ने कहा कि हमारे प्रदेश के पास भी सांस्कृतिक विरासत की समृद्ध परंपरा रही है । सनातन, बौद्ध, जैन, सिक्ख और सूफी मत से जुड़ी विरासत की पूंजी हमारे पास है । हजारों साल की शानदार साहित्यिक परंपरा हमारे यहां पली-बढ़ी है । बिहार लोकतंत्र से लेकर दर्शन, चिंतन और आध्यात्म का पालना रहा है ।हमारी सरकार प्रदेश की संस्कृति को देश और दुनिया तक पहुंचाने के लिए बहुआयामी प्रयास कर रही है । लेकिन हमें इस दिशा में व्यक्तिगत प्रयास भी करने होंगे । अपने निजी जीवन में भी अपनी संस्कृति और विरासत के प्रति सम्मान रखते हुए, आयातित संस्कृति के अनुकरण से खुद को और अपनी युवा पीढ़ी को बचाना होगा ।

पुल के रखरखाव की जांच रिपोर्ट को सरकार करे सार्वजनिक : राठौड़

- बारिश से पहले ही ढहने लगे पुल, जांच रिपोर्ट हो सार्वजनिक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बारिश से पूर्व ही बिहार में एक के बाद एक नौ पुलों के ध्वस्त होने पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा है कि इस तरीके से एनडीए सरकार में पुल टूट रहे हैं वो इस सरकार के विकास के नाम पर जो भ्रष्टाचार की गई है उसकी बानगी है। सरकार जनता को पुल के रखरखाव यदि सच में जनता के जान माल और कोष के प्रति ईमानदार है तो इन पुलों के रखरखाव संबंधी जांच रिपोर्ट को ऑनलाइन वेबसाइट पर डालने से बच क्यों रही है और यदि ठेकेदारों को इसका मेंटेंनेंस दिया गया है तो उनकी गिरफ्तारी क्यों नहीं की जा रही है? इससे साफ होता है कि सरकार के मिलीभगत से ऐसे टेंडर पास होते थे और अधिकारियों की कमीशनखोरी के कारण आम जनता के पैसों से बने ये पुल बिना बारिश या बाढ़ के ही ध्वस्त हो जा रहे हैं। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने राज्य सरकार को ध्वस्त और निमार्णाधीन पुलों के निर्माण में विसंगतियों की जांच में केवल खानापूर्ति का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य में यह कोई नई घटना नहीं है पिछले 11 दिनों में 9 पुल ध्वस्त हो गए और एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई जो यह स्पष्ट करता है कि सरकार के मिलीभगत से यह गोरखधंधा चलाया जा रहा है। एनडीए की सरकार पूरी तरीके से भ्रष्टाचार की पोषक बनकर राज्य को लूट रही है और विकास कार्य के नाम पर कमीशनखोरी करके घटिया किस्म की निर्माण की जा रही है।

पटना का श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर सभी जाति-वर्ग के सनातन कलमजीवियों का महाकुंभ स्थल होगा : चक्रपाणी महाराज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

अखिल भारतीय हिन्दु महासभा और संत महासभा के अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणी महाराज जी ने कहा कि पटना के श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर जिसकी अपनी एक अति प्राचीन परम्परा है, जिसमें नंद वश के महामात्य मुद्राराक्षस से होते हुए राजा टोडरमल तक और वर्तमान में जिस प्रकार डा आर के सिन्हा ने इसका सर्वांगीण विकास किया है, उससे न केवल बिहार बल्कि पूरे विश्व के सनातनधर्मी कायस्थों को श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर एक उपहार के रूप में मिला है। यह निश्चित रूप में आने वाले भविष्य में समस्त कायस्थों का महाकुंभ स्थली होगा। यह मंदिर अनेक एतिहासिक उतार चढ़ाव का साक्षी रहा है, यह अपने आप में एक सिद्ध स्थल है।

श्री स्वामी जी ने बोलते हुए कहा कि विश्व के सनातनधर्मी कायस्थ और सभी जाति-वर्ग के सनातन कलमजीवी श्री आर के सिन्हा का ऋणी रहेगा जिन्होंने इस मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा एवं निर्माण हेतु अपने भौतिक संसाधनों का पूरी तरह से भगवान चित्रगुप्त के चरणों में अर्पित कर दिया। यह एक प्रेरणादायी स्थल है जो समस्त सनाधन हिन्दुओं के लिए आदर्श होगा, जो धर्म परिवर्तन कर क्रिष्चियन, पारसी, मुसलमान आदि धर्म अपनाते हैं और स्वधर्म का परित्याग कर देते हैं।

डा आर के सिन्हा जी ने भगवान की प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर पुर्ननिर्माण के लिए वर्ष 2006 में अपने सम्पूर्ण करोड़ों की सम्पत्ति को समर्पित करके इस मंदिर को बचाया । आज पटना के समस्त मंदिर समिति के सदस्य उनके नेतृत्व में सुचारू रूप में कार्य कर रहे और मंदिर का उत्थान हो रहा है। भगवान चित्रगुप्त की कृपा से आर के सिन्हा जी ने 2008 में 300 करोड़ की जो सम्पत्ति गिरवी रख दिया था, वह अब 12 हजार करोड़ हो गया है। ऐसे महान व्यक्तित्व और धर्मनिष्ठ व्यक्ति का त्याग युगों-युगों तक याद किया जायेगा। जैसे भगवान शिव के भक्त हुए बैद्यनाथ जिन्होंने अपना तन, मन, धर्म भगवान की भक्ति कर सब कुछ न्योछावर कर दिया जिनके नाम से आज बैद्यनाथ धाम है। ऐसे ही श्री आर के सिन्हा जी ने इस प्राचीन मंदिर का पुर्ननिर्माण कर भगवान चित्रगुप्त की भक्ति की मिशाल कायम की है जो आने वाले युगों-युगों में याद किया जायेगा। अन्त में स्वामी जी ने कहा कि जो कलम दावात की पूजा करने वाले वर्ष में यमद्वितिया के दिन भगवान की पूजा कर इतिश्री कर लेते थे उसे श्री आरके सिन्हा जी ने हर महीने संगत-पंगत के माध्यम से पूरे विश्व में जोड़ा और जागृत किया है। अपनी संस्कृति धर्म और समाज को जोड़ने का काम किया है, यह निश्चित रूप में भौतिक जगत और अध्यात्म स्तर पर समाज को उठाने में मिल का पत्थर साबित होगा।

स्वामी जी ने मंदिर समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों को धन्यवाद किया और मंगल कामना एवं आशीर्वाद दिया। इसी प्रकार पूरे विश्व में श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर जैसा कार्य हो और समाज का उत्थान हो।

बिहार में कानून का राज और सुशासन : सम्राट

किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाता

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में एक दौर ऐसा भी था जब सीएम हाउस से संगठित अपराध का संचालन होता था। आज बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में भाजपा-जदयू की यानी एनडीए की जो सरकार चल रही है, उसमें कानून का राज और सुशासन है। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाता है, बल्कि कानून के तहत सभी पर कार्रवाई हो रही है।

श्री चौधरी ने कहा कि आपातकाल के आंदोलनकारी लालू प्रसाद आज कांग्रेस की गोद में खेल रहे हैं। उम्र ज्यादा होने से बहुत सी बातें अब उन्हें याद नहीं है। यही लालू प्रसाद हैं जिन्होंने आपातकाल में मीसा के तहत बंदी होने के कारण अपनी बेटी का नाम मीसा रखा। आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक ऐसा बदनुमा दाग है जिसके तहत तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने पूरे देश को जेलखाना में तब्दील कर दिया था। मन की बात कार्यक्रम के 111 वें एपिसोड सुनने के बाद श्री चौधरी ने कहा कि पीएम भारत को श्रेष्ठ बना रहे हैं। विकसित भारत के संकल्प के साथ पीएम देश को आगे बढ़ा रहे हैं। आज के एपिसोड में उन्होंने स्वाधीनता संग्राम और 1857 के संग्राम में सिद्धू-कान्हू सहित अन्य बलिदानियों के योग्यदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और 2047 तक देश विकसित हो कर रहेगा।

पूर्व मंत्री के पत्नी के निधन पर राजद में शोक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार सरकार के पूर्व मंत्री वृषण पटेल के पत्नी का निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। आज हीं शाम उनका अन्तिम संस्कार पटना के गुल्वी घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र आशीष पटेल ने दिया। निधन की खबर सुनकर बड़ी संख्या में लोग उनके पटना स्थित राजेन्द्र नगर आवास पर पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानन्द तिवारी, उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, बिनु यादव,भोला यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ तनवीर हसन , प्रदेश के प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन, प्रदेश महासचिव बल्ली यादव, संजय यादव, मदन शर्मा, फैयाज आलम कमाल, प्रमोद राम, निर्भय अम्बेडकर, ई अशोक यादव,भाई अरुण, मुकुंद सिंह, कुमार राहुल सिंह, देवकिशुन ठाकुर सहित राजद के अन्य नेताओं ने उनके निधन पर शोक-संवेदना व्यक्त किया है।

उद्योग विभाग का कोलकाता में इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन आज से

- पर्यटन और आईटी विभाग भी करेगा भागीदारी

पटना। बिहार सरकार के उद्योग विभाग द्वारा 11 एवं 12 दिसंबर को बिहार बिजनेस कनेक्ट का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पर्यटन और आईटी विभाग भी भागीदारी कर रहा है। इसकी तैयारियों को विभाग द्वारा पूरा कर लिया गया है। उद्योग विभाग द्वारा राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए अलग-अलग शहरों में निवेशकों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। इसी कड़ी में उद्योग विभाग 1 जुलाई 2024 को कोलकाता में पहला बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024, इन्वेस्टर्स मीट आयोजित करने जा रहा है। बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 की सफलता के लिए बिहार सरकार इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) के सहयोग से 1 जुलाई 2024 को कोलकाता में निवेशकों की बैठक बुलाई गयी है। इस बैठक में उद्योग एवं पर्यटन विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौन्ड्रिक, पर्यटन तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय कुमार3 सिंह, इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के महानिदेशक डॉ राजीव सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कोलकाता इंवेस्टर्स मीट में उद्योग विभाग लेदर व टेक्सटाइल सेक्टर सहित रेडिमेड गारमेंट के क्षेत्र में काम कर रहे बड़े उद्यमियों के साथ विमर्श करेगा। साथ ही पर्यटन तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग की नीतियों से भी अवगत कराया जाएगा तथा निवेशकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस दौरान बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 के बारे में भी विस्तार से जानकारी साझा की जाएगी।

बिहार में चल रही अपराधियों की मनमर्जी : तेजस्वी

- नेता प्रतिपक्ष ने जारी किया क्राइम बुलेटिन
- बोले-जब चाहे जिसे चाहे मार दे रहे गोली

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार में अपराध को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव लगातार राज्य सरकार पर निशाना साधा है। इसको लेकर उन्होंने क्राइम बुलेटिन जारी किया है। 30 जून का बुलेटिन जारी करते हुए उन्होंने बताया की बिहार में अपराधियों का तांडव जारी है। सासाराम थाने से मीटर दूर जिम संचालक की ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या। गोपालगंज में मां के सामने बेटे की गोली मारकर हत्या। मधुबनी में दबंगों ने पीट-पीटकर ले ली महिला की जान। मधुबनी में मजदूरी माँगने पर महिला की सर पर वार कर हत्या। बांका जिले के चांदन प्रखंड में महिला की पत्थर से कुचलकर हत्या। जमुई में साल के बच्चे की हत्या। अरवल में चोरों ने तीन शोरूम को लूटे, लाखों की संपत्ति ले भागे। वैशाली में बिजली विभाग के ठेकेदार की गोली मारकर हत्या। गोपालगंज में लाख रंगदारी नहीं देने पर शख़्स की गोली मार हत्या।

वहीं कहा की जून को वैशाली में लक्ष्मण चौक के पास युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। मधुबनी में नाबालिग के साथ दुष्कर्म। गया में घर में घुसकर अपराधियों ने वर्षीय महिला की गला रेत हत्या की। जमुई में युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। पटना में अपराधियों ने गोली मार दिनदहाड़े लाख लूटे। वहीं कहा की जून को नालंदा में युवक की हत्या कर शव को कुएँ में फेंक दिया गया। मुजफ्फरपुर में भाजपा के पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा की बहू ने एक महिला पर फायरिंग कर करवाया जानलेवा हमला। गोपालगंज में राजद नेता के भाई को बदमाशों ने मारी गोली। पटना में बेखौफ सरकारी बदमाशों ने कारोबारी को पहले स्कूटी में टक्कर मारकर गिराया, फिर कारोबारी को आरओबी से नीचे फेंका, व्यापारी की मौत। मोतिहारी में बदमाशों ने कोचिंग में घुस महादलित छात्राओं के साथ की छेड़खानी, लड़कियों को बेरहमी से पीटा। मुजफ्फरपुर में बदमाशों ने कारोबारी को मारी गोली। जमुई में डबल मर्डर से सनसनी, महिला और उसके साल के इकलौते मासूम बेटे की हत्या। सासाराम में बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस जवान को मारी गोली। बदमाशों ने गोली मारकर की वार्ड सदस्य के पति की हत्या। दुल्हिन बाजार में बच्चे की गला घोंट कर हत्या। पिस्टल के बल पर एटीएम छीनकर लाख का लगाया चूना।

तेजस्वी ने कहा की प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, दो-दो बड़ बोले उपमुख्यमंत्री एवं दलों वाले एनडीए के सौजन्य से बिहार में सरकारी अपराधी पूर्ण मौज में मनमर्जी से जब चाहे, जहां चाहे, जैसे चाहे किसी को भी गोली और चाकू मार हत्या कर दे रहे है। कहा की छात्र-शिक्षक, कर्मचारी-व्यापारी, किसान-मजदूर, महिला-पुरुष, बच्चे-बुजुर्ग कोई भी कहीं भी सुरक्षित नहीं है। दिन की इन घटनाओं पर सरकार में कोई भी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

रालोमो ने मनाई महान किशान पटनायक की जयंती

पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रदेश कैम्प कार्यालय में देश के प्रख्यात समाजवादी चिंतक, लेखक व पूर्व सांसद स्व किशन पटनायक की 94 वीं जयंती समारोह मनाई गई सभी नेताओं ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रधांजलि अर्पित की इस अवसर पर आयोजित जयंती समारोह को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा ने कहा कि स्व किशन पटनायक महान समाजवादी नेता डा राम मनोहर लोहिया व लोकनायक जय प्रकाश नारायण के अभिन्न सहयोगी थे जिन्होंने समाजवाद को पुरे देश में छात्र युवाओं के जीवन में उतारो स्व किशन पटनायक का जन्म 30 जून 1930 को ओडिसा के कालाहांडी में हुआ था वे संबलपुर लोक सभा क्षेत्र से सांसद बने थे उन दिनों वे सबसे कम उम्र के सांसद चुने गए थे विकल्पहीन नहीं है दुनिया इनकी लिखित पुस्तक पूरे देश में चर्चित हुई है श्री सिन्हा ने बताया कि किशन जी ने ही 1966 में देश के संसदीय इतिहास में पहली बार भूख से मौत के सवाल पर एक ही महीने में दो बार 30 मार्च व 29 अप्रैल 1966 को आधी अधूरी बहस चलाई और सदन से निष्काषित किए गए थे उनके प्रयास का प्रबल विरोध कांग्रेसी सरकार ने की थी इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अंगद कुशवाहा, प्रदेश प्रवक्ता ई हेमन्त कुमार, ब्रजेन्द्र कुमार पप्पू, राहुल कुमार, नितिन भारती, नेहाल अख्तर, महानगर अध्यक्ष खुर्शीद अहमद, मिडिया प्रभारी भोला शर्मा, अनिल यादव, गुड्डू वर्मा, सौरभ सागर, विनोद कुमार पप्पू, आशिक आलम मौजूद थे ।

नगर आयुक्त, पदाधिकारी एवं पार्षदों के साथ वार्डों में निरीक्षण कर सुनिश्चित की गई जलनिकासी

सभी वार्डो से सुनिश्चित की जा रही जलनिकासी

- आमजन से अपील जल निकासी की समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर 155304 एवं व्हाट्सएप चैट बोट 9264447449 पर करें संपर्क

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना नगर निगम द्वारा शहर को जलजमाव मुक्त रखने के लिए युद्ध स्तर पर टीम लगी हुई है। रविवार को नगर आयुक्त द्वारा गांधी मैदान गेट नंबर तीन एवं बांकीपुर नाले का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेट्रो के प्रतिनिधियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बता दें पटना नगर निगम की टीम देर रात में भी जल निकासी सुनिश्चित करती है। देर रात्रि में भी पटना नगर निगम की टीम सभी वार्डों में घूम कर जल निकासी सुनिश्चित करवा रही है ।शनिवार को देर रात में भी नगर आयुक्त के साथ नगर निगम के पदाधिकारी गण माननीय पार्षद भी अपने इलाके में घूम कर जलनिकासी सुनिश्चित करवाया गया।

रात्रि में भी कंट्रोल रूम में रह रहे पदाधिकारी :

मानसून के दौरान पटना नगर निगम के पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कंट्रोल रूम एवं वार्डों में रात्रि में भी की गई है। जिससे टीम 24 घंटे अलर्ट रहे एवं वाटर लेवल की मॉनिटरिंग लगातार की जा सके।

संप हाउस पर इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से भी की जा रही है मॉनिटरिंग। पटना नगर निगम द्वारा कंट्रोल रूम और इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के माध्यम से सभी संप हाउस पर लगे सीसीटीवी कैमरे कनेक्ट हैं जिनकी मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके साथ ही वॉकी-टॉकी द्वारा लगातार वाटर लेवल की निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही संप हाउस पर कर्मियो के उपस्थिति की जांच भी लगातार जा रही है। गौरतलब है कि संप हाउस पर भी तीन पालियों में ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति की गई है।

आम जनों से अपील जल जमाव की करें शिकायत, 2 घंटे में होगा निष्पादन :

पटना नगर निगम की टीम पूरे शहर में अलर्ट है ऐसे में *आम जनों से भी अपील की जाती है कि उन्हें अगर जल जमाव की कोई समस्या है तो तुरंत नगर निगम के व्हाट्सएप चैट बॉक्स 9264447449 एवं हेल्पलाइन नंबर 155304 पर संपर्क करें। जलजमाव की समस्या का 2 घंटे में निष्पादन किया जाएगा।

वाट्सअप चैटबोट से सीधे कर सकते है जलजमाव की शिकायत : पटना नगर निगम द्वारा आमजनों के लिए वाट्सअप चैटबोट की सुविधा दी गई है। आमजन पटना नगर निगम एक नंबर 9264447449 पर हाय मैसेज के जरीए अपनी शिकायत नगर निगम तक पहुंचा सकते है।आमजन चैटबॉट का कैसे करें इस्तेमाल। आमजन अपने व्हाट्सएप नंबर से 9264447449 पर सिर्फ हाय लिखेंगे।

हाय लिखने के साथ ही पसंदीदा भाषा चुनने का विकल्प सामने आता है।*

भाषा का चुनाव करने के साथ ही सेवाओं की सूची खुलती है। रजिस्टर कंप्लेंट, कूड़ा गाड़ी का लोकेशन देखें, पे योर प्रॉपर्टी टैक्स, नजदीकी छठ घाट।

शिकायतों के प्रकार में : कूड़े का ढेर, स्ट्रीट लाइट, पानी लीकेज, खुले मैनहोल

जल जमाव का ऑप्शन सेलेक्ट करने के बाद उनकी सर्विस का कम्प्लेन रजिस्टर होगा।सेवा का लाभ प्राप्त करने के लिए आमजनों को अपना लोकेशन साझा करना होगा। जिसके बाद आमजनों को तस्वीर साझा करनी होंगी। तस्वीर शेयर करने के बाद आमजनों को सुविधा देते हुए जलनिकासी की समस्या को दूर करने वाले संबंधित पदाधिकारी/कर्मचारी का नाम और नंबर शेयर किया जाता है। आमजन की शिकायत सीधे सबंधित वार्ड के इंस्पेक्टर को मिलेगा। दो घंटे के अंदर जलजमाव की समस्या को दूर किया जायेगा।

क्यूआरटी द्वारा जलजमाव की समस्याओं का निष्पादन :

पटना नगर निगम के सभी 75 वार्डों को 19 जोन में बांटा गया है। सभी जोन के लिए एक क्युआरटी दी गई है जो उस इलाके के जलनिकासी की व्यवस्था को सुनिश्चित करेंगे। सभी जोन के लिए जोनल की भी प्रतिनियुक्ति पटना नगर निगम द्वारा की गई है। जिनके जिम्मे सभी वार्डों की जवाबदेही है।

भाजपा कार्यालय में उप मुख्यमंत्री ने अन्य नेताओं के साथ सुना प्रधानमंत्री के मन की बात

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम मन की बात को रविवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत तमाम नेता और कार्यकताओं ने बैठकर सुना। भाजपा कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम को सुनने वालों में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी के अलावा विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मंत्री प्रेम कुमार, रेणु कुमारी, विधायक संजीव चौरसिया, सभी महामन्त्री,उपाध्यक्ष, मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा, कार्यालय मंत्री प्रवीण चंद्र पटेल , किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह सहित प्रदेश के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

कार्यक्रम के बाद उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में बढ़ते समृद्ध भारत की चर्चा की तथा विकसित भारत बनाने के संकल्प को दोहराया। प्रधानमंत्री जी ने मन की बात में बिहार से जो अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई और आंदोलन शुरू हुआ उस पर भी चर्चा की और लोगों को बताया।

उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री 4 महीने बाद फिर से मन की बात की। उन्होंने मन की बात में बताया कि 1857 से पहले भी बिहार के सिद्धो कान्हो ने कैसे अंग्रेजों से लड़ाई की। उन्होंने देश से आह्वान किया कि एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं। इस दौरान लोगों के पौधा लगाने के उत्साह को देखकर प्रसन्नता भी व्यक्त की।

पत्रकारों से चर्चा के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने जदयू के राज्यसभा साँसद संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर कहा कि मैं उन्हें फिर से बधाई देता हूं। मैं चाहूंगा कि उनके नेतृत्व जदयू और भाजपा के बीच अच्छा रिश्ता कायम हो और एनडीए मजबूत हो। हमलोग मिल कर राज्य को और भी समृद्ध बनाएँगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में एनडीए की सरकार चल रही है और अच्छा काम हो रहा है। संजय झा भी इसका प्रयास जारी रखेंगे।

न्यू पटना क्लब में सम्पन्न हुआ वार्षिक लॉन टेनिस टूनार्मेंट

पटना। न्यू पटना क्लब में वार्षिक लॉन टेनिस टूनार्मेंट संपन्न हुआ। यह टूनार्मेंट में 8 साल के बच्चों सहित 60 साल के लोगों के बीच अलग अलग एज ग्रुप में किया गया। टूनार्मेंट लड़कों एवं लड़कियों के बीच अलग ग्रुप में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में अभिभावकगण भी मौजूद थे। प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बिस्कोमान के उपाध्यक्ष गोपाल गिरी, क्लब के संयुक्त सचिव रोहित सिंह, एवं कोषाध्यक्ष राम लाल खेतान द्वारा किया गया। संयुक्त सचिव रोहित सिंह ने बताया कि आने वाले समय में इंटर क्लब लॉन टेनिस टूनार्मेंट का आयोजन किया जायेगा जिसमें ट्रॉफी के अलावा प्राइज मनी भी दिया जाएगा। इस टूनार्मेंट में पटना के सभी खिलाड़ी भाग ले सकेंगे और ये विभिन्न वर्गों में पुरुष और महिलाओं के लिए होगा। सिंह ने बताया कि न्यू पटना क्लब में लॉन टेनिस के अलावा बिलियर्ड , स्नूकर और तैराकी की भी सुविधा है।

संक्षिप्त खबरें

भूमि विवाद से जुड़े एक दर्जन मामलों की थाना दिवस पर हुई सुनवाई

मधुबनी बिस्फी थाना परिसर में शनिवार को जमीन संबंधित समस्याओं को लेकर अंचलाधिकारी नीलेश कुमार और थानाध्यक्ष अविनाश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया, इसमें मुख्य रूप से जमीन संबंधित विवादों से जुड़ी सुनवाई की गई। जो जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े लगभग एक दर्जन आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान बिस्फी थाना क्षेत्र के कई पंचायत से भूमि एवं राजस्व से संबंधित मामले आए। जिसमें से कई मामलों का निष्पादन दोनों पक्षों की सहमति से कर दिये गए।

लद्दाख में हुये सैनिकों के हताहत पर सांसद ने जताया दुःख

दरभंगा(आससे)।देश की सीमा से लेकर आंतरिक सुरक्षा में लगे सैन्यबल हर देशवासियों के लिए गौरव होते हैं। सैनिकों की तत्परता और जागरूकता के। कारण ही हमलोग सुरक्षित रहते हैं इस परिस्थिति में किसी सैनिकों के निधन की खबर मिलते ही मन द्रवित हो जाता है। लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान हताहत हुए सैनिको के निधन से आज पूरा देश मर्माहत है। शहीद सैनिकों को आज देश बोझिल मन से नमन करता है। सांसद डा ठाकुर ने सैनीको के हताहत होने की घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा की देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के सैन्यबलो के मान सम्मान के लिए सदैव चिन्तित रहते हैं और आज की घटना निश्चित ही देश को झकझोरने बाला है और हताहत होने वाले सैनिकों के निधन की घटना की भरपाई संभव नहीं है।

किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जायेगा : अश्वनी यादव

दरभंगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय पटना में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा प्रदेशस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक उपमुख्यमंत्री द्वय सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय,भुमि सुधार एवं राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल, सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह एवं प्रदेश पदाधिकारी शामिल हुए। जिसमें किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता अश्वनी यादव भी शामिल हुए। बैठक में किसानों के हितों की सुरक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए चर्चा की गई। बैठक में अश्वनी यादव ने किसानों को होने वाले समस्या को बिहार के कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय एवं राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल को अवगत कराया। वहीं माननीय मंत्री जी ने किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता देने और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का वादा किया। वहीं भुमि सुधार एवं राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि भुमि सम्बंधित समस्या के त्वरित समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे है।

जनकवि बाबा नागार्जुन का 114 वा जयंती मनी तरौनी में

बेनीपुर(दरभंगा)। जनकवि बाबा वैद्यनाथ मिश्र यात्री नागार्जुन का पैतृक गांव तरौनी में 114 वा राजकीय समारोह के साथ रविवार को जयंती मनाया गया। तरौनी गांव स्थित नागार्जुन पुस्तकालय परिसर में बाबा की प्रतिमा पर विधायक सह जदयू प्रदेश प्रवक्ता प्रोफेसर विनय कुमार चौधरी अजय ने माल्यार्पण कर नमन किया। समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण अगर जमीन उपलब्ध कराएंगे तो उस जगह पर बाबा के नाम पर कम्युनिटी हॉल बना देंगे। उसमें प्रत्येक वर्ष बाबा का जयंती मनाने में काफी सुविधा होगा। विधायक ने कहा कि बाबा की जयंती तिथि को लेकर उत्पन्न भ्रम को विश्वसनीय जानकारी मिलने पर दूर करेंगे। सरकार ने 30 जून को बाबा का जन्मोत्सव मानकर जयंती मनाया जा रहा है। इसी बीच बाबा के छोटे पुत्र श्यामा कांत मिश्रा बौआ ने कहा कि गूगल पर सर्च करेंगे तो मेरे पिता बाबा नागार्जुन की जन्म 1911 को जेस्ट पूर्णिमा अंग्रेजी तारीख 11 जून निर्धारित है।राज्य सरकार को फिर भी भ्रम है तो मेरे परिवार के लोगों से जानकारी लेना चाहिए। देश-विदेश में नागार्जुन की जयंती तारीख 11 जून को ही अधिकांश लोग मानते हैं। झमाझम बारिश के बीच एसडीएम शंभू नाथ झा, वीडियो प्रवीण कुमार, सीओ अश्विनी कुमार, प्रखंड प्रमुख, मुखिया श्याम चंद्र साहू, पंचायत समिति सदस्य योगेंद्र यादव, ग्रामीण सत्य वर्षीय महादेव झा, लक्ष्मण झा सरदार, अशोक झा, सिद्ध नाथ झा, अंकू दीदी, हीरालाल मंडल ,चंचल यादव आदि ने पुष्पांजलि बाबा के प्रतिमा पर अर्पित किया मंच संचालन संतोष मिश्रा ने किया।

ट्रक की ठोकर से बच्चे की मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

प्रातः किरण संवाददाता

मनीगाछी(दरभंगा)।सकरी।रौड़ा पी डब्लू डी मुख्य सड़क के बीच राघोपुर गांव में सिमेंट लदे ट्रक की ठोकर से ढ़ाई वर्ष के बच्चे की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना रविवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे की है। ट्रक चालक दरभंगा स्थित बेला रैक प्वाइंट से सिमेंट लेकर सकरी होते हुए बेनीपुर प्रखंड के नवादा गांव जा रहा था। बताया जाता है कि राघोपुर पेट्रोल पंप से महज तीस चालीस मीटर दक्षिण सड़क के पश्चिम किनारे वसे निवास मंडल का यह ढ़ाई वर्षीय अबोध बालक सूरज मंडल घर से निकलकर अचानक सड़क पर चला गया। सड़क किनारे खड़े लोग जबतक बच्चे को बचाते तबतक तेज गति से आ रहे बीआर21जी6362 नम्बर की ट्रक ने ठोकर मार दी। जिसके कारण उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। ठोकर मारने के बाद ट्रक चालक गाड़ी को तेज गति में लेकर भागने लगा। जिसे लोगों ने पीछा कर नेहरा हाट चौक के पास पकड़ लिया।इस दौरान ट्रक चालक सुरज कुमार भागने में सफल रहा जबकि खलासी समस्तीपुर जिला के विद्यापतिधाम गाँव निवासी उपेन्द्र ठाकुर के पुत्र सन्नी ठाकुर आक्रोशित लोगों के हत्थे चढ़ गया और लोगों के कोपभाजन का शिकार बन गए। मौके पर पहुंची नेहरा थाना की पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेकर उसकी जान बचाई।इस घटना से आक्रोशित लोगों ने राघोपुर गांव में पेट्रोल पंप के निकट सड़क को जाम कर आवागमन पूरी तरह बाधित कर दिया। सड़क जाम साढ़े सात बजे से साढ़े नौ बजे तक रहा।घटना की जानकारी पाकर एस डी पी ओ बेनीपुर आशुतोष कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर बहेड़ा राज कुमार मंडल तथा मनीगाछी थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, बाजितपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार, नेहरा के प्रभारी थानाध्यक्ष शिव कुमार राम के साथ ही बहेड़ा थाना पुलिस एवं बी डी ओ अनुपम कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच कर आक्रोशित लोगों से सार्थक बातचीत की। बी डी ओ के लिखित आश्वासन के बाद जाम को समाप्त कर आवागमन चालू करवाया जा सका।बातचीत के दौरान बी डी ओ अनुपम कुमार ने पीड़ित परिवार को 4 लाख की अनुग्रह अनुदान राशि, ट्रक मालिक से इंश्योरेंस राशि, पारिवारिक राशनकार्ड तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का लिखित आश्वासन दिया।बी डी ओ के लिखित आश्वासन के बाद लोगों ने जाम हटाया और पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डी एम सी एच भेज दिया। इस संबंध में नेहरा थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष शिव कुमार राम ने बताया कि ट्रक एवं खलासी पुलिस अभिरक्षा में है और आगे की प्रक्रिया की जा रही है।अपने एक मात्र अबोध बेटे की मौत से जहां निवास मंडल का रो रो कर बुरा हाल हो गया है वहीं मृतक की मां रेणु देवी बेहोश बनी हुई है। रविवार की मनहूस सुबह ने परिवार के दीपक को बुझाकर परिवार में अंधेरा पसार दिया है। बताया जाता है कि मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करनेवाले निवास मंडल को एक पुत्री ऋतु कुमारी पांच वर्ष एवं एक ढ़ाई वर्ष का पुत्र सूरज मंडल था। एक मात्र पुत्र की मौत से निवास मंडल एवं उनकी पत्नी बेहोश बना हुआ है।

रोजगार मेले में 1253 युवक, युवतियों ने कराया निबंधन

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के साहेबगंज प्रखण्ड के रामपुर उच्च विद्यालय के क्रीड़ा मैदान में जीविका के प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन ईकाई, साहेबगंज द्वारा रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजना किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जीविका की ज़िला परियोजना प्रबंधक अनिशा, निदेशक आरसेटी कल्याणी झा, जीविका के ज़िला से आये हुए प्रबंधक सोमनाथ ,संचार प्रबंधक राजीव रंजन, मसरूर अहमद, शोभा शाह, प्रखंड परियोजना प्रबंधक दिलीप कुमार, विशाल कुमार, अजय कुमार इत्यादि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर के किए। मौके पर जीविका के संकुल संघ की निदेशक मंडल की सदस्य भी उपस्थित थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज़िला परियोजना प्रबंधक ने जीविका के प्रखंड टीम का इस आयोजन के किए सराहना किया एवं युवाओं को कार्यक्रम से रोजगार प्राप्त करने का आग्रह भी किया। ज़िला रोजगार प्रबंधक ने कार्यक्रम के अन्तर्गत भाग लेने वाली संस्थाओं के बारे में एवं उनमें उपलब्ध रोजगार के अवसर के बारे में विस्तार से बताया एवं युवक युवतियों एवं अभिभावकों से निःशुल्क मिल रहे रोजगार के अवसर का लाभ लेने का आग्रह भी किया। अंत में प्रखंड परियोजना प्रबंधक दिलीप कुमार ने सभी अतिथियों, नियोक्ता संस्था के प्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापन दिया। मेले में देश की 14 नियोक्ता संस्थाओं ने भाग लिया। कुल 1253 युवक युवतियों ने रोजगार एवं रोजगार परक प्रशिक्षण हेतु अपना-अपना निबंधन करवाया।

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा सीए रन आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।आईसीएआई के 75 वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने हेतु विश्वव्यापी सीए रन के आयोजन की कड़ी का मुजफ्फरपुर जिला शाखा द्वारा सफल आयोजन।हमारा संकल्प और सक्रिय भागीदारी को जमीन पर उतारने हेतु लिए आज ह्वविकसित भारत के लिए सीए रनह्व थीम के तहत मुजफ्फरपुर क्लब से शुरू होकर सरैयागंज टावर, छाता बाजार, गरीब नाथ मन्दिर, साहु मन्दिर, कल्याणी, जवाहरलाल रोड, नवयुवक समिति, सूत्तापट्टी, समाहरणालय, भारत माता नमन स्थल पार्क होते हुए मुजफ्फरपुर क्लब में संगोष्ठी कर सम्पन्न हुआ, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुजफ्फरपुर की महापौर निर्मला साहू शामिल होकर इस कार्यक्रम के स्वरूप एवं सफल आयोजन पर बधाई दिए एवं सीए संस्थान के समाज में योगदान को सराहनीय बताते हुए आगे हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिए। साथ ही भारतीय क्रिकेट टीम के ळ20 विश्व चैंपियन बनने पर पूरे टीम, कोच, सपोर्ट स्टाफ सहित पूरे भारतवासी को इस जीत पर बधाई देकर जश्न मनाया गया। कार्यक्रम में संस्थान के मुजफ्फरपुर जिला शाखा के अध्यक्ष सीए गोपाल प्रसाद तुलस्यान, सचिव सीए शशि भूषण कुमार, कोषाध्यक्ष सीए राकेश कुमार सिन्हा, सिकासा अध्यक्ष सीए मनीष चावड़ा,एमसीएम सीए अंकित अग्रवाल, सीए नितिन बंसल, सीए राहुल आनंद, सीए कंचन बंसल, सीए शिल्पी केजरीवाल, सीए श्रेया रानी, सीए लावण्या जैन, सीए रजनीश कुमार, सीए अंकित हिसारिया, सीए वकार आजम, सीए पंकज कुमार, सीए सुरज अग्रवाल, सीए आकाश बंका, सहित सैकड़ों सीए एवं सीए के छात्र इस कार्यक्रम में शामिल होकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने का संकल्प लिए।

मानवाधिकार अधिवक्ता के जीवन पर बने गीत का हुआ लोकार्पण

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस. के. झा के जीवन पर बने गीत का लोकार्पण शनिवार को बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग के निबंधक, अवकाश प्राप्त न्यायाधीश शैलेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा सिविल कोर्ट कैंपस स्थित एडवोकेट्स एसोसिएशन में किया गया। लोकार्पण समरोह में बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग के निबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह बतौर अतिविशिष्ट अतिथि आमंत्रित थे। उन्होंने गीत को लोकर्पित करते हुए कहा कि मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा मानवाधिकार के सजग प्रहरी है। मानवाधिकार के क्षेत्र में इनके द्वारा अबतक जो भी कार्य किए गये हैं, वह काफी सराहनीय हैं। मानवाधिकार के क्षेत्र में इनके द्वारा एक स्वर्णिम इतिहास रचा गया है। अबतक इन्होंने जो भी कार्य किए हैं, वे सभी काफी जनोपयोगी हैं। उन्होंने अधिवक्ता एस. के. झा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रामशरण सिंह ने कहा कि अधिवक्ता एस. के. झा हमारे संघ के संपत्ति है और हमलोग हमेशा इनके साथ हैं। अधिवक्ता एस. के.झा ने अपने कार्य और मेहनत के बदौलत जो स्वर्णिम इतिहास बनाया है, वह युगों-युगों तक याद रखा जायेगा। वहीं एसोसिएशन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार लाल ने कहा कि एस. के. झा हमारे संघ के धरोहर हैं और हम सब के अनमोल रतन हैं। हमलोग हमेशा इनके साथ हैं। वरीय अधिवक्ता विजय कुमार शाही ने कहा कि पुरे बिहार में मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा का नाम लोग काफी आदर और सम्मान के साथ लेते हैं। इनके द्वारा शोषितों, वंचितों के लिए जो आवाज उठाया जाता है, वह काबिल-ए-तारीफ है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामकृष्ण ठाकुर उर्फ रामबाबू ठाकुर ने अधिवक्ता एस. के. झा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा उन्हें शुभकामनाएँ दी। वही अधिवक्ता एस. के.झा के जीवनी पर गीत लिखने वाले गीतकार डॉ. कुमार विरल ने कहा कि अधिवक्ता एस. के. झा का कार्यक्षेत्र काफी वृहद है, जिनपर हमलोगों की पूरी टीम ने काफी अध्ययन कर इस गीत को तैयार किया है। इस गीत को लोकगायिका दीपमाला ने स्वरबद्ध किया है। इस अवसर पर एस. के.झा की जीवनी पर आधारित एक स्कैनिंग पोस्टर भी जारी किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी विवेक चंद्रा ने तथा अध्यक्षता वरीय अधिवक्ता रामशरण सिंह ने की। धन्यवाद ज्ञापन वरीय अधिवक्ता वीरेन्द्र कुमार लाल ने किया।

मणि शृंखला अंतर्गत शृंगारमणि का लोकार्पण

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा।मैथिली के साहित्यकार मणिकांत झा द्वारा मणि शृंखला अंतर्गत मैथिली में रचित ह्यशृंगारमणिह्ल का लोकार्पण रविवार को एमएमटीएम महाविद्यालय के सभागार में किया गया। महात्मा गांधी शिक्षण संस्थान द्वारा प्रकाशित शृंगार रस पर केन्द्रित गीत संग्रह का लोकार्पण विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव डा बैद्यनाथ चौधरी बैजू, वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ ओमप्रकाश, दरभंगा के पूर्व महापौर ओमप्रकाश खेड़िया, डा एडीएन सिंह, महात्मा गाँधी शिक्षण संस्थान के निदेशक हीरा कुमार झा आदि के कर-कमलों से साथ मिलकर किया गया। लोकार्पण समारोह में विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव डॉ बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने कहा कि मिथिला के जन जीवन में शृंगार रस की सदैव से प्रधानता रही है।कार्यक्रम को डा ओमप्रकाश, पूर्व मेयर ओमप्रकाश खेड़िया,डा एडीएन सिंह, मणिशृंखला के प्रकाशक एमजीएसएस के चेयरमैन हीरा कुमार झा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में शृंगारमणि पुस्तक से अनेक भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में मैथिली मंच के स्थापित कलाकार डा ममता ठाकुर, डा सुषमा झा, केदारनाथ कुमर, दीपक कुमार झा, जानकी ठाकुर, नीरज कुमार झा के साथ जया ने एक से बढ़कर एक संगीतमय प्रस्तुतियां दी। वहीं, तबला पर गौरीकांत झा, इलेक्ट्रॉनिक कैसियो पर नीरज कुमार झा एवं ढ़ोलक पर कन्हैया झा ने मनोहर संगति दी। लोकार्पण समारोह में मणिकांत झा एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम झा के परिणय दिवसोत्सव का 38वां सालगिरह भी मनाया गया। कार्यक्रम में फूलचंद्र प्रवीण, हरिश्चंद्र हरित, रघुवीर मिश्र, अशोक कुमार चौधरी, कामेश्वर ओझा, जयप्रकाश पाठक, मनोज कुमार झा, डा गणेश कांत झा, प्रवीण कुमार झा, विनोद कुमार झा, प्रो चंद्रशेखर झा बूढ़ाभाई, संतोष कुमार झा, नीलम झा, वंदना झा, चित्रा झा, गंधर्व कुमार झा, नीतीश सौरभ, आकृति, इंदु, विभा, अराधना, निधि, रंजना, सुनीता आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जायेगा : अश्वनी यादव

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय पटना में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा प्रदेशस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक उपमुख्यमंत्री द्वय सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय,भुमि सुधार एवं राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल, सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह एवं प्रदेश पदाधिकारी शामिल हुए। जिसमें किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता अश्वनी यादव भी शामिल हुए। बैठक में किसानों के हितों की सुरक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए चर्चा की गई। बैठक में अश्वनी यादव ने किसानों को होने वाले समस्या को बिहार के कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय एवं राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल को अवगत कराया। वहीं माननीय मंत्री जी ने किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता देने और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का वादा किया। वहीं भुमि सुधार एवं राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि भुमि सम्बंधित समस्या के त्वरित समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे है।

अवैध देशी कट्टा और कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पियर थाने की पुलिस ने अवैध देशी कट्टा और कारतूस के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है जबकि एक अन्य भागने मे कामयाब रहा। थानाध्यक्ष पंकज यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम जरंगी स्थित अरविन्द चौधरी के आम के बगीचे में किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने आए दो अपराधकर्मियों को संदिग्धावस्था में देखा गया है। उक्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए अन्य पुलिस कर्मियों के सहयोग से पीयर थानाध्यक्ष द्वारा त्वरित छापेमारी की गई। छापामारी के क्रम में एक अपराधकर्मी को एक अवैध देशी कट्टा एवं एक जिन्दा कारतुस के साथ गिरफ्तार किया गया तथा एक अपराधकर्मी भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अपराधकर्मी का नाम पवन कुमार पिता-सत्यनारायण साह बताया गया है।वह ग्राम पीरखपुर, सफुद्दीनपुर, थाना-बोचहा का निवासी है।गिरफ्तार अपराधकर्मी पवन कुमार ने पुलिस को दिए अपने बयान में स्वीकार किया है कि वह अपनेसाथी अपराधकर्मी के साथ मिलकर बीते 27जून को इसी थाने के बगाही ग्राम स्थित मोहन चौधरी के आरा मिल के पास एक दम्पति के साथ लूटपाट का प्रयास किया था। जिस क्रम में उक्त पति-पत्नी द्वारा विरोध करने पर दोनों अपराधकर्मी अपना एक मोटरसाईकिल छोड़कर भाग गए थे। पति-पत्नी द्वारा अपराधकर्मियों के हाथ से एक देशी कट्टा छीन लिया गया था। इस संबंध में पीयर थाना में एक मामला दर्ज कि

सीएसपी संचालक से लूट के बाद अपराधियों ने किया अंधाधुंध फायरिंग, दो की मौत

बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने एक डेयरी में संचालित सीएसपी में घुसकर घटना का दिया अंजाम

प्रातः किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के महम्मदपुर सकड़ा पंचायत स्थित त्रिमूर्ति डेयरी कैंपस में संचालित सीएसपी संचालक से लूट के बाद एक ही अपाची बाइक पर सवार आए तीन की संख्या में अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग करते हुए फरार हो गया। इस घटना में दो व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर अंधैल निवासी योगी राय के पुत्र अजय यादव 25 वर्ष एवं विभूतिपुर थाना क्षेत्र के पछियारी टभका वार्ड एक (जगन्नाथपुर) निवासी मंजय सहनी की पत्नी सुशीला देवी 25 वर्ष के रूप में की गई है। घटना के संबंध में त्रिमूर्ति डेयरी संचालक चांद सुरारी निवासी अकलू यादव के पुत्र सीएसपी संचालक रजनीश कुमार ने बताया कि महम्मदपुर सकड़ा पंचायत में त्रिमूर्ति डेयरी का संचालन मेरे पिता अकलू यादव एवं उसी डेयरी कैंपस में मैं सीएसपी का संचालन करता हूं। रविवार की संध्या बारिश हो रही थी। इसी दरम्यान एक अपाची बाइक पर सवार तीन की संख्या में बदमाश आया। एक बदमाश बाइक पर ही खड़ा रहा तथा दो सीएसपी में प्रवेश किया। तथा मुझे एवं मेरे साथ काम कर रहे हैं अजय यादव के कनपटी में पिस्तौल सटाकर मेरे गले से सोने का चैन एवं चाबी लेकर लगभग 40000 लेकर भागने लगा। जिस पर सीएसपी से पैसा निकालने आई सुशीला देवी एवं मैं शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग करते हुए मुस्तफापुर की ओर फरार हो गया। इस घटना में डेयरी संचालक अकलू यादव एवं उनके पुत्र सीएसपी संचालक रजनीश कुमार बाल बाल बच गए। वहीं अजय यादव एवं सुशीला देवी को सीने में गोली लग गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने दोनों को अनुमंडलीय अस्पताल दलसिंहसराय पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं इस संबंध में रोसड़ा डीएसपी सोनम कुमारी ने बताई की एफ एस एल टीम जांच के लिए पहुंच रही है। उसके बाद बरामदगी का ब्यौरा दी जाएगी। वैसे सुनने में आया है घटनास्थल से दो खोखा एवं दो कारतूस बरामद की गई है।

गर्मी को देखते हुये पेड़ लगाएंगे भारतीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा। कटहलवारी स्थित रविवार को भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के सदस्य नरेश कुमार के अध्यक्षता में संगठन की मासिक बैठक आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं बैठक में कई एजेंडों पर विचार विमर्श किया गया जिसमें सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 2024 में संगठन के द्वारा एक लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य पारित किया गया। वही संगठन को मजबूती करने के लिए संगठन को विस्तार हेतु कार्य योजना का भी विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्व सम्मती से निर्णय लिया गया कि इस संगठन का महिला सदस्यों को भी सदस्य बनाने हेतु प्रयास किया जाएगा। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि संगठन की बैठक में जो भी पदाधिकारी सदस्य लगातार बैठक में अनुपस्थित रहते हैं जिससे यह प्रतीत होता है कि उन्हें संगठन के कार्य में अभिरुचि नहीं है अतः पुनः सभी सम्मानित सदस्यों से अनुरोध है कि वह संगठन के प्रति अभिरुचि बढ़ाये जिससे संगठन को मजबूती प्रदान किया जा सके। वहीं अब संगठन के पदाधिकारी सदस्य लगातार बिना सूचना तीन मासिक बैठक में अनुपस्थित रहने पर उनकी सदस्यता हमेशा के लिए समाप्त कर दी जाएगी। वही संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश सिंह के आदेश अनुसार यह निर्णय लिया गया कि अब संगठन में जो भी पद दी जाएगी सदस्यों के बीच चुनाव के माध्यम से पद निर्धारित किया जाएगा जिससे संगठन में मजबूती आएगी। वही मासिक बैठक में प्रदेश महासचिव आर्य शंकर ,कार्यकारी अध्यक्ष नितेश सहाय ,जिला अध्यक्ष स्वास्थ्य प्रकोष्ठ अमलेश कुमार यादव, सदस्य संजय कुमार, चंद्रकांत चौधरी, मनोज कुमार कर्ण उपस्थित रहे।

संजय झा को जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों ने दिया मुख्यमंत्री को बधाई

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा /मनीगाछी। राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा को जनता दल (यूनाइटेड) का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व सौंपने के लिए जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हृदय से आभार व्यक्त किया गया। यह निर्णय जदयू पार्टी के लिए गर्व का पल है और संजय कुमार झा के नेतृत्व में पार्टी की मजबूत उपस्थिति की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर दरभंगा नगर जिला जदयू के जिला अध्यक्ष माधव झा ने उन्हें बधाई देते हुए कहा, कि संजय कुमार झा को जदयू का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा जाना हम सभी मिथिलावासी के लिए गर्व की बात है। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से पार्टी को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। धन्यवाद देने वालों मे ईश्वर मंडल, श्याम मंडल, शशिचन्द्र पटेल, इकबाल राइन ,राजीव सिंह , श्याम किशोर राम, तरुण मंडल, राजेन्द्र राम,इंतखाबऊल हक, अशोक झा,ठाकुर ईश्वर प्रसाद,प्रभात झा, प्रदीप महतो, सुनील कुमार पप्पू महासेठ,विपुल राय,अभिषेक कुमार झा,सोनू तिवारी,सुनील ठाकुर,अरविंद झा, बसंत मण्डल,रौशन महतो,नवाब अख्तर, दीपक सिन्हा, रीजवान आजाद, अरविंद सत्संगी,अश्विनी वर्मा, जमीदुल,जोहा सिद्दिकी,आसिफ कमाल,दुगानंद, मो सद्दाक शामिल थे। मनीगाछी के अनुसार वाणेश्वरी न्यास समिति के सचिव संजीव कुमार झा, जदयू के मुरारि मोहन मिश्र , अब्दुल कलाम, पवन कुमार सहनी,डॉ रिंकू कुमारी, सुनील झा, प्रखंड अध्यक्ष संतोष सिंह सहित अन्य लोगों कहा है कि इनके कार्यकारी अध्यक्ष बनने से मिथिलांचल में खुशी की लहर है। लोगों का कहना है कि यह उनकी क्षमता एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति विश्वसनीयता का परिणाम है। इससे एक ओर जहां इस क्षेत्र का विकास होगा वहीं दूसरी ओर पार्टी की जड़ें भी मजबूत होंगी।

सांसद संजय झा को जदयू का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी का लहर

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी दिल्ली में आयोजित जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मिथिला सपूत राज्यसभा सांसद संजय झा को सर्वसम्मति से जदयू का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया।जिससे संपूर्ण मिथिला में खुशी का माहौल है। उक्त जानकारी देते हुए जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष बचनू मंडल ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मधुबनी और मिथिला के लाल सांसद संजय झा पर भरोसा जताने से संपूर्ण मिथिलांचल गौरवान्वित हुआ है और सर्वत्र खुशी का माहौल है। श्री मंडल ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी सहित जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि श्री झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने का काफी सुखद परिणाम आगामी विधानसभा चुनाव में परिलक्षित होगा जदयू का जनाधार अतिपिछड़ा समुदाय सहित सवर्ण समाज में भी होगा।

प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक प्रशिक्षण सभागार में वार्ड सदस्यों की बैठक, समस्याओं पर चर्चा

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक प्रशिक्षण भवन सभागार में जयनगर प्रखंड बिकास पदाधिकारी राजीव रंजन के अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र के सभी वार्ड सदस्यों के साथ मिलकर बैठक किया, जिसमें सभी पंचायतों विभिन्न वार्डो के वार्ड सदस्यों ने भी शामिल हुआ। जिसमें वार्ड सदस्य संघ के द्वारा बीडीओ से सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं जैसे मनरेगा के तहत जो भी योजना दिया जाता है उस योजना का जानकारी किसी भी वार्ड सदस्य को नहीं दिया जाता है। बैठक में उपस्थित कोरहिया पंचायत के वार्ड सदस्य द्वारा शिकायत किया गया कि अनुरक्षण भत्ता का योजना कई महीनों से अभी तक लंबित है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रखंड के सभी वार्डों में शौचालय निर्माण हेतु लाभुकों से आवेदन जमा करवाया जा रहा है। वहीं अधिकांश वार्डों में बिचौलिया के द्वारा वार्ड की गरीब जनता से शौचालय निर्माण के नाम पर अवैध वसूली कर आवेदन जमा करवाते है। बैठक में उपस्थित सभी वार्ड सदस्यों को संबोधित करते हुए बीडीओ राजीव रंजन ने बताया कि मेरे संज्ञान में अब तक इस तरह की कोई विभागीय सूचना या पत्र प्राप्त नहीं हुआ है और न ही इस मामले पर किसी बैठक में कोई चर्चा हुई है। आप सभी सम्मानित वार्ड सदस्यों द्वारा मुझे जो मांग पत्र सौपा गया उसमे शौचालय निर्माण के नाम पर अवैध वसूली की जाने का जिक्र भी इस मांग पत्र में किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

चापाकल पर नहाने के दौरान हुई मारपीट, पांच लोग हुए घायल

जमुई [झाझा] झाझा थानाक्षेत्र के धमना गांव में चापाकाल पर नहा रहे एक व्यक्ति के साथ मारपीट कि गई और जब उसके घर वाले उसे बचाने के लिए पहुंचा तो उनलोगों के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिए जाने का मामला सामने आया है। मारपीट में घायल की पहचान श्री रजक उसका बेटा लालटू रजक, टुन्नी रजक, बहु फुलवा देवी, सरीता देवी के रूप में हुई है। मारपीट में घायल हुए सभी लोग इलाज के लिए रेफरल अस्पताल पहुंचा जहां डॉक्टर ने सभी घायलों का इलाज किया। मारपीट में घायल हुए श्री रजक ने बताया कि मै दिनभर मवेशी चराकर घर और घर के पास लगे चापाकल पर नहा रहा था कि तभी शराब के नशे में प्रमोद रजक, लखन रजक, सकलदेव रजक आया विवाद करते हुए मारपीट करते हुए हमलोगों पर ईट पत्थर से मारपीट करने लगा। जब मेरा बेटा और बहु मुझको बचाने आया तो घर के सदस्यों के साथ भी मारपीट करते हुए घायल कर दिया।

दो पक्षों के बीच जमकर हुई गोलीबारी

मामले की तफ्तीश में जुटि पुलिस कर रही है अनुसंधान

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा में फेसबुक स्टोरी पर हंसने वाले इमोजी भेजना एक युवक को बड़ा महंगा पड़ गय। इस मामले को लेकर आपसी विवाद में जमकर गोलीबारी हुई जिसमें दो युवक जख्मी हो गए। वही मामले की तफ्तीश में पुलिस जुट गई है। दरअसल मधेपुरा में फेसबुक स्टोरी में लगे फोटो पर हंसने वाला इमोजी रिएक्शन भेजने पर विवाद इतना बढ़ गया कि युवकों के आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर गोली चली। वहीं इस दौरान दो युवक बुरी तरह जख्मी हो गये जिनका इलाज मधेपुरा के जननायक कपूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। घटना भरहीं थाना क्षेत्र के महेशुआ वार्ड संख्या 9 की है। जहां घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शुक्रवार को एमडी, कमरे आलम उर्फ चांद की फेसबुक आईडी पर एक फोटो स्टोरी लगाया गया था। इस पर अल्तमश शेख नाम के आईडी से हंसने वाला इमोजी भेज दिया गया। इसी बात को लेकर एमडी, कमरे आलम अपने अन्य साथियों के साथ अल्तमश के घर पहुंचकर उसके मामा एमडी. सनाउल्लाह के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। बात इतनी बढ़ गई कि दोनो पक्षों के बीच गोली भी चल गई। इस दौरान एक गोली एमडी. सनाउल्लाह के सिर के पीछे में लगी है, जबकि एक गोली एमडी. कमरे आलम के साथ गए मिथिलेश उर्फ छोटू को पैर में लगी है। फिलहाल गंभीर रूप से घायल दो युवक का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। वहीं एमडी. सनाउल्लाह ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम एमडी. कमरे आलम उर्फ चांद के फेसबुक स्टोरी पर उनकी बहन के चार वर्षीय बेटे अल्तमश शेख ने गलती से हंसने वाला इमोजी भेज दिया। इसको लेकर एमडी. सदरे आलम ने मैसेंजर पर गाली लिखकर भेज दिया। जब उन्होंने फोन कर पूछा कि गाली क्यों दिया, तो फोन पर भी गाली-गलौज करते हुए घर पर आकर जान से मारने की धमकी दे डाली जिसके बाद बीते रात करीब 10: 45 बजे एमडी. कमरे आलम अपने अन्य साथियों के साथ उनके घर पर धावा बोल दिया और मारपीट करना शुरू कर दिया। इसी दौरान उन लोगों ने गोली चला दी। वहीं आरोपी एमडी. कमरे आलम ने बताया कि वह महेशुआ में पोल्ट्री फार्म चलाता है। पोल्ट्री फार्म पर मिथिलेश कुमार उर्फ छोटू नामक एक युवक उनका स्टाफ है। शुक्रवार को मिथिलेश ने ही मेरे आईडी से मेरा फोटो फेसबुक स्टोरी में लगाया था। उनके फोटो पर अल्तमश शेख के आईडी से हंसने वाला इमोजी भेजा गया। मिथिलेश ने इस बात पर मैसेंजर पर अल्तमश शेख को गाली दे दिया। इसके बाद अल्तमश शेख के मामा एमडी. सनाउल्लाह ने मुझको फोन कर गाली दे दिया। फोन पर बहस होने के बाद जब वह मिथिलेश के साथ एमडी. सनाउल्लाह के घर पर पहुंचा तो उन लोगों ने घर पर भी गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। उनके घर में पहले से बैठे 4-5 लोग बाहर निकल कर मारपीट करना भी शुरू किया। इस घटना में एमडी. आदिल ने उनके स्टाफ मिथिलेश को पैर में गोली मार दी जिससे वे घायल हो गए। वहीं इस मामले में मधेपुरा एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि महेशुआ में सोशल मीडिया पर स्टोरी लगाने को लेकर गोली चलने की बात सामने आई है। दोनों घायल का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जांचों उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन तीन मामले का हुआ निष्पादन

प्रात: किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन अपर थानाध्यक्ष गोपेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जबकि सीओ की अनुपस्थित में जनता दरबार में राजस्व कर्मचारी अभिमन्यु कुमार गुप्ता और रोहित कुमार ने जमीन से सबंधित छः फरियादियों के कागजात का बारीकी से अवलोकन कर तीन मामले का निष्पादन किया। अपर थानाध्यक्ष गोपेंद्र प्रसाद सिंह ने तीन मामले का निष्पादन होने के बाद तीन परियादी को अगले जनता दरबार में सभी आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होने के लिए राजस्व कर्मचारी को सूचना निर्गत करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर थानाध्यक्ष गोपेंद्र प्रसाद सिंह, राजस्व कर्मचारी अभिमन्यु कुमार गुप्ता, रोहित कुमार , पीएलवी कृष्णा कुमार, जितेंद्र कुमार समेत कई फरियादी जनता दरबार में उपस्थित थे।

प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बहुउद्देशीय सभागार भवन में रोगी कल्याण समिति गठन को लेकर की गई बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड ब्लॉक परिसर स्थित बहुउद्देशीय सभा भवन में आयोजित बैठक में शनिवार को बीडीओ प्रियदर्शी राजेश पायरट की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति का नये सिरे से गठन किया गया। बैठक में रोगी कल्याण समिति का पुनर्गठन संशोधित दिशा निर्देश 2024 के आलोक में शासी निकाय एवं कार्यकारी समिति का गठन किया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वरुण कुमार के द्वारा विस्तार से समिति के दोनों घटक का उद्देश्य भी बताया गया। उन्होंने बताया कि रोगी कल्याण समिति सीएचसी की व्यवस्था की देखरेख एवं निगरानी करेंगे। मौके पर बताया गया कि शासी इकाई के अध्यक्ष बीडीओ एवं सचिव प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी होंगे। इसके अलावा सदस्य के रूप में प्रमुख द्वारा नामित पंचायत समिति सदस्य,चिकित्सक, बीईओ, सीडीपीओ, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, बीपीएम जीविका, एनजीओ से डब्लूएचओ एफएम, पीएचईडी के प्रतिनिधि का मनोनयन किया गया। रोगी कल्याण समिति का कार्यकाल तीन साल के लिए होगा। इस दौरान सभी उपस्थित सदस्यों को उनके अधिकार व कर्तव्य की जानकारी दी गई। मौके पर बीडीओ प्रियदर्शी राजेश पायरट, प्रमुख प्रतिनिधि अरुण कुमार सिंह, सीएचसी प्रभारी डॉ. वरुण कुमार, पंचायत समिति सदस्य विनय कुमार साह, चिकित्सक डॉ. नवीन प्रसाद भारती, बीईओ कुमार गुणानंद सिंह, बीपीएम मनोज कुमार, डब्लूएचओ एफएम आशुतोष कुमार व मोती कुमार झा, बीएचएम बृजेश कुमार, बीसीएम प्रेमशंकर कुमार, लिपिक नवीन कुमार सहित कई एलएस मौजूद थी।

स्वास्थ्य विभाग के साथ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर प्रखंड के अंतर्गत स्वयंसेवी संस्था परिवार विकास के द्वारा चाइल्डफंड इंटरनेशनल के सहयोग से संस्था मुख्यालय गिद्धौर के चंद्रशेखर नगर में स्वास्थ्य विभाग के साथ किशोर किशोरियों की स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अजिमा निशात ने कहा कि 10 से 19 वर्ष के किशोर किशोरियों के लिए भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है।जिसके अंतर्गत किशोर में पोषण स्तर बनाए रखना, शारीरिक ग्रोथ को बढ़ाना, यौन एवं प्रजनन सम्बन्धित जागरुकता, लैंगिक हिंसा को रोकना, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना, हार्ड कैंसर डायबिटीज एवं अन्य रोगों का उपचार पर अधिक फोकस किया जाना है।उन्होंने बताया कि जिले के सभी अस्पतालों में किशोर किशोरियों के मार्गदर्शन एवं सभी दवाइयों की भी आपूर्ति के लिए युवा क्लीनिक की स्थापना की गई है यह सेवा निशुल्क है और इसके अलावा गांव में पियर एजुकेटर भी बनाया गया है जिसके माध्यम से किशोरियां अपनी सहेलियों से अपनी यौन एवं प्रजनन समस्याओं को लेकर बात कर सकती है। वहीं संस्था के स्वास्थ्य समन्वयक उपेंद्र यादव ने बताया कि किशोर अवस्था में शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विचार तेजी से होता है ऐसे में उन पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।यही वह ऐसा समय होता है जिसमें लड़के लड़कियां गलत निर्णय लेकर संक्रमण का शिकार होते हैं वही संस्था सचिव भावानंद जी ने किशोर किशोरियों के हीमोग्लोबिन कम होने की चिंता जताते हुए कहा कि स्वस्थ मां ही स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती है इसलिए किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देना होगा।

बेलारी अमहा में नहर का बांध टूटने से सैकड़ों एकड़ में लगी फसल डूबा

प्रात: किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड प्रखंड के बेलारी पंचायत के अमहा वार्ड नंबर एक में एमबीसी नहर का बांध पानी बढ़ने से टूट गई। जिससे अलग अलग वार्ड के करीब 500 एकड़ में लगी करीब पांच सौ से ऊपर किसानों के खेत में लगी मूंग की फसल व धान का बिचडा डूबने से बर्बाद हो गया है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि 26 जून को इस नहर में जेसीबी मशीन द्वारा थोड़ा बहुत साफ सफाई की गई थी। शुक्रवार की रात नहर में पानी छोड़ने के बाद अचानक दबाव बढ़ने से नहर का बांध अमहा चौक से उत्तर टूट गया। जिससे पंचायत के वार्ड 1, 4, 5, 6, 8 व 9 में स्थित करीब 500 एकड़ में लगी करीब पांच सौ से अधिक किसानों की मूंग फसल व धान का बिचडा पूरी तरह डूब गए और बर्बाद हो गया। घटना की सूचना मिलने पर मुखिया डॉ विश्वबंधु बादल, जिला परिषद सदस्य राजकिशोर उर्फ बेबी यादव सैकड़ों लोगों के साथ टूटे नहर के पास पहुंचे और जायजा लिया। सूचना मिलने पर सीओ आकांक्षा, कर्मचारी उमर अंसारी, थानाध्यक्ष बेलारी राजू कुमार व सिंचाई व नहर विभाग के एसडीओ, कार्यपालक अभियंता सहित अन्य कर्मी भी पहुंच कर जायजा लिया। मुखिया व ग्रामीण के सहयोग से विभागीय अधिकारी की उपस्थिति में कर्मियों द्वारा टूटे बांध की मरम्मत कार्य की शुरूआत कर दी गई है। उधर मुखिया ने बताया कि इस नहर की सफाई का 87 करोड़ रुपए का टेंडर पास है। बावजूद नहर की साफ सफाई नहीं होने से इस तरह की स्थिति उत्पन्न हो गई है। नहर का बांध टूटने से महेंद्र यादव, मांगो यादव, लक्ष्मी मंडल, गंगेश्वर यादव, श्याम सुंदर यादव, गणेश यादव, मिथिलेश यादव, सुरेंद्र मंडल, ललन मंडल, नुनुलाल यादव, अशोक यादव, सूर्य नारायण यादव सहित सैकड़ों किसानों को क्षति हुई है। मुखिया डॉ विश्वबंधु बादल, जिला परिषद सदस्य राजकिशोर उर्फ बेबी यादव ने नहर बांध टूटने से प्रभावित किसानों को फसल क्षति मुआवजा राशि देने की मांग की है।

सड़क निर्माण के लिए पटना जाकर सांसद अरुण भारती से मिली बेजंती देवी

प्रात: किरण संवाददाता

सोनो जमुई - सोनो प्रखंड अंतर्गत बलथर पंचायत के पुर्व पंचायत समिति सदस्या सह वार्ड नंबर दो के वर्तमान वार्ड सदस्या श्रीमती बेजंती देवी ने शनिवार को श्री कृष्णापुरी पटना जाकर जमुई लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद श्री अरुण भारती के आवास पर जाकर एक आवेदन सोंपते हुए सड़क निर्माण की गुहार लगाई । आवेदन में कहा गया है कि ग्राम बलथर पुर्वी भाग रविदास टोला वार्ड नंबर दो पर स्थित गुहिया आहार से अर्जुन रविदास के मकान तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गया है , बरसात के मौसम में लोगों को आवागमन करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । आगे लिखा गया है कि तकरीबन 20 वर्ष पूर्व इस सड़क का निर्माण किया गया था उसके बाद अबतक कभी मरम्मती का कार्य नहीं हुआ है जिस कारण सड़क की स्थिति काफी जर्जर ओर नाजुक बनी हुई है ।जिस कारण आमजनों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।तकरीबन 900 फीट लंबी जर्जर इस सड़क का निर्माण कार्य अतिशीघ्र कराने की मांग की गई है । पुर्व पंचायत समिति सदस्य सह वर्तमान वार्ड सदस्य श्रीमती बेजंती देवी ने बताया कि आवेदन सोंपने के बाद सांसद महोदय के द्वारा हमें यह आश्वासन मिला है कि अतिशीघ्र सड़क निर्माण कार्य के लिए टीम भेजकर जांच कराई जाएगी ।

नई शिक्षा नीति:भाषा और संस्कृति विषयक विमर्श का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा भूपेंद्र नारायण मण्डल विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिसर स्थित विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद मोहन जायसवाल की अध्यक्षता में ह्नई शिक्षा नीति:भाषा और संस्कृतिह्व विषयक विमर्श का आयोजन हुआ। जिसमें मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. राजीव मल्लिक ने कहा कि शिक्षा मनुष्य के भौतिक, आत्मिक और मानसिक विकास का माध्यम है, भाषा भाव एवं विचार की अभिव्यक्ति का माध्यम है और संस्कृति आचार, विचार और संस्कार का प्रतिमान। लेकिन शिक्षा ही भाषा एवं संस्कृति की परिरक्षक और निर्मात्री शक्ति है। जिसमें राष्टीयता और भारतीयता का अभिवरद्धन और संरक्षण होता है। नई शिक्षा भारतीयता, भारतीय राष्ट्रीयता और संस्कृति के प्रतिकूल वैश्विक धरातल पर विदेशी संस्कृति की वाहिका है, और इसमें मानवता एवं मानवीयता की अपेक्षा व्यावसायिकता और सेवकीय मनोवृत्ति की प्रमुखता है। पीजी सेन्टर सहरसा के डॉ. सिद्धेश्वर काश्यप ने कहा कि नई शिक्षा नीति युवाओं को व्यावसायिक तो बनाती है लेकिन इसे राष्ट्रीयता राष्ट्रभाषा और भारतीय संस्कृति एवं संस्कार से विमुख कर क्षेत्रवादी चेतना से ग्रस्त करती है और प्रांतीय एवं विदेशी भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाती है। दिल्ली विश्वविद्यालय के अस्सिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमृत प्रत्यय ने कहा कि नई शिक्षानीति युवाओं को विषय विशेषज्ञ और सांस्कृतिक नहीं, व्यावसायिक एवं सेवक बनाती है। यह इसे संपूर्ण मानव बनाने में अक्षम है। इससे नवोनमेष एवं ज्ञानका विस्तार और राष्ट्रीयता की चेतना से संपृक्त नहीं करती। विमर्श में दर्शनशास्त्र विभाग के डॉ. वी दूबे, अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. मिथलेश झा, उर्दू विभाग के डॉ. एहशान और नरेश ने भाग लिया।

संचालन शोधार्थी विभीषण ने किया। इस अवसर पर डॉ. अमृत प्रत्यय को पदक से सम्मानित भी किया गया।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय नयागांव में शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं,वो हमेशा कर्तव्य पथ पर रहते हैं-अवध बिहारी शर्मा

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नयागांव के प्रांगण में रविवार को विद्यालय के शिक्षिका कुमारी सबूजा की देखरेख में सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार को सेवानिवृत्ति उपरांत विदाई दी गयी। इस मौके पर कुंधुर विद्यालय के प्रधान अवध बिहारी शर्मा ने कहा कि शिक्षक अपने जीवन काल में कभी भी सेवा से निवृत्त नहीं होते हैं,ये एक सरकारी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सेवानिवृत्ति समारोह की परंपरा का निर्वहन करना पड़ता है।शिक्षक समाज में हमेशा शिक्षा की दीप जलाते रहते हैं। शिक्षक सेवाकाल में रहते हुए छात्र-छात्राओं को शिक्षा और संस्कार देते हैं तो अवकाश ग्रहण करने के पश्चात अपने अनुभवों से समाज का मार्गदर्शन करते हैं।उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में रहते हुए बेदाग सेवानिवृत्त हो जाना बड़ी उपलब्धि होती है, इधर शिक्षक नेता राजीव वर्णवाल ने कहा कि हम सभी शिक्षक इनके दिखाये गये मार्गों का शिक्षा सेवा में अनुसरण कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी महती भूमिका निभाएंगें।इस अवसर विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों के द्वारा राकेश कुमार को अंग वस्त्र उपहार स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया।समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की शिक्षिका कुमारी सबूजा के द्वारा किया गय।इस मौके पर शिक्षक अवध बिहारी शर्मा,उमाशंकर प्रसाद,राजीव वर्णवाल,स्वर्णरूपा दास,सुमित कुमार ,प्रेमनाथ केशरी,विनोद सक्सेना,सितेश कुमार,वंदना कुमारी,शिक्षा सेवक प्रदीप रजक सहित प्रखंड क्षेत्र के कई विद्यालयों के शिक्षक एवं स्थानीय ग्रामीण समारोह में मौजूद थे।

जन सुराज चौथम का कार्यालय खुला, नेताओं ने सामूहिक रूप से किया फीता काटकर उद्घाटन

जन सुराज व आमजनों के भविष्य के लिए कार्यालय मील का पत्थर साबित होगी

प्रात: किरण संवाददाता

चौथम। जन सुराज चौथम प्रखंड कार्यालय का नेताओं द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कार्यालय उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नेताओं ने कार्यालय खुलने पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर सभापति अरविंद सिंह, जिला अध्यक्ष नरेश प्रसाद बादल, जिला महासचिव किरण देव यादव, महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष काजल कुमारी, मनीष सिंह, अमर रजक, प्रखंड प्रमुख चंदन सिंह,चौथम प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार, रणधीर कुमार, दिनेश सिंह , अशोक यादव, गुड्डू कुमार, सरपंच मंजू देवी, आदि सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया। जिला महासचिव किरण देव यादव ने कहा कि जन सुराज के सिद्धांत लक्ष्य उद्देश्य एवं सुप्रीमो प्रशांत किशोर के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने एवं सत्ता - व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई को तेज करने हेतु तथा संगठन को बेहतर सुदृढ़ समृद्ध बनाने, कार्यकताओं को अधिकाधिक संख्या में जोड़ने के उद्देश्य से कार्यालय खोला गया। उक्त कार्यालय जन सहायता केंद्र के रूप में भी कार्य करेगी तथा कार्यालय के माध्यम से जन समस्याओं का समाधान करने में महतीं भूमिका निभायेगी तथा कार्यालय संगठन के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी। श्री यादव ने कहा कि किसी भी संगठन के लिए पांच क - कार्यालय, कोष, कमेटी, कार्यक्रम, कार्यकर्ता की आवश्यकता होती है, जिससे संगठन का उत्तरोत्तर विकास होता है। जिलाध्यक्ष नरेश बादल ने कहा कि जल्द ही सभी प्रखंडों में कार्यालय खोला जाएगा। सभापति अरविंद सिंह ने कहा कि कार्यालय जनहित में बेहतर कार्य करेगी। जो आम लोगों को संगठन से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा। मनीष सिंह ने कहा कि नियमित कार्यालय की संचालन से संगठन का बेहतर विकास होगा। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह , प्रखंड सभापति अशोक यादव , प्रखंड महासचिव मनोज चौरसिया, प्रखंड महिला अध्यक्ष मंजो देवी एवं पंचायत अध्यक्ष आदि ने भाग लिया।

प्रकृति संरक्षण को लेकर मिशन ग्रीन गोपालपुर द्वारा जागरूकता साइकिल रैली आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

खैरा/जमुई। रविवार को समग्र भारत न्यास के प्रकल्प मिशन ग्रीन गोपालपुर के टीम सदस्यों द्वारा प्रकृति संरक्षण को लेकर एक जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। उक्त रैली को चंद्रपुरा हनुमान मंदिर के पास से गोपालपुर पंचायत की मुखिया श्री मती मौसम कुमारी तथा स्थानीय बुद्धिजीवी मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस रैली की अगुवाई ग्रीन गोपालपुर मिशन के मुख्य कार्य संचालन पदाधिकारी सह पैक्स अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह कर रहे थे। जबकि इस साईकिल रैली में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में पर्यावरण प्रेमी मिशन ग्रीन गोपालपुर के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी धीरज कुमार सिंह, मानव संसाधन पदाधिकारी शैलेश कुमार, रिजेनरेटिव बिहार के प्रतिनिधि तथा कृषि प्रबंधन अधिकारी संतोष सुमन, मुख्य वित्त अधिकारी मनीष नंदन, कार्यसमिति सदस्य चंदन मिश्र उर्फ लड्डू सर, पगडंडी जमुई के उपाध्यक्ष संजय सिंह, समग्र भारत न्यास के अध्यक्ष डॉ.रविश कुमार सिंह, रोहित कुमार सहित बाबा धनेश्वर नाथ मंदिर ट्रस्ट से जुड़े समाजसेवी विवेकानंद सिंह, महादेव सिमरिया के समाजसेवी तथा बजरंग मित्र मंडल के संस्थापक पुलिस इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह सहित दर्जनों की संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने इस रैली में सिरकत की और ऐसे कार्यक्रमों का समर्थन किया। मौके पर अजय कुमार सिंह ने इस मिशन की सफलता को लेकर हर तरह के सहयोग देने की बात कही। मिशन के जरिए इस माह से सघन वृक्षारोपण का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। मिशन के द्वारा तीन साल में एक लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है। बाड़ी कल्चर, एक्वा कल्चर और प्लास्टिक मुक्ति अभियान के साथ प्रत्येक बुधवार को रात्रि चौपाल और रविवार को बीज यात्रा करने का तथा बड़ी संख्या में सीडबॉल के जरिए जंगली स्थानों और तालाब, नहर, अहरा, सड़कों के किनारे वृक्षारोपण का संकल्प लिया गया। ग्रीन गोपालपुर की यह साईकिल यात्रा चंद्रपुरा गाँव से निकलकर गोपालपुर पंचायत के ढाव गाँव के काली मंदिर प्रांगण में एक संक्षिप्त सभा के साथ समाप्त हुई। सभा का संचालन डॉ.रविश कुमार सिंह के द्वारा किया गया।

आहार में डुबने दो किशोर की हुई मौत, परिजनों में पसरा मातम

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] घर से आधा किलोमीटर दूर एक आहारनुमा बने गडडे में पानी की गहराई में डुबकर दो किशोर की मौत हो गई। घटना थानाक्षेत्र के सर्किल नंबर स्थित सिकरडीह गांव का है। मृत बच्चे की पहचान सिकरडीह गांव के रहने वाले मो. मिस्टर का 8 वर्षीय पुत्र फैसल अंसारी और करहरा गांव के रहने वाले मो. जाबिर अंसारी का 10 वर्षीय पुत्र शाहजहां के रूप में हुई है जो आपस में ममेरा और फूफेरा भाई था। वही आहार से दोनो डुबे किशोर को निकाला लेकिन दोनो किशोर आहार के गहराई में जाने से पानी में ही दम तोड़ दिया था। दोनो मृत किशोर को लोगों ने उठाकर घर पर लाया जिसके बाद मो. जाबिर अंसारी के परिजनों शाहजहां की मौत की खबर प्राप्त हुआ तो उसके घर वाले सिकरडीह पहुंचा और अपने मृत किशोर को उठाकर करहरा गांव लेकर चला गया। इधर दोनो घरों में किशोर की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृत किशोर फैसल के दादा मो. मुद्धीन ने बताया कि सुबह मेरा पोता और नाती मस्जिद से पढ़ाई कर घर आया और घर में खाना खाने के बाद घर के अन्य तीन बच्चों के साथ वे दोनो आहार के तरफ शौच करने के लिए चला गया। शौच करने के बाद पहले पोता आहार में हाथ धोने के लिए गया तो वह डुबने लगा जिसके बाद मेरा नाती उसे बचाने लगा तो वे दोनो आहार में जमे पानी कि गहराई जाने लगा तीसरा बच्चा उसे बचाने कि कोशिश किया लेकिन नाती पोता आहार में डुब गया जिसके बाद अन्य तीनों बच्चों ने घर पर आकर फैसल और शाहजहां की डुबने की खबर दी जिसके बाद घर के सदस्य और ग्रामीण पहुंचा तो दोनो बच्चा आहार में डुबा था जिसे बाहर निकाला तो दोनो बच्चों ने मृत था। मृत किशोर फैसल के दादा ने आगे बताया कि मेरा नाती मेरे यहां ही रहता था। इधर मृत किशोर फैसल के पिता मुंबई में दैनिक मजदूरी का काम करता है। वही एक साथ दो किशोर की हुई मौत पर पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। वही ग्रामीण एवं परिजनों ने दोनो मृत किशोर का पोस्टमार्टम न करवाने की बात बताया

सम्पादकीय

विचार परिवर्तन, अवसरवादिता, मजबूरी या महज अफवाह?

तनवीर जाफरी

ईसाई समुदाय से जुड़े क्रिसमस त्योहार ने इस वर्ष कुछ विशेष सुर्खियां बटोरीं। इसकी दो वजह थीं। एक तो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईसाई समुदाय को संबोधित करते हुये ईसाई समुदाय के साथ अपना आत्मीयता का रिश्ता बताना। दूसरे राष्ट्रीय स्वयं संघ द्वारा क्रिसमस के दिन यानी 25 दिसंबर को कश्मीर से कन्याकुमारी तक क्रिसमस भोज का आयोजन करने की खबर का प्रचारित होना। गौर तलब है कि गत 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में क्रिसमस के त्योहार पर ईसाई समुदाय को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि ईसाई समुदाय के साथ -मेरा बहुत पुराना और आत्मीय नाता रहा है। उन्होंने कहा कि -गुजरात के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए वे ईसाई समुदाय के लोगों व उनके नेताओं से अक्सर मिलते रहते थे। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि ईसाई समुदाय के साथ उनका बहुत पुराना और करीबी रिश्ता है। उन्होंने कहा कि क्रिसमस वह दिन है जब हम यीशु मसीह के जन्म का जश्न मनाते हैं। यह ईसा मसीह के जीवन संदेशों और मूल्यों को याद करने का भी एक पावन अवसर है। इसी दौरान यह खबर भी देश के कई प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कश्मीर से कन्याकुमारी तक क्रिसमस भोज का आयोजन करने जा रहा है। यह पहली बार था जब भाजपा सरकार के केंद्रीय सत्ता में रहते हुये इस तरह के आयोजन की खबरें प्रचारित हो रही थीं। इन्हीं खबरों में अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय राज्यमंत्री जॉन बारला द्वारा मेघालय हाउस में कथित तौर पर क्रिसमस भोज की मेजबानी करने, राष्ट्रीय ईसाई मंच की ओर से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के चर्च प्रमुखों को आमंत्रित करने तथा संघ के कई प्रमुख नेताओं के इस आयोजन में शामिल होने की बातें विभिन्न प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित हुईं। इन खबरों पर लोगों की खास तवज्जोह की वजह यह भी थी कि पिछले कुछ महीनों से देश का मणिपुर राज्य ईसाई विरोधी हिंसा से जूझ रहा है। खबरों के अनुसार मणिपुर में ईसाईयों के दर्जनों चर्च भी जला दिये गये हैं। पिछले कुछ समय से देश के और भी कई इलाकों से पादरियों, चर्चों और ईसाइयों के कुछ संस्थानों पर हमले की घटनाएँ सामने आई हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री का ईसाई प्रेम दशार्ने और संघ द्वारा क्रिसमस भोज दिये जाने की खबर के प्रचारित व प्रकाशित होने पर आम लोगों का नजर रखना भी स्वभाविक ही था। दरअसल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक व पूर्व सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर उर्फ गुरूजी ने 1966 में प्रकाशित अपनी एक पुस्तक बंच ऑफ थॉट्स में ऐसी कई विवादित बातें लिखी हैं जिनसे शायद संघ अब स्वयं को असहज महसूस कर रहा है और इनसे पीछा छुड़ाना चाहता है। गौरतलब है कि 1940 से लेकर लगातार 33 वर्षों (अपनी मृत्यु) तक संघ प्रमुख रहे माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर उर्फ गुरूजी ने अपनी पुस्तक बंच ऑफ थॉट्स में लिखा है कि ह्यउन्हें नाजी जर्मनी से प्रेरणा मिली है। उन्होंने भारतीय ईसाइयों को ब्लडसकर या खून चूसने वाला बताया और मुसलमानों, ईसाइयों और कम्युनिस्टों को देश के लिए आंतरिक खतरा करार दिया है। इसी पुस्तक के दूसरे भाग में राष्ट्र और उसकी समस्याएँ नाम का चैप्टर है।

वेंकैया गारू- भारत की सेवा में समर्पित जीवन

आज भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति और राष्ट्रीय राजनीति में शुचिता के प्रतीक हमारे श्री एम. वेंकैया नायडू गारू का जन्मदिवस है। वेंकैया नायडू जी आज 75 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्रसेवा और जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि रखा है। मैं उनके दीघार्यु होने और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। देश में उनके लाखों चाहते वाले हैं। मैं उनके सभी शुभचिंतकों और समर्थकों को भी बधाई देता हूं। वेंकैया जी का 75वां जन्मदिवस एक विशाल व्यक्तित्व की व्यापक उपलब्धियों को समेटे हुये है। उनका जीवन सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की ऐसी यात्रा है, जिसके बारे में सभी देशवासियों को जानना चाहिए। राजनीति में अपने प्रारम्भिक दिनों से लेकर उपराष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद तक, नायडू गारू ने भारतीय राजनीति की जटिलताओं को जितनी सरलता और विनम्रता से पार किया, वो अपने आपमें एक उदाहरण है। उनकी वाकपटुता, हाजिरजवाबी और विकास से जुड़े मुद्दों के प्रति उनकी सक्रियता के कारण उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर हर पार्टी में सम्मान मिला है वेंकैया गारू और मैं दशकों से एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। हमने लंबे समय तक अ लग-अलग दायित्वों को संभालते हुए साथ काम किया है, और मैंने हर भूमिका में उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैंने देखा है, जीवन के हर पड़ाव पर आम लोगों के प्रति उनका स्नेह और प्रेम कभी नहीं बदला। वेंकैया जी सक्रिय राजनीति से आंध्र प्रदेश में छात्र नेता के रूप में जुड़े थे। उन्होंने राजनीति के पहले पड़ाव पर ही प्रतिभा, वक्तृत्व क्षमता और संगठन कौशल की अलग छाप छोड़ी थी। किसी भी राजनीतिक दल में उन्हें कम समय में बड़ा स्थान मिल सकता था। लेकिन उन्होंने संघ परिवार के साथ काम करना पसंद किया, क्योंकि उनकी आस्था राष्ट्र प्रथम के विजन में थी। उन्होंने विचार को व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखा और बाद में जनसंघ एवं बीजेपी को मजबूत किया। लगभग 50 साल पहले जब काँग्रेस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाया था, तब युवा वेंकैया गारू ने आपातकाल विरोधी आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्हें लोकनायक जेपी को आंध्र प्रदेश में आमंत्रित करने के लिए जेल जाना पड़ा। लोकतंत्र के लिए उनकी ये प्रतिबद्धता, उनके राजनीतिक जीवन में हर जगह दिखाई देती है। 1980 के दशक के मध्य में, जब महान एनटीआर की सरकार को कांग्रेस ने गलत तरीके से बर्खास्त कर दिया था, तब वे फिर से लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए हुए आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में थे। 1978 में आंध्र प्रदेश ने जब कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया था, तब वेंकैया जी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एक युवा विधायक के रूप में जीतकर आए थे। पांच साल बाद, राज्य चुनाव में एनटीआर की लोकप्रियता अपने सर्वोच्च स्तर पर थी। तब भी वे बीजेपी के विधायक चुने गए। उनकी जीत ने आंध्र समेत दक्षिण में बीजेपी के लिए भविष्य के बीज बोये थे। युवा विधायक के रूप में ही, वे विधायी मामलों में अपनी दृढ़ता और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की आवाज उठाने के लिए सम्मानित होने लगे। उनकी वाकपटुता, शब्दशैली और संगठन सामर्थ्य से प्रभावित होकर एनटीआर जैसे दिग्गज ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। एनटीआर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करना चाहते थे, लेकिन वेंकैया गारू हमेशा की तरह अपनी मूल विचारधारा पर अडिग रहे। उन्होंने आंध्र प्रदेश में बीजेपी को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई, गांवों में जाकर सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़े। उन्होंने विधानसभा में पार्टी का नेतृत्व किया और आंध्र प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष भी बने। 1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुछ ही समय बाद वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने। वर्ष 2000 में, जब अटल जी सरकार बना रहे थे तो वो वेंकैया गारू को अपनी सरकार में मंत्री बनाना चाहते थे। अटल जी ने उनसे उनकी इच्छा पूछी तो वेंकैया गारू ने ग्रामीण विकास मंत्रालय को अपनी प्राथमिकता के रूप में चुना। उनकी इस पसंद ने तब कई लोगों को हैरान किया था। क्योंकि, उसके पहले नेताओं के लिए दूसरे मंत्रालय पहली पसंद हुआ करते थे। लेकिन, वेंकैया गारू की सोच बिल्कुल स्पष्ट थी- वह एक किसान पुत्र थे, उन्होंने अपने शुरूआती दिन गांवों में बिताए थे और इसलिए, अगर कोई एक ऐसा क्षेत्र था जिसमें वह काम करना चाहते थे, तो वह ग्रामीण विकास था। उस समय एक मंत्री के रूप में ह्यप्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनाह्ल को जमीन पर उतारने में उनकी अहम भूमिका थी। 2014 में एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली, तो उन्होंने शहरी विकास, आवासन एवं शहरी गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों को संभाला। उनके कार्यकाल के दौरान ही हमने ह्यस्वच्छ भारत मिशनह्ल और शहरी विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। शायद, वह उन नेताओं में से एक हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक ग्रामीण और शहरी विकास दोनों के लिए काम किया है। 2014 के उन शुरूआती दिनों में वेंकैया जी का अनुभव मेरे भी बहुत काम आया था। मैं उस समय दिल्ली के लिए एक बाहरी व्यक्ति था। मेरा करीब डेढ़ दशक गुजरात में ही काम करते हुये बीता था। ऐसे समय में वेंकैया गारू का सहयोग मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। वह एक प्रभावी संसदीय कार्य मंत्री थे। वो सदन में पक्ष-विपक्ष की बारीकियों को समझते थे। साथ ही, जब संसदीय मानदंडों और नियमों की बात आती थी, तब वो नियमों को लेकर भी उतना ही स्पष्ट नजर आते थे। वर्ष 2017 में, हमारे गठबंधन ने उन्हें हमारे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। ये हमारे लिए एक कठिन और दुविधा से भरा निर्णय था। हम ये जानते थे कि वेंकैया गारू के स्थान को भरना बेहद कठिन होगा। लेकिन साथ ही, हमें ये भी पता था कि उपराष्ट्रपति पद के लिए उनसे बेहतर कोई और उम्मीदवार नहीं है। मंत्री और सांसद पद से इस्तीफा देते हुए उन्होंने जो भाषण दिया था, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। जब उन्होंने पार्टी के साथ अपने जुड़ाव और इसे बनाने के प्रयासों को याद किया तो वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। इससे उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून की झलक मिलती है। उपराष्ट्रपति बनने पर उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए जिससे इस पद की गरिमा और भी बढ़ी। वह राज्यसभा के एक उत्कृष्ट सभापति थे, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि युवा सांसदों, महिला सांसदों और पहली बार चुने गए सांसदों को बोलने का अवसर मिले।

भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली के नये युग का आगाज

राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले कृत्यों के लिए नये कानून ने आतंकवादी कृत्य को ऐसी किसी भी गतिविधि के रूप में परिभाषित किया है, जो लोगों में आतंक फैलाने के इरादे से भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता या आर्थिक सुरक्षा को खतरा पहुंचाती है। पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का समूह मिलकर नस्ल, जाति या समुदाय, लिंग, जन्म स्थान, भाषा, व्यक्तिगत विश्वास या किसी अन्य समान आधार पर हत्या करता है, तो ऐसे समूह के प्रत्येक सदस्य को मृत्युदंड या आजीवन कारावास की सजा दी जायेगी और जुमार्ना भी देना होगा। 1973 की दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) ने प्रक्रियात्मक कानून में महत्वपूर्ण बदलाव किये हैं।

मनोज कुमार सिंह
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

देश में 30 जून, 2024 की मध्य रात्रि को ब्रिटिश हुकूमत के तीन आपराधिक कानूनों का अंत और भारतीय संसद द्वारा बनाये गये नये कानून के साथ एक जुलाई का अरुणोदय, भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नये युग का आगाज है। आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार के लिए एक ऐतिहासिक कदम के रूप में तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून क्रमशः औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। नये आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद एफआईआर से लेकर अदालत के निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो जायेगी और भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में आधुनिक तकनीक का सबसे अधिक इस्तेमाल करने वाला देश बन जायेगा। यह कानून तारीख-दर-तारीख के चलन की समाप्ति सुनिश्चित करेंगे और देश में एक ऐसी न्यायिक प्रणाली स्थापित होगी, जिसके जरिये तीन वर्षों के भीतर न्याय मिलना सुनिश्चित हो सकेगा। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक सुलभ, जवाबदेह, भरोसेमंद और न्याय प्रेरित बनाने का प्रयास है। 600 से अधिक संशोधनों और कुछ जोड़ने एवं हटाने के साथ आपराधिक कानूनों को पारदर्शी, आधुनिक और तकनीकी तौर पर कुशल ढांचे में ढाला गया है, ताकि वे भारत की आपराधिक न्याय व्यवस्था को कमजोर करनेवाली मौजूदा चुनौतियों से निपटने में सक्षम हों। तीनों नये आपराधिक कानून को वर्ष 2023 में संसद के शीतकालीन सत्र में पारित किया गया था। नये कानूनों के लागू होने के बाद पुलिस, जांच और न्यायिक व्यवस्था का चेहरा बदल जायेगा। कई तरह के मामलों में इन कानूनों का व्यापक असर पड़ेगा। नये कानूनों में महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गयी है। सूचना दर्ज होने के दो महीने के भीतर जांच पूरी होगी। अब इलेक्ट्रॉनिक रूप से समन की तामील की जा सकेगी। इससे कानूनी प्रक्रियाओं में तेजी आयेगी। कागजी कार्रवाई कम होगी और सभी संबंधित पक्षों के बीच समुचित संवाद सुनिश्चित होगा। नये कानूनों में जांच, ट्रायल और अदालती कार्यवाहियों में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है। नये कानूनों में पेश किये गये कुछ ठोस संशोधन केवल आरोपियों को दंडित करने के बजाय पीड़ित को न्याय देने को प्राथमिकता देकर हमारी सामूहिक चेतना को पुनः व्यवस्थित करने का प्रयास करते हैं। पीड़ित, गवाह और बड़े पैमाने पर जनता के अधिकारों और भलाई की रक्षा के लिए कुछ खास चीजें जोड़ी गयी हैं और संशोधन किये गये हैं। इन तीनों कानूनों में जीरो एफआईआर, ऑनलाइन शिकायत एवं इलेक्ट्रानिक माध्यम से समन और सभी जघन्य अपराधों में घटना स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी का प्रावधान शामिल हैं। कोई भी व्यक्ति थाने जाये बिना घटना की ऑनलाइन शिकायत कर सकेगा। पीड़ित क्षेत्राधिकार की चिंता किये बिना देश के किसी भी थाने में एफआईआर दर्ज करा सकता है। सबूत एकत्र करने के दौरान घटना स्थल की अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी करायी जायेगी, ताकि सबूतों के साथ छेड़छाड़ न की जा सके। पीड़ित और आरोपी दोनों को ही एफआईआर की कॉपी, पुलिस रिपोर्ट, चार्जशीट, बयान, स्वीकारोक्ति समेत मामले से जुड़े अन्य कागजात 14 दिन के भीतर हासिल करने के हकदार होंगे। मामले को बेवजह लंबा नहीं खींचा जा सके, इसकी भी व्यवस्था की गयी है। कोई भी अदालत मामले को अधिकतम दो सुनवाई तक ही टाल सकती है। गवाहों की सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम किया गया है। इसके लिए सभी राज्य सरकारों को अनिवार्य रूप से गवाह सुरक्षा योजना लागू करनी होगी। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए बीएनएस में नया अध्याय जोड़ा गया है। कई धाराएं और प्रावधान बदल गये हैं। आईपीसी में 511 धाराएं थीं, अब 356 बची हैं। 175 धाराएं बदल गयी हैं। आठ नयी जोड़ी गयीं, 22 धाराएं खत्म हो गयी हैं। इसी तरह सीआरपीसी में 533 धाराएं बची हैं। 160 धाराएं बदली गयी हैं, नौ नयी जुड़ी हैं, नौ खत्म हुई हैं। पूछताछ से ट्रायल तक सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से करने का प्रावधान हो गया है, जो पहले नहीं था। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिकतम तीन साल में देना होगा। भारतीय न्याय संहिता में 20 नये अपराध जोड़े गये हैं। ऑर्गेनाइज्ड क्राइम, हिट एंड रन, मॉब लिंचिंग पर सजा का प्रावधान। डॉक्यूमेंट में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड शामिल हैं। आईपीसी में मौजूद 19 प्रावधानों को हटा दिया गया है। 33 अपराधों में कारावास की सजा बढ़ा दी गयी है। 83 अपराधों में जुमार्ने की सजा बढ़ा दी गयी है। छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है। भारतीय न्याय संहिता 163 साल पुरानी आईपीसी की जगह लेगी, जिससे दंड कानून में महत्वपूर्ण बदलाव आयेंगे। सजा के रूप में सामुदायिक सेवा एक उल्लेखनीय परिचय है। यौन अपराधों के लिए कड़े कदम उठाये गये हैं। कानून में उन लोगों के लिए दस साल तक की कैद और जुमार्ने का प्रावधान है जो शादी का वादा करके धोखे से यौन संबंध बनाते हैं।

आज से भारत में प्रभावी नए आपराधिक कानून : निरंजन कुमार

जबकि पिछले भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 167 धाराएँ थीं। इन 167 धाराओं में से 23 धाराओं को संशोधित किया गया है, पाँच हटा दी गई हैं और एक और धारा जोड़ी गई है। भारत के पूरे इतिहास में अलग-अलग शासकों के अधीन अलग-अलग क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न आपराधिक न्याय प्रणालियाँ विकसित हुईं और देशकाल में उनका प्रभुत्व रहा। ब्रिटिश शासन के दौरान भारत में आपराधिक कानूनों को संहिताबद्ध किया गया जो अभी हाल तक प्रायः अपरिवर्तित बना रहा था। और आज से लागू किया गया तीन नए आपराधिक कानून।

निरंजन कुमार
पटना उच्च न्यायालय

आज से आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार के लिए एक ऐतिहासिक कदम के रूप में, आज से भारत में तीन नए आपराधिक कानून लागू किया गया। अभूतपूर्व विनियामक सुधार के दौर से गुजर रहा है। संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर, 2023 से 21 दिसंबर, 2023 तक आयोजित किया गया, दस बिल पेश किए गए थे और 17 को पारित किया गया था, जिसमें तीन बिल शामिल थे जो आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को बदलना चाहते है। संसद ने तीन आपराधिक कानूनों को बदलने की मांग करने वाले बिलों को पारित किया। भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 । ये कानून क्रमशः भारतीय दंड संहिता, 1860, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 और दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की जगह पर प्रतिस्थापन किया गया है । 25 दिसंबर, 2023 को तीनों विधेयकों को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिल गई, जिससे भारत में एक नए आपराधिक न्याय पारिस्थितिकी तंत्र की नींव रखी गई। तीनों नए कोडों में प्रौद्योगिकी का उपयोग उस आधार के रूप में किया गया है, जिस पर इस आधारभूत परिवर्तन का लाभ उठाया जाना है। साइबर अपराधों की शुरूआत और एफआईआर के इलेक्ट्रॉनिक पंजीकरण से लेकर जब्त की गई संपत्ति की अनिवार्य वर्चुअल रिकॉर्डिंग तक, नए आपराधिक कानूनों ने नागरिकों को न्याय प्रदान करने में दक्षता, गति और समानता प्राप्त करने की उम्मीद में भारतीय आपराधिक प्रणाली को डिजिटल बनाने की दिशा में काम किया है। भारतीय न्याय संहिता, 2023 में 20 नए अपराध जोड़े गए हैं और निरस्त आईपीसी के 19 प्रावधानों को हटा दिया गया है। 33 अपराधों के लिए कारावास की सजा बढ़ा दी गई है और 83 अपराधों के लिए जुमार्ना बढ़ा दिया गया है। 23 अपराधों के लिए अनिवार्य न्यूनतम सजा पेश की गई है। छह अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा की सजा पेश की गई है। शरीर के विरुद्ध अपराध : बीएनएस ने हत्या, आत्महत्या के लिए उकसाना, हमला करना और गंभीर चोट पहुँचाने पर आईपीसी के प्रावधानों को बरकरार रखा है। इसमें संगठित अपराध, आतंकवाद और किसी समूह द्वारा कुछ आधारों पर हत्या या गंभीर चोट पहुँचाने जैसे नए अपराध जोड़े गए हैं। महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधः बीएनएस ने बलात्कार, ताक-झांक, पीछा करने और महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने पर आईपीसी के प्रावधानों को बरकरार रखा है। यह सामूहिक बलात्कार के मामले में पीड़ित को वयस्क के रूप में वगीर्कृत करने की सीमा को 16 से बढ़ाकर 18 वर्ष कर देता है। संपत्ति के विरुद्ध अपराधः बीएनएस में चोरी, डकैती, सेंधमारी और धोखाधड़ी पर आईपीसी के प्रावधान बरकरार हैं। इसमें साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी जैसे नए अपराध भी शामिल किए गए हैं। राज्य के विरुद्ध अपराधः बीएनएस ने राजद्रोह को अपराध की श्रेणी से हटा दिया है। इसके स्थान पर भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्यों के लिए एक नया अपराध जोड़ा गया है। जनता के विरुद्ध अपराधः बीएनएस ने पर्यावरण प्रदूषण और मानव तस्करी जैसे नए अपराधों को जोड़ा है। आईपीसी में 23 अध्याय और 511 धाराएँ और बीएनएस में 20 अध्याय और 358 धाराएँ शामिल हैं। इसकी संरचना आईपीसी के समान है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 भारत में मूल अपराधी के प्रशासन के लिए मुख्य कानून है। भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम के द्वारा भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता में कई परिवर्तन किये गये हैं, जिनमें से निम्नलिखित मुख्य है। कानून को समेकित और सरल बनाना : सीआरपीसी के कई मानकों को रद्द और अधिकृत करके इसे समेकित किया गया है तथा सरल बनाया गया है। नागरिक अधिकार संहिता पूछताछ के दौरान अभियुक्त के समान वकील रखने का अधिकार, (हालांकि पूछताछ के दौरान नहीं), और निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार जैसे सुरक्षा उपायों का प्रावधान करके अभियुक्त के अधिकारों की पुष्टि करता है । बिना वारंट के किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने वाला प्रत्येक पुलिस अधिकारी या अन्य व्यक्ति उसे उस अपराध का पूरा विवरण, जिसके लिए उसे गिरफ्तार किया गया है, या ऐसी गिरफ्तारी के अन्य आधारों के बारे में तुरंत सूचित किया जाएगा। जब किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाएगा, तो गिरफ्तारी के तुरंत बाद केंद्र सरकार या राज्य सरकार की सेवा में एक चिकित्सा अधिकारी द्वारा उसकी जांच की जाएगी, और यदि चिकित्सा अधिकारी उपलब्ध नहीं हो तो एक पंजीकृत चिकित्सा उद्यमी द्वारा जांच कराई जाएगी। आपराधिक न्याय प्रणाली की दक्षता में सुधारः भारतीय नागरिक अधिकार संहिता विधि से संबंधित सामग्री को कम करके और कम समय में आपराधिक न्याय प्रणाली की दक्षता में सुधार करना चाहता है। बीएनएसएस में शामिल किए गए कुछ प्रमुख प्रस्ताव निम्नलिखित है।

जंगल को उजड़ना बंद करे तभी होगा वन महोत्सव शब्द सार्थक

संजय कुमार

जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक, दो, सैकड़ों, हजारो, लाखों व करोड़ों पेड़ लगाने को लेकर एक ओर हम जश्न मानते है तो दूसरी खनिज के लिए हसदेव जंगल को उजाड़ का मातम। जंगलों और पेड़ों का जश्न मनाने के लिए कई त्यौहार भी हैं। वनों को समर्पित एक ऐसा ही खास त्यौहार है वन महोत्सव दिवस या वन दिवस, जो 1 जुलाई से 7 जुलाई तक मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को प्रेरित करना और उन्हें वन संरक्षण और पेड़ लगाने के बारे में अधिक जागरूक बनाना है। यह एक सप्ताह तक चलने वाला त्यौहार है, जिसे भारत के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग दिनों में मनाया जाता है। मूल उद्देश्य के अनुसार, भारत के प्रत्येक नागरिक से वन महोत्सव सप्ताह के दौरान एक पौधा लगाने की अपेक्षा की जाती है। एक ओर इसे जीवन का उत्सव बताया जाता है दूसरी ओर पेड़ों को काट दिया जाता है। वैसे वन महोत्सव पूरे देश में उत्सव के एक हिस्से के रूप में, लोगों को वनों के महत्व को समझने और वन आवरण के लुप्त होने से होने वाले गंभीर खतरे को समझने के लिए वनरोपण अभियान शुरू किए जाते हैं। देखें तो लोगों को साँस देने वाले पेड़ों को वैश्वीकरण और शहरीकरण के नाम पर उजाड़ दिया जाता है। पेड़ों को ज्यादातर प्रमुख अवरोध के रूप में माना जाता है वे खनिज निकलने, सड़कों, फ्लाई ओवर, फुटपाथ और सड़कों के निर्माण के रास्ते में आते हैं। पेड़ों की हत्या से जलवायु परिवर्तन एक वास्तविकता है और ऐसे परिदृश्य में, एक ऐसे उत्सव की सख्त जरूरत है जिसका उद्देश्य देश में वन आवरण को बहाल करना है। लेकिन वन महोत्सव और पेड़ लगाने की अपील के बीच पेड़ों का काटा जाना एक तमाशा भी है और सवाल भी खड़ा करता है? हर साल पृथ्वी से फुटबाल के 27 मैदानों के बराबर जंगल बर्बाद हो रहा है। यानी हरित क्षेत्र खत्म हो रहे हैं। जहाँ तक भारत का सवाल है तो हर साल 200 वर्ग किलोमीटर के बराबर जंगल खो रहा है। है न गंभीर सवाल? इस सवाल को वन महोत्सव के दौरान याद किया जाना अति आवश्यक है क्योंकि जितना पौधारोपण होगा हरित आवरण उतना बढ़ेगा। वहीं खोते जंगल का सवाल आज भी तैर रहा है एक ओर क्लाइमेट ट्रेंडस की निदेशक आरती खोसला अपने आलेख ह्य200 वर्ग किलोमीटर जंगल हर साल कम हो रहे, उत्तर पूर्व में सर्वाधिकह्ल में खतरे का भयावह आईना दिखा रही हैं तो दूसरी ओर खनिज आदि के लिये जंगलों के लाख पेड़ों के ऊपर कुल्हाड़ी चलती है। गंभीर सवाल, चिंता में डालने वाला है। जंगल का खोना या बर्बाद होना। चाहे खनिज का सवाल हो या विकास का या फिर आग लगने की घटनाओं का, हरित पट्टी का कम होना गंभीर है। तो दूसरी ओर हरित पट्टी को बढ़ाने की पहल भी विश्व भर में होती दिख रही है। आयोजनों / दिवसों के माध्यम से हरित क्रांति का बिगुल फूंका जा रहा है। इसी कड़ी में शामिल है, प्रतिवर्ष जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित होने वाला ह्लवन महोत्सवह्ल। राष्ट्रीय वन महोत्सव, भारत सरकार द्वारा वृक्षारोपण को प्रोत्साहन देने के लिए आयोजित किया जाता है। सन 1960 के दशक में यह पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक परिवेश के प्रति संवेदनशीलता को अभिव्यक्त करने वाला एक आंदोलन के रूप में सामने आया था। तत्कालीन कृषिमंत्री कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने इसका सूत्रपात किया था, तब से पूरे भारतवर्ष में पौधारोपण कर पर्यावरण बचाओ धरती बचाव का अलख जगाया जाता रहा है।वनों को विनाश से बचाने और वृक्षारोपण योजना को वन महोत्सव का नाम देकर अधिक-से-अधिक लोगों को इससे जोड़कर भू-आवरण को वनों से आच्छादित करना ही इसका मुख्य मकसद शुरू से रहा है।

संक्षिप्त खबरें

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

मोतिहारी। जिला परिवहन पदाधिकारी, मोतिहारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहुत की गयी। उक्त बैठक में कई निर्देश दिए गए, जिनमें सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा के क्रम में सभी थानाध्यक्ष एवं संबंधित पदाधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु आवश्यक निदेश दिए गए। हिट एंड रन सड़क दुर्घटनाओं में मुआवजा भुगतान की समीक्षा के क्रम में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित गति से कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही हिट एंड रन सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों के आश्रितों को जिला परिवहन कार्यालय में आवेदन दाखिल करने हेतु सूचित करने के लिए सभी थानाध्यक्ष एवं ओ०पी० प्रभारी को निदेशित किया गया। गुड सेमेरिटन (अच्छे मददगार) को चिन्हित करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु सभी थानाध्यक्ष एवं ओ०पी० प्रभारी को निदेशित किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का चालक अनुज्ञप्ति निलंबन करने हेतु प्रस्ताव जिला परिवहन कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु सभी थानाध्यक्ष एवं ओ०पी० प्रभारी को निदेशित किया गया। सड़क दुर्घटनाओं की पोर्टल पर की गयी प्रविष्टि की समीक्षा करते हुए सभी थानाध्यक्ष एवं ओ०पी० प्रभारी को शत प्रतिशत एवं पूर्ण प्रविष्टि करने हेतु निदेशित किया गया।

बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

पानापुर(सारण) विद्युत विच्छेदन के बाद बगैर आरसीडीसी कटाये एवं टोंका फंसाकर बिजली की चोरी कर रहे दो सगे भाइयों पर विद्युत कंपनी के जेई भोला ठाकुर ने प्राथमिकी दर्ज करायी है एवं उनपर हजारों रुपये का जुर्माना लगाया है .दर्ज प्राथमिकी मे उन्होंने भोरहा गांव निवासी मनोज प्रसाद पर 10,777 रुपये एवं राजू प्रसाद पर 17,187 रुपये का जुर्माना लगाया गया है .छापेमारी दल में मानवबल दिनेश सिंह ,पवन कुमार साह के अलावे अन्य विभागीय कर्मी शामिल थे .विभाग की इस कार्रवाई से बिजली चोरी कर रहे लोगो मे हड़कंप है .

निःशुल्क मधुमेह जाँच-शिविर आयोजित

छपरा कार्यालय। रविवार को महमूद चौक छपरा में सुबह 6 :00 बजे से लायंस क्लब ऑफ छपरा ग्रेटर के द्वारा निःशुल्क सुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे लगभग 83 लोगो का शुगर जांच किया गया । कई लोगों का शुगर काफी बढ़ा हुआ था । सबको डॉक्टर से मिलने का सलाह दिया गया। मधुमेह (शुगर) के बारे में प्रिकॉशन लेने की बात कही गई लायंस क्लब छपरा ग्रेटर के क्लब एडमिनिस्ट्रेटर एस जेड ए रिजवी ने बताया कि क्लब के द्वारा हर महीने शुगर की जांच शिविर लगाई जायेगी और उसके बारे मे आगाह किया जायेगा । इस मौके पर काफी लायन सदस्य शामिल हुए और कार्यक्रम को सफल बनाया प्रोग्राम अध्यक्ष चंदन शर्मा का रोल अहम रहा इस अवसर पर वरिष्ठ लायन सदस्य एस जेड ए रिजवी, अध्यक्ष करण सिंह, उपाध्यक्ष विभूति नारायण शर्मा सचिव राजेश कुमार .एस एम इब्राहिम.एडवोकेट जफर हुसैन जैदी , संतोष कुमार सिंह, प्रोग्राम अध्यक्ष चंदन शर्मा रिजवी राज, अर्जुन शर्मा , जयप्रकाश कुमार विनोद कुमार सिंह केशव लाल शर्मा अजीत कुमार सिंह संजय कुमार सिंह विशाल राय एवं मनीष मिश्रा ने सक्रिय भूमिका निभाई । इस कार्यक्रम की जानकारी सेक्रेटरी राजेश कुमार उपाध्याय के द्वारा दी गई

रिमांड होम में किशोरों को दी गई कानून की जानकारी

छपरा कोर्ट। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर जिला विधिक जागरूकता समिति सारण छपरा द्वारा में लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम के अंतर्गत पैनल अधिवक्ता दुर्गेश प्रकाश बिहारी और विधि स्वयंसेवक सुबोध कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिमांड होम में जेजे और पोक्सो एक्ट के विषय पर किशोरो को जानकारी दिया गया और किशोरो को बताया गया कि अगर उनके अभिभावक अधिवक्ता रखने में असक्षम हो तो जिला विधिक प्राधिकार को एक आवेदन दे कर अधिवक्ता ले सकते है। आवेदन पत्र रिमांड होम के अधीक्षक कार्यालय में उपलब्ध है। आपको सरकार की ओर से अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाएगा। जे जे एक्ट के अंतर्गत किशोर को मिलने वाले सुविधा और किशोर के अधिकार के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। विधि जागरूकता कार्यक्रम में रिमांड होम के अधीक्षक पंकज प्रसाद और सविता देवी सरिता कुमारी शैलेंद्र पांडे उमाशंकर सहित सभी किशोर उपस्थित थे।

धूमधाम से मनी भामाशाह की जयंती

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण जिला वैश्य महासभा छपरा सारण ट्रस्ट रजि0 के तत्वावधान में महान दानवीर शिरोमणि भामाशाह की जयन्ती हीरा पैलैस में बड़े धूमधाम से मनाई गई। दानवीर भामाशाह के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम का उद्धघाटन नगर विधायक डॉ सीएन गुप्ता, मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, गंगोत्री प्रसाद अधिवक्ता, श्याम बिहारी अग्रवाल, राजेश फैशन, प्रदीप कुमार गुप्ता, राजेश कुमार, सुपन प्रसाद बिहारी, धर्मनाथ पिन्टु, ओम प्रकाश स्वर्णकार, राजु ब्याहुत ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

श्याम बिहारी अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा मातृ-भूमि के प्रति अगाध प्रेम और दानवीरता के लिए भामाशाह का नाम इतिहास में अमर है। भामाशाह का निष्ठापूर्ण सहयोग महाराणा प्रताप के जीवन में महत्वपूर्ण और निर्णायक साबित हुआ था। मातृ-भूमि की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप को उन्होंने अपनी सम्पूर्ण धन-संपदा अर्पित कर दी। यह सहयोग तब दिया जब महाराणा प्रताप अपना अस्तित्व बनाए रखने के प्रयास में निराश होकर परिवार सहित पहाड़ियों में छिपते भटक रहे थे। मेवाड़ की अस्मिता की रक्षा के लिए दिल्ली गद्दी का प्रलोभन भी भामाशाह जी ने ठुकरा दिया था। महाराणा प्रताप को दी गई उनकी सहायता ने मेवाड़ के आत्म सम्मान एवं संघर्ष को नई दिशा दी।

छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा भामाशाह अद्वितीय दानवीर एवं त्यागी महापुरुष थे। आत्म सम्मान और त्याग की यही भावना आपको स्वदेश, धर्म और संस्कृति की रक्षा करने वाले देश-भक्त के रुप में शिखर पर स्थापित कर देती है। आज भी धन अर्पित करने वाले किसी भी दान दाता को भामाशाह कहकर उसका स्मरण-वंदन किया जाता है। भामाशाह अपनी दानवीरता के कारण इतिहास में अमर हो गए। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के बलिदान के साथ उनका दान अनंत काल तक अमर रहेगा। नगर निगम मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्त ने कहा दानवीर भामाशाह का जन्म राजस्थान के मेवाड़ राज्य में 29 जून, 1547 को रणथम्भौर कि ले के कि लेदार भारमल जी के यहाँ हुआ था। जो राणा साँगा के विश्वासपात्र थे। अपने पूर्वजों की तरह भामाशाह भी मेवाड़ के राजा के सहयोगी और विश्वासपात्र सलाहकार थे। अपरिग्रह को जीवन का मूलमंत्र मानकर संग्रहण की प्रवृत्ति से दूर रहने की चेतना जगाने में भामाशाह सदैव अग्रणी थे। उन्हें अपनी मातृ-भूमि के प्रति अगाध प्रेम था। दानवीरता में वे कर्ण के समान थे। राजेश फैशन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा भामाशाह का निष्ठापूर्ण सहयोग महाराणा प्रताप के जीवन में महत्त्वपूर्ण और निर्णायक साबित हुआ था। मेवाड़ के इस वृद्ध मंत्री ने अपने जीवन में पूर्वजों की संपदा के अलावा भी कई राजाओं से भी अधिक धन संपदा अर्जित की थी। मातृ-भूमि की रक्षा के लिए तथा महाराणा प्रताप का सर्वस्व होम हो जाने के बाद, उनके लक्ष्य को सर्वोपरि मानते हुए भामाशाह ने अपनी कमाई हुई सम्पूर्ण धन-संपदा के साथ अपने पूर्वजों के खजाने को भी महाराणा प्रताप कोअर्पित कर दिया। माना जाता है कि यह सम्पत्ति इतनी अधिक थी कि उससे तेरह वर्षों तक 25,000 सैनिकों का सपरिवार खर्चा पूरा किया जा सकता था। कार्यक्रम का संचालन श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत प्रदीप कुमार गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राजेश फैशन ने किया। कार्यक्रम को गंगोत्री प्रसाद अधिवक्ता, विष्णुदेव प्रसाद, ओमप्रकाश स्वर्णकार, अजीत स्वर्णकार, सुग्रीव प्रसाद गुप्त, सुजीत कुमार मोर, उमाशंकर साहु, संतोष कुमार डीओ, धर्मनाथ पिन्टु, राजेश नाथ प्रसाद, प्रो सिया शरण प्रसाद, भगवती प्रसाद जगाती आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर सैकड़ो वैश्यों ने उपस्थित होकर दानवीर भामाशाह को श्रद्धान्जली अर्पित किया।

बरसात के गिरते ही जंगल सफारी अगले सत्र के लिए बंद : रेंजर

- पर्यटक नहीं कर सकेंगे जंगली जीवों का दीदार

प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। नसीम खान क्या मानसून के आते और बरसात के गिरते ही वीटीआर प्रशासन ने जंगल सफारी को अगले आदेश तक बंद कर दिया है ।बतादें की अब पर्यटक खुली आँखों से जंगली जीवों का दीदार अगले सत्र तक नहीं कर सकेंगे। पर्यटकों को अगले सत्र नवंबर तक इंतजार करना पड़ेगा। बतादें की बरसात के सीजन में वीटीआर के जंगलों में भारी बारिश होती है। जिससे जंगल मे बने सफारी के कच्चे मार्ग पर कई जगहों से रेन कट हो जाते हैं और पहाड़ी रास्तों पर फिसलन हो जाती है ।इसलिए एहतियातन जंगल सफारी को इसलिए बन्द कर दिया जाता है

ताकि सफारी के दौरान पर्यटकों को किसी भी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि सफारी के साथ साथ बोटिंग को भी अगले सत्र तक के लिए बंद कर दिया गया है ।मानसून में गंडक के जलस्तर में अप्रत्याशित बढ़ोतरी होती है और नदी में करेंट भी तेज हो जाता है। बतातें चलें कि इस दौरान पर्यटक वाल्मीकिनगर में दूसरे अन्य पर्यटक डिस्टिनेशन का लुफ्त उठा सकते है।

जीवन में अगर कुछ करना है तो लक्ष्य निधारित करें और अमल करें : जिलाधिकारी

- रेडियो मयूर का सपनो की उड़ान लाइव पॉडकास्ट और युवाओं से संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। अगर आप जिंदगी में कुछ करना चाहते हैं तो आप सबसे पहले अपना टारगेट सेट करें और उस टारगेट को पूरा करने में पूरी लगन के साथ लग जाएं। इसलिए ऐसा कहा भी जाता है कि सेट द टारगेट एंड हिट द टारगेट। ये बातें सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने रेडियो मयूर के सपनो की उड़ान कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में कई स्कूल और कॉलेज के बच्चों के बीच कही। इस मौके पर जिलाधिकारी ने पीरामल फाउडेशन की दिव्य उड़ान कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर श्री अमन समीर ने कहा कि अगर आपको कुछ बनना है तो सबसे पहले अपने समय का चयन करें और उस चयनीत समय को इमानदारी से प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि अगर आपके जीवन में कोई तनाव है तो उस तनाव को दूर करने के लिए आपकी जो भी हॉबी है उसमें कुछ समय व्यतीत किजिए।

श्री समीर ने बच्चों को बताया कि अगर आपकी परिवारिक आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हो तो उससे घबराएं नहीं, समाधान ढूढे और आगे बढ़े। उन्होंने बताया कि आज के समय में मोबाइल पढ़ाई में बाधा भी है और सहायक है। अतः सोच समझ कर मोबाइल का इस्तेमाल करें। इस मौके रेडियो मयूर के स्टेशन हेड अभिषेक अरुण ने बताया कि रेडियो मयूर हमेशा से समाज में नए-नए कार्यक्रमों से कई विषयों पर जागरूकता फैलाते आया है। खासकर युवाओं के लिए ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन करते आ रहा है। भविष्य में भी युवाओं को ध्यान में रखते हुए उनके हित के लिए कई कार्यक्रम लेकर आ रहा है। ये कार्यक्रम सपनों की उड़ान जिले में पहला ऐसा कार्यक्रम है जिसमें जिलाधिकारी स्वयं युवाओं को जागरूक किया है। इस मौके पर पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम निदेशक ने दिव्य उड़ान पहल के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों को बताया कि वैसे दिव्यांग जो इस प्रोग्राम से जुड़ना चाहते है तो वे रेड़ियो मयूर के सहयोग से पॉडकास्ट की ट्रेनिंग ले सकते हैं। इसके लिए पीरामल फाउंडेशन आपको पूरा सहयोग करेंगा। इस मौके पर शिक्षाविद हरेन्द्र सिंह, सूरेश सिंह, अभिजीत सिन्हा, सुधाकर भाद्ववाज, चित्रकेतु मिश्रा, आदित्य गुप्ता , अतुल कुमार , डॉ पार्थसारथी गौतम , पुनितेश्वर पुनीत , ई विजय राज , राकेश शांडिल्य , वरुण सिन्हा , आरजे रजत के अलावा पीरामल फाउंडेशन के अधिकारी हरिशंकर कुमार सिंह, शैलेन्द्र सिंह, प्रकाश गुप्ता, अभिमन्यू सिंह, कुमार पीयूष और अरविंद कुमार पाठक सहित कई लोग उपस्थित थे।

समुद्र मंथन के दौरान भगवान शिव को सिर्फ अमृत ही नहीं विष भी हाथ लगी थी:सांसद

प्रात : किरण, संवाददाता

एकमा। स्थानीय रामाधार सिंह टीचर ट्रेनिंग कालेज के परिसर में मतदाता अभिनंदन- सह -आभार समारोह के साथ-साथ सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल का सम्मान का आयोजन नगर अध्यक्ष पप्पू सिंह की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि मेरे देव तुल्य नागरिक जनता ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। इसके लिए मैं आप सबो के प्रति आभारी हूं। उन्होंने कहा कि समुद्र मंथन के दौरान भगवान शिव को सिर्फ अमृत ही हाथ नहीं लगा था विष हाथ लगी थी । उसी तरह समाज की एकता अखंडता के लिए अगर मुझे भी विष भी पीना पड़े तो यह आपका सेवक पीछा नहीं हटेगा । जाति, धर्म या एक जाति को लेकर हम नहीं चल सकते ।समाज के सभी वर्गों को लेकर आगे चलने का हमारा लगातार प्रयास रहेगा । ईश्वर आपको

मौका दिया है तो आपको काम करना है हमें बिहार व भारत दोनों विकसित चाहिए इसके लिए इसके भी हम काम कर रहे हैं । समाज में जो लोग विश फैलाया है उसपर हम अमृत छिड़केंगे ।

इस कार्यक्रम में उपस्थित ज्योति सेंट्रल स्कूल के निदेशक डॉक्टर एस कुमार ,ठाकुर सिंह राजू शर्मा भाजपा नेत्री सुमन देवी जदयू नेता दिनेश सिंह रामदयाल शर्मा ,चैतेन्दर नाथ सिंह भोला जी सूर्यनंदन शाही जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर सिंह राजन तिवारी बंटी ओझा जितेंद्र सिंह भाजपा युवा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष गौरव कृष्ण सिंह सहित सभी बूथ स्तर के कार्यकताओं को सांसद सिग्रीवाल ने उन्हें अंग वस्त्र व फूल माला पहनाकर स्वागत किया । कार्यक्रम का आयोजन रामाधार सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह के द्वारा आयोजित की गई थी। जहां एकमा नगर के पार्टी कार्यकताओं के द्वारा सांसद श्रीं सिंह को तीसरी बार जीत मिलने पर बड़ी फूल माला पहनकर उनका जोरदार स्वागत किया गया । कार्यक्रम का संचालन अविनाश चंद्र उपाध्याय ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन वीरेंद्र पांडे ने किया ।

टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे के विकल्प पर विचार विमर्श

प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। नसीम खान क्या ऑडियो वीडियो हाल में रविवार की दोपहर स्टालिन साहब आइएफएस प्रशिक्षु वाल्मीकि नगर रेंजर राजकुमार पासवान चिउटहा रेंजर बजेंद्र कुमार वायोजोलिस्ट सौरभ वर्मा के नेतृत्व में होम स्टे को लेकर सभी एक विकास समिति के अध्यक्षों के साथ बैठक किया गया। इसमें बताया गया कि ग्रामीण स्तर पर पर्यटकों को कैसे बढ़ावा दिया जाना है। इस बाबत पूछे जाने पर वाल्मीकि नगर रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि होम

स्टे यह है कि यात्री होटल या रिजॉर्ट्स के बजाय स्थानीय निवासियों के घरों में रुक सकते हैं। इसमें स्थानीय संस्कृति और जीवन शैली का व्यापक और व्यक्तिगत अनुभव प्राप्त होगा। होम स्टे मेहमानों को एक स्वागत का योग्य और मैत्रीपूर्ण वातावरण प्रदान करना है जिससे वह आरामदायक और घर जैसा वातावरण महसूस करेंगे। होम स्टे एक व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करता है जो उनके मेहमानों की विशिष्ट आवश्यकता में रुचि पूरा करता है विशिष्ट आवश्यकता में रुचि पूरा करता है। होस्ट स्थानीय आकर्षणिक भोजन और गतिविधियों पर मूल्यवान सलाह प्रदान करेगा। इसके साथ में सभी को विकास समिति के अध्यक्ष को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया इस अवसर पर संतपुर, दरुआबारी, तरुवनवा, हड़नाटाड़ के ईको विकास समिति के अध्यक्ष उपस्थित थे।

हल्के बारिश से पर्यटन नगरी का हो जाता है बुरा हाल जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं

बगहा। नसीम खान क्या बगहा पुलिस जिला का एक मात्र पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर आज बिहार सरकार,जिला प्रशासन, लोकल प्रशासन,जलसंसाधन विभाग,वन विभाग और पर्यटन विभाग के संयुक्त प्रयास से पर्यटन क्षेत्र में प्रति वर्ष एक नया आयाम व इबारत लिख रहा है। ऊपर से चकाचौंध दिखने वाला पर्यटन नगरी का असली सूरत तब नजर आता है जब बारिश के बाद कई जगहों पर जलजमाव नजर आने लगता है। जलसंसाधन विभाग कॉलोनियों में सड़कों का जाल बिछा है मगर बारिश के पानी के निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम कहीं नहीं है। जिसकारण ई टाइप स्थित पुराना शिव मंदिर स्टोर के चारो तरफ जलजमाव हो जाता है, वहीं वन सभागार परिसर में भी ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने के वजह से जलजमाव होता है। बतादें बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग पर टंकी बाजार और तीन आरडी पूल चौक के बीच सड़क किनारे जलजमाव हो जाता है। टंकी बाजार मेन रोड स्थित निवासी समाजसेवी आलोक यादव ने बताया कि सड़क से घर की तरफ जाने के लिए सड़क पर लगे पानी से होकर जाना पड़ता है ।कम से कम सड़क प्राधिकरण को चाहिए कि शहरी क्षेत्र के अंदर जलजमाव नहीं हो इसके लिए सड़क किनारे पानी निकासी के लिए नाले का निर्माण किया जाना चाहिए।

केंद्र सरकार पेंशन कम्यूटेशन 11 वर्ष करे :अंसारी

- पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन ,छपरा शाखा की बैठक स्थानीय पराशर कॉम्प्लेक्स के सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता सुभाष चन्द्र ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए उप सचिव डॉ ए एच अंसारी ने छपरा शाखा के सदस्यों की प्रतिदिन बढ़ोत्तरी पर खुशी जाहिर की और कहा कि पेंशनर्स अधिकाधिक संख्या में सदस्यता ग्रहण करें। इससे एसोसिएशन की ताकत बढ़ेगी। जिन पेंशनर्स का जन्मदिन जून माह है , उनको बधाई कार्ड देकर लंबी आयु की कामना की गई और उनको सभी सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। डॉ अंसारी ने केन्द्र सरकार और रेल प्रशासन से पेंशनर्स हित में 18 माह के डीए ,एरियर भुगतान और पेंशन कम्यूटेशन पंद्रह वर्ष के बदले ग्यारह वर्ष में करने की मांग की।

शाखा मंत्री मिथिलेश कुमार सिंह ने पेंशनर्स हित में शाखा द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन का त्रैमासिक बुलेटिन सभी पेंशनर्स सदस्यों को वितरित किया गया। नये पेंशनर्स को एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण कराई गई। पेंशनर्स को 65 , 70 , 75 वर्ष आयु पर क्रमशः 5 ,10 ,15 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता की माँग केंद्र सरकार से की।

शाखा मंत्री ने सभी पेंशनर्स को आह्वान करते हुए अपनी चट्टानी एकता भारत पेंशनर्स समाज के माध्यम से दिखाकर सरकार पर दबाव बनाने की बात कही।

शाखा मंत्री श्री सिंह ने जिन पेंशनर्स की समस्यायों का निराकरण पूउरे पेंशनर्स एसोसिएशन ने कराया है , उसकी चर्चा की। जिन पेंशनर्स की वर्तमान समस्या थी , उसको एकत्र किया और रेलवे अस्पताल से रोगग्रस्त पेंशनर्स को उचित इलाज और दवा आपूर्ति की माँग की गई। इसके लिए सदस्य संख्या और संघर्ष की जरूरत है। अध्यक्ष विश्व मोहन सिंह ने पेंशनर्स को स्वस्थ रहने के लिए कुछ जरूरी हिदायतें बतायीं। जिन पेंशनर्स सदस्यों का जन्मदिन मनाया गया , उनको शुभकामना दीं। निरंतर छपरा शाखा के पेंशनर्स सदस्यों की वृद्धि पर प्रसन्नता प्रकट की। साथ ही साथ बताया कि जो पेंशनर्स 30जून/31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हुए हैं उनको रेल प्रशासन द्वारा हर हाल में नोशनल इंक्रीमेंट देना होगा। इसके लिए इलाहाबाद कैट में याचिका दायर है। कुछ लोगों के हक में डिसिजन आ गया है , जिनकी याचिका पहले दायर थी और बाकी का भी जल्द निर्णय पक्ष में आयेगा। यह पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की जीत और एकता का परिणाम है।

सुरेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में हुंकार भरते हुए पेंशनर्स को एकजुट होकर अपनी एकता प्रदर्शित करते हुए केंद्र सरकार पर दबाव बनाने की बात कही

बैठक को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से डॉ ए एच अंसारी , पी के मांझी , अरूण कुमार सिंह , सुधीर कुमार श्रीवास्तव एवं राजकुमार श्रीवास्तव आदि थे।

भापसा नदी के पानी से टुटा सड़क , ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

बगहा। नसीम खान क्या पुलिस जिला बगहा के नौरंगिया थाना क्षेत्र के महुवा कटहरवा पंचायत के वार्ड नंबर 14 में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय जाने वाले रास्ते में नदी के पानी के तेज बहाव के कारण ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है ।बतादें स्कूल जाने वाले रास्ता को पुरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। जिससे स्कूल जाने वाले छात्र - छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महुवा कटहरवा पंचायत के मुखिया आरती देवी ने बताई कि यह झापसा पुल के पानी ने स्कूल जाने आने वाले सड़क को पुरी तरह से ध्वस्त कर दिया है ।इसके टूट जाने से अन्य जगहों से संपर्क टूट गया है।

भारत-नेपाल जिला स्तरीय सीमा समन्वय समिति की बैठक आयोजित

रक्सौल। सीमा पार की चुनौतियों से निपटने के लिए आपसी सहयोग की एवं समन्वय के उद्देश्य से नेपाल के बीरगंज स्थित पर्सा आईसीपी के हाल मे बीते दिन इंडो नेपाल वार्डर कॉर्डिनेशन कमिटि की उच्चस्तरीय बैठक का अयोजन किया गया। इस बैठक नेपाली सीमावर्ती जिले के पदाधिकारी एवं पूर्वी चम्पारण तथा पश्चिम चम्पारण जिला के वरीय पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में सीमा सुरक्षा, जाली नोट, आर्म्स, ड्रग्स एण्ड नारकोटिक्स, लिकर, तम्बाकू एवं अन्य अवैध वस्तुओं की तस्करी नियंत्रण, कॉस बोर्डर काईम कन्ट्रोल, मोस्ट वांटेड अपराधियों के धर पकड़, विदेशी नागरिकों और संदिग्ध लोगों की अवैध आवाजाही एंव अवांछित गतिविधि पर रोक तथा आपसी सूचनाओं के आदान-प्रदान और आपसी सहयोग संबंधित मुद्दों पर गहन विमर्श किया गया। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता पर्सा जिला के सीडीओ एवं जिलाधिकारी पूर्वी चम्पारण के द्वारा किया गया। बैठक के वाद संयुक्त रूप से दोनों जिलाधिकारी ने बताया कि वार्ता काफी सौहार्दपूर्ण और सकरात्मक माहौल में हुई है जिससे आने वाले समय में क्रॉस बॉर्डर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने में काफी सहयोग मिलेगी। बैठक के प्रारंभ में जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण एवं जिलाधिकारी पश्चिमी चंपारण के द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर नेपाल के तरफ से प्राप्त सहयोग के लिए उपस्थित नेपाली सिस्टम मंडल का धन्यवाद किया गया।

बैठक में पर्सा एवं बारा जिला के सीडीओ सहित नेपाली शिष्टमण्डल के साथ पूर्वी चम्पारण के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी, बगहा के पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी, अपर समाहर्ता, सदर एसडीओ मोतिहारी, एसडीओ रक्सौल, डीसीएलआर रक्सौल, एसडीपीओ, डीएफओ, उत्पाद अधीक्षक पूर्वी चंपारण, एसएसबी कमांडेंट सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

250 यात्रियों का दूसरा जत्था बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए हुआ रवाना

छपरा कार्यालय। जय भोला भंडारी सेवा दल (रजिङ्क 033) छपरा, बिहार के द्वारा बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए 250 यात्रियों का दूसरा जत्था अमरनाथ के लिए रवाना हुआ ककोषाध्यक्ष- अमित जी मेडिकल उप सचिव मंटु बाबा ने हरी झंडी दिखा ट्रेन से जत्थे को रवाना किया कछपरा जंक्शन पर विशाल भंडारे का आयोजन भी हुआ सभी यात्रियों को चन्दन तिलक लगाने के बाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण कराया गया कछपरा जंक्शन पर भोले के भक्तों के साथ अन्य यात्री भी हर्ष उल्लास से भड़ गए कजय भोले, हर हर महादेव, जय बाबा अमरनाथ बफार्नी, जय शिव के नारों से पूरा जंक्शन गूंज उठा कआपको बताते चले कि इस सेवा दल द्वारा उधमपुर जम्मू-कश्मीर में भंडारा भी लगाया जाता है कयह बिहार का पहला भंडारा है जो अमरनाथ यात्रा मार्ग पर लगता है कइस वर्ष चौथे विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है कइस जत्थे का नेतृत्व- शिव जी रस्तोगी, संत रस्तोगी, रन विजय, श्याम जी, पवन जी, निरज सिंह, श्याम किशोर जी के द्वारा किया जा रहा है कआज के इस आयोजन में सेवा दल के सदस्य- राजेश जी (रिबक) केदार जी, धनु जी, कन्हैया लाल, प्रकाश कुमार, शम्भु जी, गुड्डू जी, विक्की ठंडा इत्यादि सदस्यों ने भाग लिया

इंडियन बैंक के कर्मी के सेवानिवृत्त होने पर बिदाई समारोह का आयोजन

माँझी। इंडियन बैंक की माँझी शाखा परिसर में शनिवार की शाम एक समारोह आयोजित कर बैंक के सेवानिवृत्त आदेशपाल श्याम नारायण सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में शामिल बैंक कर्मी एवं अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें फूल माला पहनाकर तथा अंग वस्त्र आदि प्रदान कर सम्मानपूर्वक विदाई दी। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की भूरी-भूरी प्रशंसा की। सहायक शाखा प्रबंधक विकास कुमार ने कहा कि श्याम नारायण जी की अनुपस्थिति हम सबको खलेगी ।क्योंकि श्याम नारायण जी अपने लंबे कार्यकाल की बदौलत बैंक के ही नहीं बल्कि हम सबके महत्वपूर्ण अंग बन चुके थे। वे अपनी ड्यूटी पर इस कदर सजग रहते थे कि पलक झपकते ही कठिन कार्यों को भी सहज ही निपटा देते थे। वक्ताओं ने आग्रह किया कि सेवानिवृत्त होने के बावजूद वे बैंक से जुड़े रहें ताकि बैंक कार्य निष्पादन में आगे भी उनका सहयोग लिया जा सके। मौके पर शाखा प्रबंधक एस सी सुमन,अक्षय कुमार सिंह,दिनेश कुमार सिंह, चंद्रशेखर शुक्ला,वीरेंद्र कुमार,विजय कुमार सिंह,रामदास राम,अजहर हुसैन,पदम् देव मिश्रा,मनीष सिंह तथा सूरज कुमार सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

प्राधिकार आपके द्वार अंतर्गत दी गई कानूनी जानकारी

बेतिया(मोहन सिंह)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अवर न्यायाधीश सह सचिव अमरेंद्र कुमार राज के निर्देश पर, आगामी 13 जुलाई को व्यवहार न्यायालय परिसर बेतिया मे लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर में पारा विधिक स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता के द्वारा प्रखण्ड बखरिया, रूलहि सहित ग्रामों में विधिक जागरूकता का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता ने कहा की आगामी 13 जुलाई को व्यवहार न्यायालय परिसर बेतिया में राष्ट्रीय लोक अदालत में आप सभी सुलह योग्य आपराधिक, राजस्व, दीवानी, मोटर वाहन दुर्घटना दावा, बैंक ऋण, वन संबंधित वाद, माप तौल संबंधित वाद, श्रमिक वाद, भूअर्जन वाद, पारिवारिक विवाद एवं अन्य सभी प्रकार के सुलहनये वादों का निस्तारण, आपसी सहमती व सद्भाव से करा सकते है। उन्होंने कहा की जो लोग राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने पुराने व लम्बित वाद का निस्तारण आपसी सहमति से कराना चाहते हैं, वे समय पूर्व, सिविल कोर्ट परिसर स्थित लोक अदालत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने न्याय विभाग द्वारा संचालित टेली लॉ योजना के बारे में बताया कि देश का कोई भी नागरिक, टेली लॉ योजना अंतर्गत घर बैठे वरिष्ठ वकीलों से टेलीफोनिक व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दहेज, पारिवारिक विवाद, तलाक, घरेलू हिंसा, महिला, बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण, कार्यस्थल पर लैंगिग उत्पीड़न, यौन दुर्व्यवहार, छेड़छाड़, जमीन जायदाद व संपति का अधिकार, महिला पुरूष के समान मजदूरी, मातृत्व लाभ, लिंग जाँच व भ्रूण हत्या रोकथाम, बाल विवाह रोकथाम, बाल श्रम, बाल मजदूरी, बाल अधिकार, एफआईआर लिखवाने और जमानत मिलने की प्रकिया, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के प्रति अत्यचार और पुनर्निर्वास जैसे मामलों मे निशुल्क कानूनी सलाह व सहायता ले सकते हैं।

संक्षिप्त खबरें

यज्ञ के दौरान हथियार लेकर घूमने का आरोपित गिरफ्तार

आरा। भोजपुर के जगदीशपुर थाना पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के आरोपित को गिरफ्तार किया है। वह जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रेपुरा टोला गांव निवासी सुरेश यादव का पुत्र जितेश यादव है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि सरैंया टोला गांव में चल रहे यज्ञ में पिछले 12 मई को तीन चार लड़के हथियार लेकर घूम रहे थे। तब पुलिस द्वारा दो लड़कों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि जितेश यादव सहित दो भागने सफल रहे थे। उसी समय से पुलिस उसकी गिरफ्तारी में जुटी थी। शुक्रवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष बिगाउ राम के नेतृत्व में दारोगा प्रभात कुमार, मीना कुमारी और सुधांशु कुमार ने पुलिस बल के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार जितेश यादव का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है। लूट सहित अन्य मामलों में उसकी तलाश थी। उसके आपराधिक रिकार्ड को खंगाला जा रहा है।

दुल्हन प्रेमी संग हुई फरार, आने वाली थी बारात

कलेर। थाना क्षेत्र के कलेर गांव में एक प्रेमी जोड़ेने घर से भाग कर शादी रचा ली। जब्बार बीघा का रहने वाला मो मिराज और कलेर गांव की रहने वाली मुस्कान खातून पिछले 2 वर्षो से एक दूसरे से बे इंतेहा मोहब्बत करते थे। इन दोनों के प्रेम में परिजन बाधा बन रहे थे इस दौरान दोनों एक दूसरे से छुप-छुप कर मिलना जारी रखा। जिसकी भनक परिजनों को लग गया। उसके बाद परिजनों ने दोनों को मिलने पर पाबंदी लगा दी बड़ी नजर रखते हुए लड़की को घर में नजरबंद कर दिया गया। स्थिति को देखते हुए दोनों प्रेमी जोड़ा जैसे तैसे मुलाकात किया तथा दोनों ने फैसला लिया कि घर की चौखट पार कर दोनों एक दूसरे के साथ शादी रचाने का फैसला कर लिया एवं दोनों ने परिजनों को बिना बताए घर से भाग कर शादी रचा लिया। इधर लड़की के परिजन मुस्कान को ढूंढ रहे थे परंतु 2 दिन इंतजार के बाद लड़की नहीं मिली तो उसके परिजन घबरा गए क्योंकि लड़की की बारात तुर्कबीघा से 27 जून को आने वाली थी।

प्रधानमंत्री ने देश को किया आह्वान एक पेड़ मां के लिए अवश्य लगाए

गया। देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार मन की बात का 111 वी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भाजपा कार्यालय में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता एवं जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर सहित अन्य लोग ने मन की बात सुना अपने मन की बात प्रधानमंत्री मोदी ने देश वासियों सहित विश्व के लोगों से अपील की अपनी मां के ममता का यादगार प्रकट करने के लिए एवं मां के प्यार के साथ साथ धरती मां का ऋण को समर्पित करते हुए एक पेड़ मां के नाम से समर्पित कर पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प ले एवं प्रधानमंत्री के द्वारा पूरे देश वासियों से अपील की अगले ओलंपिक में खिलाड़ियों को शुभकामना और बधाई दी ज्यादा से ज्यादा पदक विजेता बने आने वाले महाप्रभु जगन्नाथ जी का रथ यात्रा, अमरनाथ यात्रा का श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी हैं।

106 झंडा समिति को तलवार व राम दरबार का मोमेंटो दे किया गया सम्मानित

गया। श्री रामनवमी पूजा केंद्रीय समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की विधिवत उद्घाटन दीप प्रोजलन कर बिहार सरकार के मंत्री संतोष सुमन, संरक्षक सदस्य अनिल स्वामी, डॉ जगदीश शर्मा, कौशलेन्द्र कुमार, कार्याध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह, संगठन मंत्री ओम प्रकाश सिंह, महामंत्री मनीलाल बारीक, वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद भदानी ने किया है। इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री संतोष सुमन ने कहा कि गया में श्री रामनवमी केंद्रीय पूजा समिति द्वारा बिहार का सबसे बड़ा शोभा यात्रा का आयोजन किया जाता हैं। हमारा सौभाग्य है कि हम इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। राम भक्तो के साथ हमारी पार्टी हर दम खड़ी रहेगी। रामनवमी शोभा यात्रा के आयोजन में आनेंवाली सभी समस्याओं को हम दूर करेंगे। अगले बार आयोजित होने वाली शोभायात्रा और भव्य हों इसके लिए पूरी तैयारी हम लोग अभी से ही करे। इस सम्मान समारोह में गया शहर के 106 झंडा प्रभारियों के साथ-साथ शोभा यात्रा में सहयोग करने वाले लोगों को राम दरबार का मोमेंटो, तलवार व भगवा वस्त्र देकर सम्मानित किया गया है। कार्याध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह ने बताया अगली बार के लिए अभी से संकल्प ले कि इससे अधिक झंडा निकालेंगे। उन्होंने कहा कि वैसे लोग सावधान हो जाए जो शोभा यात्रा में बाधा उत्पन्न करते है। केन्द्रीय समिति ऐसे लोगों को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे। हम सभी का सौभाग्य हैं कि हम लोग गया में जन्म लिये और इस शोभायात्रा के आयोजन में अपनी भूमिका निभाते हैं। हम लोग आयोजन को और अच्छा करे इसके लिए अभी से प्रयास करें।

मानसून की पहली बारिश से लोगों को मिली उमस भरी गर्मी से राहत

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। शहर सहित जिले के विभिन्न इलाकों में शनिवार से आज तक मानसून की पहली बारिश हुई। झमाझम हुई बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। ताल-तलैया में पानी भर गए। सूखे पड़े खेतों में हरियाली छा गई। इस दौरान पशु- पक्षियों ने राहत की सांस ली। वहीं ग्रामीण इलाकों में लोग कृषि कार्य में जुट गए।

जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह तेज धूप के कारण लोग गर्मी से परेशान थे। दोपहर में एकाएक मौसम का मिजाज बदला आसमान में बादल छा गए, उसके बाद जमकर बारिश हुई। बारिश से ताल- तलैया में पानी भर गया।

यह लोगों के लिए एक वरदान की तरह: बता दें की भारत के बिहार सहित अन्य राज्यों में मानसून का मौसम लोगों के जीवन में गहरा प्रभाव छोड़ता है। जब गर्मियों के पारे में पारित होते समय पहली बारिश की बूंदें गिरती हैं, तो यह लोगों के लिए एक वरदान की तरह होती है। उमस भरी गर्मी से परेशान लोग इस पावन क्षण का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

यह राहत का पल है: पहली बारिश के साथ ही वातावरण में एक नई ताजगी छा जाती है। धूल और गर्मी का बोझ कम होकर लोगों को राहत मिलती है। हवाएं सांसें भरने लगती हैं और जमीन की खुशबू छलक पड़ती है। लोगों के मनों में एक नई उर्जा और उत्साह भर जाता है। आंग्ल कहावत के अनुसार, यह राहत का पल है। इस प्रकार, मानसून की पहली बारिश से लोगों के जीवन में एक नया सुकून और स्फूर्ति आ जाती है। यह भारत के मौसमी चक्र का एक अविभाज्य हिस्सा है जो लोगों के जीवन को गहराई से प्रभावित करता है।

आरा शहर के शहीद भवन के पास बाइक सवार बदमाशों ने की हवाई फायरिंग

प्रात: किरण संवाददाता

आरा शहर के होटल पार्क भ्यू एवं शहीद भवन के बीच शनिवार की शाम बाइक सवार बदमाशों ने हवाई फायरिंग की। सरेशाम हुई हवाई फायरिंग की घटना से लोगों में आरा शहर के होटल पार्क भ्यू एवं शहीद भवन के बीच शनिवार की शाम बाइक सवार बदमाशों ने हवाई फायरिंग की। सरेशाम हुई हवाई फायरिंग की घटना से लोगों में अफरातफरी मच गई। हालांकि इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ। बदमाशों की संख्या तीन बताई जा रही है। वे एक ही बाइक पर सवार थे। तीनों अपना मुंह कपड़े से ढके हुए थे। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश शहीद भवन होते हुए दक्षिणी रमना रोड होते हुए निकल गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि फायरिंग की वारदात आसपास के लगे सीसीटीवी में कैद हुई है।

बताया जाता है की बाइक सवार तीनों बदमाशों में एक ने पार्क भ्यू होटल एवं शहीद भवन के बीच अपना पिस्टल कोकर फायरिंग की, उसके बाद शहीद भवन मोड पर दोबारा उसने फायरिंग करने की कोशिश की। हालांकि गोली मिस फायर हो गई।

1 जुलाई को छात्र एवं छात्राओं के बीच किया जाएगा प्रमाण पत्र-वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। बिहार सरकार के सात निश्चय के अंतर्गत स्थापित कुशल युवा कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्र एवं छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र-वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय नागरिक प्रचारिणी सभागार में 1 जुलाई 2024 दिन सोमवार सुबह 11बजे किया जाना है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी भोजपुर श्री राजकुमार, पुलिस अधीक्षक भोजपुर श्री प्रमोद कुमार, सदर एस डी एम विकास कुमार, मेयर आरा नगर निगम श्रीमती इंदु देवी, उप विकास आयुक्त भोजपुर, जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर एवं शहर के कई शिक्षाविद और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में 2023-24 में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके लगभग 1000 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। जिसमें टॉपर रहे छात्र-छात्राओं को लैपटॉप एवं 10000 नगद पुरस्कार, आगे की पढ़ाई के लिए छात्रवृति, प्रमाण-पत्र, शील्ड, मेडल एवं मोमेंटो से सम्मानित किया जाएगा एवं अन्य छात्रों को प्रमाण-पत्र, मेडल, शील्ड एवं मोमेंटो दिया जाएगा। यह कार्यक्रम जिला नियोजन पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी भोजपुर श्री नूर अहसन की अध्यक्षता में की जाएगी। इसकी जानकारी मालती तकनीकी एवं सामाजिक कल्याण संस्थान के सचिव सत्य प्रकाश (साइबर विशेषज्ञ) एंव डॉक्टर पी सी के निदेशक विकाश कुमार के द्वारा दिया गया।

रोटरी क्लब आरा द्वारा पुरस्कार वितरण संपन्न, शिक्षा और सामाजिक कार्य सत्र की उपलब्धि : रो. संजीव गुप्ता

आरा। रोटरी क्लब आफ आरा का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह तहे दिल से का आयोजन रो. संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में रो. राममूर्ति प्रसाद के आवास बहियारा, आरा आगरा, आरा में किया गया। इस मौके पर रोटरी परिवार और क्लब के कार्यो में सहयोग करने वाले पुरुष और महिलाएं विशेष रूप से उपस्थित रही। मुख्य अतिथि के रूप में मेयर इंदु देवी ने अपने उद्बोधन में क्लब के कार्यो की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्लब ने शिक्षा और रचनात्मक कार्यो से नगर में नई जागृति बनाई है। विशिष्ट अतिथि पीडीजी प्रो डा बिंदु सिंह और ए जी सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा की

आरा क्लब ने अध्यक्ष संजीव गुप्ता के कुशल नेतृत्व में सराहनीय कार्य किया। कार्यक्रम में बक्सर रोटरी क्लब के अध्यक्ष सचिव और अन्य सदस्य भी उपस्थित हुए। सदस्यों को उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अपने उद्गार व्यक्त करते हुए अध्यक्ष रो. संजीव गुप्ता ने कहा कि एक साल के कार्यकाल में जैन बाला विश्राम विद्यालय मे लगभग 200 छात्राओं के लिए शेड लगाया, बच्चियों के लिए सेनेटरी पैड मशीन लगा, आरा ब्लड बैंक केंद्र पर 101 यूनिट रक्तदान, शिविर के माध्यम से, जरूरतमंदों के बीच 201प्रति कंबल वितरण, छह स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था, 25 मेधावी बच्चों को स्कूल बैग, पुस्तक कॉपी आदि वितरित, कई सुरक्षित स्थानों पर 200 पौधारोपण किए गए, 70 बच्चियों का रोटरी जागृति केंद्र में निशुल्क सिलाई कढ़ाई ब्यूटीशियन का कोर्स कराया जा रहा है। सचिव पंकज कुमार प्रभाकर ने अपने सत्र में किए गए कार्य और समाज के विभिन्न समूह और वर्गो द्वारा विशेष सहयोग प्राप्त हुआ इसके लिए सभी को हृदय से बधाई और शुभकामना भी दी।

माँ बरेजी धाम के निर्माण को ले मुख्यमंत्री से मिले ट्रस्ट के संरक्षक

भोजपुर। तरारी, माँ बरेजी मंदिर ट्रस्ट जेठवार भट्ट के संरक्षक श्री राहुल राय उर्फ अंशु राय ने माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी से दिल्ली प्रवास के दौरान मुलाकात की. मुलाकात में माँ बरेजी मंदिर ट्रस्ट जेठवार भट्ट द्वारा बनाये जा रहे तरारी के जेठवार भट्ट ग्राम में माँ बरेजी धाम बनाने को लेकर चर्चा हुआ। इस पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री जी द्वारा यह सकारात्मक पहल ट्रस्ट परिवार एवं जेठवार भट्ट गाँव के लिए बहुत ही गर्व की बात है। विदित हो कि माँ बरेजी ट्रस्ट जेठवार भट्ट द्वारा एक भव्य माँ बरेजी मंदिर का निर्माण

प्रक्रियाधीन है. विगत 10 मई को मंदिर का भव्य भूमि पूजन व ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया था. ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश कुमार राय, सचिव श्री विजय राय, कोषाध्यक्ष श्री बिट्टू राय, श्री विनय राय, श्री रंजन राय, सुरेन्द्र सिंह, हृदया नन्द सिंह, आदि ने इस मुलाकात और माननीय मुख्यमंत्री के आश्वासन पर हर्ष व्यक्त किया है।

वीर कुंवर सिंह की प्रेमकथा पुस्तक पर फिल्म बनाने की चर्चा गर्व की बात: धीरज सिंह

प्रात: किरण संवाददाता

जगदीशपुर। 1857 गदर के महान सेनानी पर मुरली मनोहर श्रीवास्तव द्वारा लिखित पुस्तक "वीर कुंवर सिंह की प्रेमकथा" काफी सुर्खियों में है। इस पुस्तक को लेकर राष्ट्रीय कुंवर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज कुमार सिंह उर्फ लव ने कहा कि इस पुस्तक के लेखन से लेकर प्रकाशन तक चश्मदीद रहा हूं। बहुत ही कठिनाई से रण बांकुरे बाबू वीर कुंवर सिंह जी की स्मृतियों को संयोजने की लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने की है। सिंह ने कहा कि मैं जहां भी जाता हूं "वीर कुंवर सिंह की प्रेमकथा" पुस्तक को ही भेंट करता हूं। बाबू साहब के देशप्रेम पर केंद्रित इस पुस्तक की इतनी मांग बढ़ गई है। मुरली मनोहर श्रीवास्तव की

पुस्तक "वीर कुंवर सिंह की प्रेमकथा" पर फिल्म बनने की खबर ने साहित्य और फिल्म जगत में काफी उत्साह पैदा कर दिया है। यह पुस्तक श्रीवास्तव की एक प्रसिद्ध कृति है, जिसमें वीर कुंवर सिंह के जीवन और प्रेमकथा को दशार्या गया है। इतना ही नहीं वीर कुंवर सिंह, जिन्हें 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के नायक के रूप में जाना जाता है, की प्रेमकथा काफी रोमांचक और प्रेरणादायक है। श्रीवास्तव की पुस्तक में इस प्रेमकथा को काफी संवेदनशीलता और ओजस्विता से प्रस्तुत किया गया है, जिसके कारण यह पुस्तक काफी लोकप्रिय हो रही है। राष्ट्रीय कुंवर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज कुमार सिंह उर्फ लव जी ने यह भी बताया कि फिल्म निमार्ता और निर्देशक इस पुस्तक की कहानी को बड़े पर्दे पर प्रस्तुत करने के लिए काफी उत्साहित हैं। यह फिल्म वीर कुंवर सिंह के जीवन और प्रेमकथा को एक नए तरीके से प्रस्तुत करेगी, जिसके कारण यह फिल्म काफी प्रत्याशित है। पुस्तक पर फिल्म बनने की खबर ने साहित्य और फिल्म जगत में एक नई उम्मीद पैदा कर दी है। यह फिल्म न केवल वीर कुंवर सिंह के जीवन और प्रेमकथा को प्रस्तुत करेगी, बल्कि श्रीवास्तव की पुस्तक की लोकप्रियता को भी बढ़ाएगी। श्री सिंह ने यह भी कहा कि बाबू साहब के इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय कुंवर वाहिनी भी पुस्तक पर फिल्म बनाने के लिए सहयोग करेगी। बाबू साहब के ऊपर जितना काम करने की जरुरत थी उस तरीके से नहीं की गई है लेकिन "वीर कुंवर सिंह की प्रेमकथा" जो पुस्तक है इसमें उनके सारे अनछुए पहलूओं को उजागर करने की कोशिश की गई है ताकि आने वाली पीढ़ी इनके इतिहास से सीख ले सकें। इस पुस्तक में एक बात और देखने को मिली की कथानक के साथ-संाथ उस जमाने के लोक संगीत के अलावे मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने गीतों की ऐसी रचना की है जो हकीकत से रुबरु कराता है।

सभी मुखिया अधूरा पड़े कार्य को 15 दिन में करें पूरा : डीएम

प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायत राज - विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले के प्रत्येक पंचायत के मुखिया - एवं वरीय पदाधिकारी शामिल रहे। डीएम के द्वारा निर्देशित किया गया कि जहां भी पंचायत सरकार भवन का निर्माण - नहीं हुआ है वहां - यथाशीघ्र जनप्रतिनिधि - और पंचायत के लोगों से समन्वय कर यथाशीघ्र - निर्माण कराया जाए। और जो भी पूर्व से निर्माण पंचायत सरकार भवन में कमियां हैं उन्हें जल्द दूर किया जाए और - निर्माण के लिए लंबित राशि को भुगतान कराया जाए। आदर्श आचार संहिता में रुके हुए

कार्य को 15 दिन के अंदर पूर्ण - कराया जाय। वही आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण एवं खेल मैदान के प्रकरण से संबंधित लंबित मामलों को एक हफ्ता - के अंदर निष्पादन किया जाए लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज 2 के तहत शौचालय निर्माण की प्रोत्साहन राशि को - ससमय भुगतान कराया जाए और विभिन्न पंचायत में जहां शौचालय निर्माण का कार्य शेष है उसे एक सप्ताह के अंदर - कार्य पूर्ण कर ले और प्रधानमंत्री आवास योजना प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया की आवास योजना में लंबित किस्तों को पूर्ण कराया जाए बैठक में उप विकास आयुक्त भू अर्जन पदाधिकारी भूमि सुधार उपसमाहर्ता विशेष कार्य पदाधिकारी के अलावे सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी मुखिया उपस्थित रहे।

बिहार फोटोग्राफर्स एसोसिएशन के द्वारा किया गया सम्मान समारोह सह फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। बिहार फोटोग्रफर्स एसोसिएशन के द्वारा सम्मान समारोह सह फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन आरा कार्यालय का उद्घाटन मीरगंज में बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त चर्चित फोटोग्राफर अमित मिश्रा को बेस्ट फोटोग्राफर का सम्मान दिया गया। वही पत्रकारिता के लिए बेस्ट फोटोग्राफी अवॉर्ड समीर अख्तर को दिया गया, फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सूजीत केसरी, द्वितीय स्थान रविकांत चौधरी व तृतीय स्थान नेहा सिंह को दिया गया, प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका चित्रकार व फोटोग्राफर संजीव सिंह थे,

मंचसंचालन अभिषेक कुमार उर्फ पप्पू गुप्ता ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन के अध्यक्ष जयंत कुमार ओझा, सचिन चंदन कुमार कोषाध्यक्ष पंकज कुमार, कार्यकारी समिति के सदस्य प्रदीप रंजन कुमार, सुनील कुमार ओझा दिलीप कुमार पत्रकार एवं अशरफ आलम ने अहम भूमिका निभाई, इस अवसर पर पटना जॉइंट सेक्रेटरी रोहित खत्री, दुर्गेश जी एवं विष्णु शंकर जी ऑल इंडिया फोटोग्राफी फाउंडेशन के पदाधिकारी गण उपस्थित है।

32वीं वाहिनी एसएसबी ने लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

गया। सामाजिक जन-कल्याण कार्यक्रम ' के अंतर्गत 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, डोभी गया के कार्यवाहक कमाडेंट चंद्रजीत के कुशल निर्देशन में "जी" समवाय गुरपा के कम्पनी कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह के नेतृत्व में शनिवार को ग्राम-तेलनी, कोडिया, धावा-टांड, यदुग्रम और विजयनगर के बीच निशुल्क चिकित्सा-शिविर का आयोजन तेलनी ग्राम मेंकिया गया। जिसमें में लगभग 310 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा दवा का वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ हिमांशु गिरी (सहायक कमांडेंट मेडिकल) सशस्त्र सीमा बल के द्वारा किया गया। लाभार्थीयों में बुजुर्ग व्यक्ति व महिलाये, नवयुवक और छोटे बच्चे भी शामिल थे। बता दें कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा सामाजिक चेतना के अंतर्गत समय-समय पर सामाजिक जन-कल्याण कार्यक्रम का आयोजन करता रहता है। और अपने आदर्श वाक्य "सेवा बंधुत्व" को चरितार्थ करता है।

भगवान महावीर स्वामी जल मंदिर में धूमधाम से मना जीर्णोद्वार महोत्सव

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। शिवगंज स्थित भगवान महावीर स्वामी जल मंदिर में जल मंदिर उपसमिति के तत्वावधान में बड़े ही धूमधाम से जीर्णोद्वार महोत्सव मनाया गया। प्रतिष्ठाचार्य पं गुलाब चन्द्र जैन शास्त्री के मंगल निर्देशन में प्रातः समय में भगवान महावीर स्वामी का विभिन्न रसों से भव्य पंचामृत अभिषेक, शांतिधारा, पूजन संपन्न हुआ जिसमें शांतिधारा करने का सौभाग्य शील जैन परिवार को प्राप्त हुआ। अभिषेक के उपरांत शांति विधान, विश्व शांति हवन एवं

भूमि शुद्धि का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी जल मंदिर एक ऐतिहासिक मंदिर है जिसका संचालन श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, आरा के अंतर्गत किया जाता है। इस मंदिर की मुख्य विशेषता सरोवर के मध्य में मंदिर स्थापित है जोकि पावापुर स्थित भगवान महावीर की मोक्ष स्थली (जल मंदिर) की प्रतिकृति है इस ऐतिहासिक मंदिर के जीर्णोद्वार के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन जल मंदिर में किया गया है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिलाओं ने अभिषेक, पूजन, शांति विधान, हवन एवं भूमि शुद्धि कर अपने जीवन को धन्य किया। शांति विधान पुण्यार्जक सरोज जैन थी। कार्यक्रम के समाप्ति पर साधर्मी वात्सल्य की व्यवस्था मंदिर परिसर था जिसे सभी भक्तों ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया। कार्यक्रम में पंचायती मंदिर के अध्यक्ष कमलेश कुमार जैन, उपाध्यक्ष रीना जैन, सचिव डॉ आदित्य विजय जैन, कोषाध्यक्ष धीरेंद्र चंद्र जैन, जल मंदिर संयोजक मनोज जैन, सह संयोजक निलेश कुमार जैन, सदस्य रंकीत जैन, उषा जैन, प्रतीक जैन, अशोक कुमार जैन, अनीश जैन, दीपक प्रकाश जैन, परिमल जैन, सुरभि जैन, नेहा जैन, अंशुल जैन, ओंकार अग्रवाल, अंजू जैन, सीमा जैन, मंजुला जैन, सालिका जैन, रत्ना जैन, रेणु जैन, प्रकाश चंद्र जैन के साथ सैकड़ो की संख्या में भक्तगण शामिल थे।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के समीक्षात्मक बैठक हुई

गया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के तत्वाधान में भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारी एवं सभी जिला के अध्यक्ष के साथ समीक्षात्मक बैठक की हुई है इस कार्यक्रम के अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व पातेपुर विधायक लखेन्द्र पासवान एवम संचालन प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार चौधरी द्वारा किया गया है। जहां मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महामंत्री राजेश वर्मा शिवेश राम, मिथिलेश तिवारी उपस्थित रहे। मंच पर उपस्थित प्रवीण दास तांती, प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र सदा, कुंवर विजय पासवान सुनील दास मिलन रजक, गजेंद्र पासवान, अनिल राम, अनामिका पासवान, प्रदेश मंत्री आनंद राम विशंभर पासवान, किरण देवी, महिला संयोजक सुनीता पासवान एवं सभी जिला के जिला अध्यक्षगण उपस्थित रहे हैं।

इंदिरा गांधी महिला कॉलेज में मासिक परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। दाउदनगर प्रखंड स्थित विश्व रत्न इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति उच्च माध्यमिक पटना के निर्देश पर कॉलेज में मासिक परीक्षा सफलता पूर्वक क्रियान्वित हुआ। परीक्षा 21 जून से लगातार हो रही थी। कॉलेज की प्राचार्या डॉ पुष्पा कुमारी ने बताया कि मासिक परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को

आत्मावलोकन करने का मौका मिलता है साथ ही साथ यह भी पता चलता है कि हम पढ़ाई के प्रति कितने अग्रसर हैं। परीक्षा के सफल संचालन में परीक्षा नियंत्रक जेपी सिंह की सराहनीय भूमिका रही। छात्राओं ने मासिक परीक्षा के आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे पढ़ाई के प्रति हम लोगों की रुझान बढ़ी है। साथ ही साथ स्वाध्याय एवं स्वमूल्यांकन करने की भी मौका प्राप्त हुई है। विदित हो कि दाउदनगर अनुमंडल में इंदिरा गांधी एक मात्र महिला कॉलेज है जहां छात्राओं की निरंतर पढ़ाई होती है। छात्रवृत्ति पुस्तकालय एवं लैब की सुविधा विशिष्ट हैं।

पूर्व बिपीपा प्रत्याशी विजेंद्र सिंह के पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। पूर्व सांसद आनंद मोहन और शिवहर की सांसद लवली आनंद के पुराने सहयोगी, वरिष्ठ नेता व भोजपुर जिले के सन्देश विधानसभा क्षेत्र के पूर्व बिपीपा प्रत्याशी विजेंद्र सिंह के बड़े पुत्र सुनील सिंह की भीषण सड़क दुर्घटना मे मौत हो गई है। दुर्घटना मे सुनील सिंह की मौत से आनंद समर्थको मे शोक की लहर है। भोजपुर जिले के काकनडिहरा निवासी विजेंद्र सिंह के बराह स्थित मकान पर शोकाकुल समर्थको की भारी भीड़ जुट रही है और लोग उन्हें सांत्वना व्यक्त कर रहे हैं। इस बीच दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ पूर्व सांसद आनंद मोहन भी बराह स्थित पूर्व बिपीपा प्रत्याशी और अपने निकटतम नेता विजेंद्र सिंह के आवास पर पहुंचे और उन्हें यहाँ पहुंचकर ढाढ़स बंधाया। दुःख की इस घड़ी मे उन्हें साहस दिया और सांत्वना व्यक्त की। पूर्व सांसद आनंद मोहन बराह गांव मे करीब घंटे पर रहे और दुर्घटना के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उनके साथ फ्रेंड्स ऑफ के कई नेता भी विजेंद्र सिंह के घर पहुंचे हुए थे। सबके बीच शोक की लहर थी और सभी के

चेहरे पर अपने बीच के सुनील सिंह के सड़क दुर्घटना मे खोने का गम था।

पूर्व सांसद आनंद मोहन के निकततम माने जाने वाले पूर्व छात्र नेता और फ्रेंड्स ऑफ आनंद के पूर्व जिला संयोजक डॉ। सुरेन्द्र सागर ने बताया कि पूर्व सांसद आनंद मोहन के साथ फ्रेंड्स ऑफ आनंद के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह, शत्रुघ्न सिंह, रजनीश सिंह, दीपक सिंह समेत कई लोग शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने पहुंचे हुए थे। उधर भोजपुर जिले के गांव गांव मे मौजूद आनंद मोहन के समर्थको का भी विजेंद्र सिंह के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने का सिलसिला जारी है। बता दें की सड़क दुर्घटना का शिकार हुए सुनील सिंह बहुत ही सामाजिक व्यक्ति थे और समाज मे अच्छे कार्य और व्यवहार की वजह से वे खासे लोकप्रिय थे। वे अपने पीछे पत्नी और दो बेटे छोड़ कर गए हैं। विजेंद्र सिंह के छोटे पुत्र मुकेश सिंह ने बताया कि बड़ा पुत्र सुप्रीम कोर्ट मे वकील हैं जबकि छोटा पुत्र इंजिनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर पटना मे नौकरी करते हैं। उधर सुनील सिंह की सड़क दुर्घटना मे हुई मौत पर फ्रेंड्स ऑफ आनंद समेत कई सामाजिक और राजनैतिक दलों के नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। फ्रेंड्स ऑफ आनंद के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह, राजेश सिंह, हरेंद्र सिंह, सोनू सिंह, मियां सिंह, रिंकू सिन्हा, मिथिलेश पासवान, धनोज सिंह, राष्ट्र सेवा मिशन के अध्यक्ष जितेंद्र नीरज समेत कई नेताओं ने सुनील सिंह की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है और दुःख की इस घड़ी मे शोकसंतप्त परिवार को सहन शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

ई.रिक्शा चालक की हत्या कर शव घर के समीप फेका

प्रात: किरण संवाददाता

एकमा। स्थानीय थाना क्षेत्र के पारसा पुर्वी पंचायत के धनवती गांव में एक बींस वर्षीय टोटो चालक की हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना की जानकारी लोगों को तब मिली जब सुबह उठे तो देखा कि सड़क के किनारे एक शव पड़ा हूआ है। इसकी खबर गांव सहित आसपास के लोगों को फैल गई। इसकी सुचना लोगों ने पुलिस को दिया तो थाने के

अपर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने दल बल के साथ पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। मृतक की पहचान धनवती गांव निवासी रविंद्र साह का 20 वर्षीय शैलेंद्र साह उर्फ दारा के रूप में हुई है। मृतक के पिता ने बताया कि शैलेंद्र अपने चार भाई व तीन बहनों के बीच माझिल था। वह टोटो चलाकर परिवार का भरने पोषण करता था।

शव के साथ दहाड़ मारकर कर रोते बिलखते हुए परिजन: थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को देखकर प्रतीत हो रहा है कि दूसरे जगह से हत्या कर शव को घर के समीप लाकर फेंक दिया है। मृतक को पीछे से वार कर घटना का अंजाम दिया गया है। घटना की जानकारी एसडीपीओ राज किशोर सिंह को मिलने पर धनवती गांव पहुंचकर कर घटना का जायजा लिया तथा हर बिंदु पर जांच किया।

इस संबंध में मृतक के पिता रविन्द्र साह ने गांव के ही बादशाह अंसारी की पत्नी नुरेशा खातुन सहित अज्ञात चार लोगों को आरोपी बनाया है।



पवन कल्याण की आगामी फिल्म पर आया बड़ा अपडेट

पवन कल्याण साउथ फिल्मों के सुपरस्टार हैं। वह मुख्य रूप से तेलुगु सिनेमा में काम करते हैं। फिल्मों के अलावा वह राजनीति में भी काफी सक्रिय हैं। उनकी जनसेना पार्टी ने हाल में ही संपन्न हुए आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया और सत्ता में काबिज हुई। इस वक्त वह आंध्र प्रदेश के नौवें उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत हैं। फिल्मों की बात करें तो उनकी कई फिल्में इस साल रिलीज को प्रस्तावित हैं। उनमें से ही एक फिल्म हरि हर वीरा मल्लू को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है।

दर्शकों को शानदार अनुभव देने की है कोशिश

पवन कल्याण की आगामी फिल्म हरि हर वीरा मल्लू पर काफी समय से काम चल रहा है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसे कई मुश्किलों से गुजरना पड़ा है। अब फिल्म को लेकर नई जानकारियां सामने आई हैं। फिल्म के प्रस्तुतकर्ता ए.एम. रत्नम दर्शकों को एक बेहद शानदार सिनेमाई अनुभव देने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज पर संशय बरकरार है, लेकिन अभिनेता के फैंस उम्मीद जता रहे हैं कि वो इस साल के अंत तक सिनेमाघरों में फिल्म देख सकेंगे।

अलग जगहों पर किया जा रहा है वीएफएक्स पर काम

हाल में ही एक इंटरव्यू में ए.एम. रत्नम ने फिल्म को लेकर बात की है। इस दौरान उन्होंने बताया कि मछलीपट्टनम बंदरगाह पर एक सीक्वेंस शूट किया गया है। बेहतरीन सीजीआई के लिए ईरान की एक कंपनी को जिम्मेदारी दी गई है। काम बेहतर हो इसके लिए ईरान से एक व्यक्ति भारत आया है। उन्होंने बताया कि इस एपिसोड के लिए सीजीआई का काम अगले 10-15 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। इस इंटरव्यू में उन्होंने आगे बताया कि कुश्ती से जुड़ा एक एपिसोड शूट किया गया है , जिसके वीएफएक्स का काम अभी बेंगलुरु में किया जा रहा है। इसके साथ ही चारमीनार एपिसोड के लिए वीएफएक्स का काम हैदराबाद में चल रहा है।

फिल्म में होगा बाघ वाला सीक्वेंस

फिल्म में वीएफएक्स का काफी महत्व होगा। इसे लेकर ए.एम. रत्नम ने कहा है कि विजुअल इफेक्ट्स दर्शकों को पुराने दिनों की याद दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि फिल्म की टीम का उद्देश्य है कि फिल्म पूरी तरह से बेहतर बने, इस वजह से ही फिल्म में अधिक समय भी लग रहा है। इसके अलावा रत्नम ने एक और मजेदार खुलासा करते हुए बताया कि फिल्म में बाघ वाला एक सीक्वेंस भी होगा। इसके लिए कनाडा की एक कंपनी को सीजीआी का काम सौंपा गया है।

फिल्मों की बढ़ती लागत पर लक्ष्मी मांचू की दो टूक, हॉलीवुड से तुलना कर दिया सुझाव

मनोरंजन जगत में इन दिनों फिल्मों की बढ़ती लागत और रेवन्यू पर काफी चर्चा हो रही है। कई मशहूर फिल्म निर्माता और सितारे इस पर अपना रुख साफ करते नजर आ चुके हैं। बीते दिनों अनुराग कश्यप, करण जौहर, कबीर खान, कार्तिक आर्यन और कृति सेनन जैसी नाचमीन हस्तियों को इस बहस का हिस्सा बनते देखा गया। वहीं, अब इसमें अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू का भी नाम जुड़ गया है। लक्ष्मी ने हॉलीवुड और भारतीय सिनेमा के बीच अंतर गिनाते हुए बड़ी बात कह दी है, जिससे इस मुद्दे ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है।

हॉलीवुड से की भारतीय सिनेमा की तुलना

लक्ष्मी मांचू अनुभवी अभिनेता मोहन बाबू की बेटी हैं। उन्होंने हॉलीवुड में अभिनय करने से पहले भारतीय सिनेमा में एक बाल कलाकार के रूप में काम किया है। तमिल, तेलुगु और मलयालम सहित कई दक्षिण फिल्मों में काम करने के बाद लक्ष्मी हैदराबाद से मुंबई आ गईं। एक इंटरव्यू में, अभिनेत्री ने हॉलीवुड और भारतीय सिनेमा के बीच अंतर गिनाते हुए बताया कि कैसे सेट पर बहुत सारे अनावश्यक लोग होते हैं।

अभिनेत्री ने गिनाईं हॉलीवुड की खूबियां

लक्ष्मी ने इंटरव्यू में दावा किया कि हॉलीवुड अभिनेता अपनी कुर्सियां खुद खींचते हैं और इसके विपरीत, भारत में मेकअप और बाल बनाने वाले लोगों के पास भी सहायक होते हैं। अभिनेत्री ने कहा, मुझे ऐसा लगता है, क्यों चाहिए इतने लोग। प्रत्येक अभिनेता चार से पांच ऐसे लोगों को लाता है जिनके पास सेट पर करने के लिए कुछ नहीं होता। मेकअप आर्टिस्ट के पास एक सहायक होता है, बाल बनाने वाले के पास एक सहायक होता है, यहां तक कि स्पॉट बॉय के पास भी एक सहायक होता है।

मुद्दे पर अनुराग कश्यप की दो टूक

इस मुद्दे पर चर्चा करते हुए अनुराग कश्यप ने एक इंटरव्यू में कहा, लोगों को एक बात समझने की जरूरत है कि जब हम एक फिल्म बनाते हैं, तो हम काम कर रहे होते हैं, हम कुछ बना रहे होते हैं। यह कोई छुट्टी नहीं है, यह कोई पिकनिक नहीं है। फिल्म बनाने में बहुत सारा पैसा खर्च नहीं होता। यह सामान में चला जाता है। यह दल में चला जाता है। आप जंगल के बीच में शूटिंग कर रहे हैं, लेकिन एक कार विशेष रूप से तीन घंटे दूर शहर में भेजी जाएगी ताकि आपको वह पांच सितारा बर्गर मिल सके जो आप चाहते हैं।

पैपराजी पर भड़कीं तृप्ति डिमरी!

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बैड न्यूज' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। तृप्ति डिमरी को 'एनिमल' फिल्म से काफी लोकप्रियता मिली। इस फिल्म से उन्हें 'भाभी 2' का एक नया नाम मिला और प्रशंसकों ने उन्हें नेशनल क्रश भी घोषित कर दिया। अब 'बैड न्यूज' के एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान पैपराजी ने उन्हें भाभी कह कर बुलाया। अभिनेत्री ने मुस्कुराते हुए कहा कि वो भाभी नहीं हैं। तृप्ति का यह रिप्लाई सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

वैवाहिक जीवन में कदम रखने जा रही हैं वरलक्ष्मी सरतकुमार?

साउथ अभिनेत्री वरलक्ष्मी सरतकुमार चर्चा में हैं। चर्चा की वजह है उनकी शादी। मार्च में सगाई करने के बाद अब अगले महीने जुलाई में वरलक्ष्मी शादी रचाने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने निमंत्रण पत्र बांटने शुरू कर दिए हैं। आज शनिवार को वरलक्ष्मी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी शादी का कार्ड देकर समारोह में आमंत्रित किया है। साउथ की कई फिल्मों में नजर आ चुकीं वरलक्ष्मी ने इस साल की चर्चित फिल्म हनुमान में भी अहम रोल अदा किया है। अभिनेता से नेता बने आर शरतकुमार के घर जन्मीं वरलक्ष्मी भी पिता की तरह अभिनय की दुनिया में नाम कमा रही हैं। वे तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम फिल्मों कई शानदार किरदार अदा कर चुकी हैं। उन्होंने 2012 में तमिल फिल्म पोडा पोडी से करियर की शुरुआत की थी। इस साल जनवरी में रिलीज हुई तेजा सज्जा की फिल्म हनुमान में वरलक्ष्मी सरतकुमार ने हनुमंतु की बहन अंजम्मा की भूमिका अदा की। फिल्म में हनुमंतु का रोल अभिनेता तेजा सज्जा ने अदा किया है। यह फिल्म साउथ के साथ-साथ हिंदी पट्टी में भी खूब पसंद की गई। फिल्म का निर्देशन प्रशांत वर्मा ने किया है, जो अब इसका अगला भाग लेकर आने वाले हैं। वरलक्ष्मी अब वैवाहिक जीवन में कदम रखने जा रही हैं। उन्होंने इसी साल मार्च में बॉयफ्रेंड निकोलाई सचदेव से सगाई की। कहा जा रहा है कि दो जुलाई को उनकी शादी है।

फार्मा कंपनी के गोरख धंधे की पोल खोलेगी रितेश देशमुख स्टारर पिल

रितेश देशमुख जल्द ही ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। उनकी पहली वेब सीरीज का नाम है पिल, जो फर्जी दवाओं के कारोबार पर आधारित है। मेकर्स ने सीरीज का ट्रेलर जारी किया है। एक मिनट से ज्यादा लंबे ट्रेलर की शुरुआत रितेश के किरदार प्रकाश चौहान से होती है, जो फार्मा इंडस्ट्री की एक कंपनी का डिप्टी मेडिसिन कंट्रोलर है। इसमें एक व्यक्ति तक दवा पहुंचने की प्रक्रिया को दिखाया गया है, जिसमें ताकतवर उद्योगपति, भ्रष्ट डॉक्टर, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, राजनेता, पत्रकार और मुखबिर शामिल हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे बाजार में घूम रही एक दवा के खाने से नकारात्मक नतीजे सामने आते हैं। प्रकाश सच्चाई को उजागर करने के लिए लड़ाई लड़ता है, इस दौरान उसका सामना कंपनी के चालाक सीईओ से होता है, जिसका किरदार पवन मल्होत्रा ने निभाया है। अपनी पहली सीरीज के बारे में रितेश ने कहा- डिजिटल स्ट्रीमिंग की दुनिया में कदम रखना रोमांचक है। जब आपको पिल जैसी कहानी सौंपी जाती है, तो उसके लिए सही दिशा में कड़ी मेहनत करना बड़ी जिम्मेदारी बन जाती है। एक्टर ने कहा कि एक दवाई जैसी साधारण सी चीज के पीछे की कहानी के बारे में जानना दिलचस्प है, जो लोगों के दैनिक जीवन और सेहत पर असर डालती है। रितेश ने कहा, इस जर्नी का हिस्सा बनना ज्ञान से भरपूर रहा। राज कुमार गुप्ता और रोनी स्क्रूवाला जैसे दूरदर्शी लोगों के साथ काम करना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, प्रकाश चौहान में सादगी और ताकत दोनों है, और मुझे विश्वास है कि भ्रष्ट फार्मा प्लेयर्स के खिलाफ उसकी यह लड़ाई दर्शकों को पसंद आएगी। प्रोड्यूसर रोनी स्क्रूवाला ने कहा, पिल के साथ हमारा उद्देश्य लोगों को एंटरटेन करने के साथ-साथ उनमें जागरूकता बढ़ाना भी है। रितेश की दमदार एक्टिंग उनके डिजिटल डेब्यू को और भी रोमांचक बनाती है। हमेशा की तरह, डायरेक्टर राज कुमार गुप्ता के साथ काम करना खुशी की बात है, जिन्होंने अपने शानदार डायरेक्शन से सीरीज को बेहतरीन बना दिया है। पिल का प्रीमियर जियो सिनेमा पर 12 जुलाई 2024 से होगा।

....तो नवंबर में नहीं होगी नानी की हिट 3 की शूटिंग!

नैचुरल स्टार नानी का करियर सातवें आसमान पर है। वो लगातार हिट फिल्में दे रहे हैं। ऐसे में उनके प्रशंसक उनकी हर नई फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इन दिनों नानी सारिपोधा सानिवारम की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं। इसके अलावा एक और फिल्म है, जिसकी वजह से नानी चर्चा में हैं और उस फिल्म का नाम है- हिट 3।

हिट 3 का निर्देशन सैलेश कोलानू करेंगे। इस फिल्म को लेकर तरह-तरह की खबरें चल रही हैं। जैसे- एक खबर यह चल रही थी कि फिल्म की शूटिंग 2024 के नवंबर महीने में शुरु हो जाएगी। अब तेलुगु 123 की एक रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि यह खबर झूठी है और असल बात तो कुछ और ही है, जिसे सुनकर आप चौंक भी सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्देशक सैलेश ने तो अभी नानी को फाइनल स्क्रिप्ट ही नहीं सुनाई है। हिट 3 की कहानी को सुनने के बाद ही नानी यह तय करेंगे कि फिल्म की शूटिंग कब शुरू करनी है। सारिपोधा सानिवारम की बात करें तो यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म के जरिए निर्देशक विवेक अथरेया और अभिनेता नानी एक बार फिर साथ में काम कर रहे हैं। इससे पहले दोनों ने अंते सुंदरानिकी में साथ काम किया था। कुछ दिन पहले ही इसका पहला गाना गरम गरम रिलीज किया गया था। इस गाने को विशाल ददलानी ने गाया है। गाने का संगीत जेक्स बिजॉय द्वारा तैयार किया गया है। वहीं, सनपति भारद्वाज ने गाने को लिखा है। सारिपोधा सानिवारम में नानी के साथ-साथ प्रियंका मोहन भी मुख्य किरदार अदा कर रही हैं और इनके अलावा साई कुमार और एसजे सूर्या भी परदे पर अहम रोल निभाते हुए दिखाई देंगे।

दुल्हन बनने की तैयारी में मन्नारा?

बिग बॉस 17 फेम मन्नारा चोपड़ा अक्सर लाइमलाइट में रहती हैं। अभिनेत्री अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में चलती रहती हैं। बिग बॉस 17 से निकलने के बाद मन्नारा अपने वर्क प्रोजेक्ट्स को लेकर काफी बिजी रहती हैं।

अब हाल ही में, एक इंटरव्यू में मन्नारा से पूछा गया कि क्या वह शादी करना चाहती हैं? अभिनेत्री ने जवाब देते हुए कहा कि अगर उन्हें दूल्हा मिल जाए तो वह व्हाइट स्पोर्ट्स शूज में उसे भगा ले जाएंगी। यही नहीं, मन्नारा दो तरह की शादी करना चाहती हैं, एक बीच पर और दूसरी पंजाबी स्टाइल में पूरे ठाठ के साथ करना चाहती हैं।

संक्षिप्त खबरें

रंगदारी को लेकर अपराधियों ने चिमनी पर पहुंचकर चलाईं गोली

एकमा। स्थानीय थाना क्षेत्र के परसा केशरी सड़क के समीप ए-वन चिमनी पर शुक्रवार को रात्रि में दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने पहुंचकर गाली गलौज करते हुए दहशत फैलाने के उद्देश्य से हवाई फायरिंग किया। इस दौरान चिमनी पर लगें सीसीटीवी कैमरे को तोड़ फोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने छान बीन किया तथा मुंशी कमल राय से पुछ ताछ किया। तो मुंशी ने बताया कि हम अपने घर खाना खाने चलें गया था । इसी क्रम में घटना का अंजाम अपराधियों ने दिया। घटनास्थल से पुलिस ने चार खोखा बरामद किया। चिमनी मालिक ने अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

दो साइबर अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़े

बेतिया(मोहन सिंह)।मझौलिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के जौकटिया गांव में छापेमारी करते हुए दो साइबर अपराधी मिंटू आलम उर्फ अबरार और इम्तियाज आलम को गिरफ्तार किया है। उक्त जानकारी थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में जौ कटिया पंचायत के कुख्यात फ्रॉड मिंटू आलम उर्फ अबरार एवं इम्तियाज आलम दोनों मिलकर फर्जी एटीएम कार्ड फर्जी मोबाइल सिम कार्ड से लगातार ठगी करते आ रहे हैं। दोनों ने साइबर ठगी करके भारी मात्रा में नगदी इकट्ठा कर लिया है। थाना अध्यक्ष ने इसकी सूचना वरीय अधिकारी को दिया ,। उनके निर्देश पर एक टीम गठित कर मिंटू आलम के घर की घेराबंदी की गई। घेराबंदी के दौरान मिंटू आलम को एक झोला सहित घर से भागते हुए पकड़ा गया। उसके झोले से 6 एटीएम कार्ड चार मोबाइल सिम कार्ड विभिन्न बैंकों का 6 एटीएम कार्ड बरामद किया गया।

अपराध की योजना बना रहे पांच अपराधी गिरफ्तार

बेतिया मोहन सिंह ।मनुआपुल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अपराध की योजना बना रहे 5 अपराधियों को दो देशी लोडेड कट्टा,दो डाइगर एवं चार जिंदा कारतूस के साथ धर दबोचा है। पुलिस ने उनके पास से विभिन्न कंपनियों के पांच मोबाइल भी बरामद किया है। उक्त जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ-1 विवेक दीप ने बताया कि मनुआवपुल ओपी के मनुआपुल गस्ती के दौरान प्रशिक्षित दरोगा कमलेश भगत को एक गुप्त सूचना मिली कि मैनाटांड़ रोड में गोकुलधाम के पीछे सरेह में एक खंडहर नुमा मकान में कुछ अपराधी इकट्ठा होकर अपराध की योजना बना रहे हैं। इसकी सूचना वरीय पुलिस पदाधिकारी को देते हुए एसडीपीओ-1 के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापामारी करने का निर्देश दिया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी कर 5 अपराधियों को दो देशी लोडेड कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से चार जिंदा कारतूस, दो बड़ा चाकू एवं पांच मोबाइल भी बरामद किया है।

भारत के टी 20 में विश्व विजेता बनने पर मनाया गया जश्न

मुंगेर। सामाजिक कार्यकर्ता सह क्रिकेटर आमिर उल इस्लाम नीलम सिनेमा न्यू रिलीफ मेडिकल के पास तिरंगा के साथ जश्न मनाया। जिले के क्रिकेट प्रेमी ने इंडिया इंडिया चक दे इंडिया का नारा लगाए । बताया जाता है कि छोटे बच्चे युवा बुजुर्ग सभी लोग एक दूसरे को मिठाई एवं मुबारकबाद देते हुए दिखाई दिए गए। इस खुशी में दर्जनों जरूरतमंद लोग जो कि फुटपाथ पर सोए हुए थे को जगा कर उनके बीच भोजन दिए गए । आमिर ने कहा कि हम सबके लिए गर्व की बात है कि हम विश्व विजेता बने सालों से इंतजार था 19 नवंबर 2023 को भारत में फाइनल में हार के बाद बहुत हम सब दुखी थें। एक वक्त मैच पूरी तरह फिसल गया था लेकिन सुर्य कुमार यादव का कैच और बुमराह की शानदार गेंदबाजी रही कि देश विश्व विजेता बन सका।

बिजली की सॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, सभी सामान जलकर हुआ खाक

मुंगेर । नया रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नौवागढी दक्षिणी पंचायत के बजरंगबली नगर गांव उमेश साह के घर में अचानक बिजली की शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग लगने से आस परोस में अफरा तरीका माहौल हो गया लोग इधर उधर भागने लगे किस तरह से आग पर काबू पाया जाए। किसी तरह से ग्रामीणों ने चापानल के सहयोग से आग पर काबू पाया। जब तक आग पर ग्रामीणों द्वारा काबू पाया गया तब तक घर में रखे गए पलंग, चौकी, साइकिल, तोसक, तकिया, जेवर सहित खाने पीने की गेंहू चावल एवं नगद रुपए जलकर खाक हो गया। आग लगने से गृह स्वामी का रो रो कर बुरा हाल है। पंचायत की मुखिया प्रमिला देवी द्वारा बताया गया कि आग की सूचना अंचल अधिकारी सदर मुंगेर को दी गई है।

धूमधाम से मनाया गया चिकित्सक दिवस

हमारे बीच के चिकित्सा डॉ बनारसी लाल साह संस्था से जुड़ कर समाज सेवा के क्षेत्र में जिले का बढ़ा रहे हैं मान और सम्मानः डॉ कुमार रवि रंजन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। चिकित्सकों को हम लोगों ने समाज में उच्च दर्जा दिया है। जिस कारण उन्हें जिंदगी देने वाले उद्धारकर्ता के रूप में भी जाना जाता है। पिछले वर्ष 2020 और 2021 की बात करें तो वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के दौरान दुनिया भर के चिकित्सकों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर संक्रमित मरीजों का उपचार एवं सलाहकार के रूप में कार्य किया है। चिकित्सकों के इसी योगदान और बलिदान के सम्मान में पूरे विश्व में अलग- अलग तरीके से चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। जिसको लेकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू की स्थानीय इकाई छपरा शहर के गुदरी राय के चौक स्थित सेवाकेंद्र में चिकित्सक दिवस मनाया गया। जिसमें बसंतपुर सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमार रवि रंजन, मुजफ्फरपुर स्थित एकेएमसीएच में शिशु रोग विशेषज्ञ सह प्राध्यापक डॉ जितेंद्र महतो, गुदरी राय के चौक स्थित वरीय चिकित्सक डॉ केके बोस और आयुष चिकित्सक डॉ ज्ञानमंजरी को संस्था की संचालिका बीके अनामिका दीदी, बीके ज्योति बहन और बीके प्रियांशु बहन के द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथियों और संस्था की संचालिका द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर भुनेश्वर कुमार सिंह, दिनेश सिंह, रामायण महतों, बीके अर्पणा, बीके देवव्रत, प्रिंस, अलका, लवली, पिंकी, प्रिया सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर वरीय चिकित्सक डॉ कुमार रवि रंजन ने कहा कि देश के जानेमाने प्रख्यात चिकित्सक डॉ विधानचंद्र राय के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि देने एवं देश के सभी चिकित्सकों के सम्मान में प्रत्येक वर्ष चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। वैश्विक महामारी के दौरान चिकित्सकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हालांकि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाए जाने की घोषणा केंद्र सरकार द्वारा एक जुलाई 1991 में की गई थी। चिकत्सक समुदाय विभिन्न क्षेत्रों में रहते हुए मरीजों के प्रति समर्पित रह कर अपनी अलग पहचान बनाई है। सबसे अहम बात यह है प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू राजस्थान में सिवान जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ बनारसी लाल साह जुड़ कर अपनी सेवाएं दे रहे है। क्योंकि एक चिकित्सक अनेक रूप में समाज सेवा कर सकता है। श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल मुजफ्फरपुर के प्राध्यापक सह शहर के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र महतों ने कहा कि जब भी हम शारीरिक रूप से अस्वस्थ महसूस करते हैं, तो व्यक्ति के मन में सबसे पहला विचार चिकित्सक के पास जाने का आता है। छोटी-छोटी से समस्या हो या गंभीर बीमारी, चिकित्सक ही एक ऐसा व्यक्ति है जिसके पास मानव शरीर की सभी परेशानियों का उपचार है। डॉक्टर को समाज में भगवान का दर्जा दिया जाता है। क्योंकि वही, आपातकालीन स्थितियों में व्यक्ति को बड़ी से बड़ी स्वास्थ्य समस्या से बाहर निकालने का काम करते हैं। रोज न जाने कितने लोगों को डॉक्टर की वजह से जीवनदान मिलता है।

वही डॉ केके बोस ने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी एक बार माउंट आबू जाने के लिए समय निकालिए। वहां जाने के बाद समझ आता है कि समाज सेवा करना कितना जरूरी है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि मानव जीवन में चिकित्सकों की भूमिका बहुत खास है। उन्हें भगवान से कम नहीं समझा जाता है। क्योंकि भगवान की तरह चिकत्सक भी एक व्यक्ति को नया जीवन देने में भूमिका निभाते हैं।

बी ए ओ के सेवानिवृति पर भव्य सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर । प्रखंड के ई कृषि भवन मे रविवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार के सेवा निवृत होने पर विदाई सह भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया,जहा बीडीओ कपूरी ठाकुर अंचलाधिकारी दीना नाथ कुमार अनुमंडल कृषि पदाधिकारी पप्पू कुमार मसरख बी ए ओ राकेश कुमार मकेर बी ए ओ देवनाथ चौधरी सहित आत्मा अध्यक्ष विनय कुमार कृषि समन्वयक प्रत्याशी जिला परिषद उपेंद्र कुमार यादव ,कृषि सलाहकरो की मौजूदगी मे बी ए ओ को माल्यापर्पण कर सप्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया,जहा,उन्होंने अपने संबोधन मे सभी आगंतुको का आभार व्यक्त किया,भावुक हो गए, कार्यक्रम मे बीडीओ ने सेवा निवृत बी ए ओ के कुशल कार्य और निष्ठा की चर्चा करते अन्य कर्मियों को सीख लेने तथा उनकी कार्यशैली अविस्मरणीय बताया वही अन्य वक्ताओं ने बी ए ओ की सानिध्य मे रहकर कार्य की प्रगति और सुखद अनुभूति की चर्चा किया तथा उनके बाकी जीवन को स्वस्थ्य एव मंगलमय भविष्य की कामना किया,कार्यक्रम मे सभी ने भवुकता के साथ उन्हे सप्रेम भेट कर उन्हे उपहार दिया जहा मौके पर कृषि समन्वयक अब्दुल क्यूंम बीर बहादुर सिंह बीरेंद्र गुप्ता परमेन्द्र कुमार फनीदर कुमार बी पी एम अनु प्रकाश सहित सभी कृषि सलाहकार ,समन्वयक सहित गणमान्य शामिल थे।

राजद कार्यकर्ताओं का समिक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर सुलतानगंजः राजद कार्यकताओं ने सुलतानगंज के खादी ग्रामोद्योग के प्रांगण में लोकसभा चुनाव को लेकर समिक्षा बैठक का आयोजन किया गयो इस बैठक की अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर प्रसाद यादव ने की बैठक में सुलतानगंज प्रखण्ड के कार्यकारणी प्रखण्ड अध्यक्ष विवेकानंद यादव, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव, राजद नगर प्रखण्ड अध्यक्ष अफरोज आलम की निगरानी में राजद कार्यकताओं के साथ समिक्षा बैठक किया गयो बैठक में लोकसभा चुनाव में जीत व हार होने पर राजद कार्यकताओं के साथ विचार विमर्श करने पर राजद के कार्यकारी अध्यक्ष एंव राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष के पद पर हंगामा होने पर राजद के जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर प्रसाद यादव में कमान संभालते हुए दोनों पक्षों को शांत करते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में फुल बहुमत में सरकार बनाने पर विचार विमर्श किया गयोइस दौरान राजद जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर प्रसाद यादव ने मिडिया को बताया कि लोकसभा चुनाव में जीत व हार होने पर समिक्षा बैठक राजद के कार्यकताओं के साथ किया ` जो आनेवाले विधानसभा चुनाव में हमारी सरकार फुल बहुमत होने की बात कहौ इस दौरान राजद के सांसद प्रतिनिधि अरविंद यादव, राजद के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नट बिहारी मंडल, शिशिर कुमार सिंह, राजु यादव, सकदेव यादव, बासुकी यादव, मौ मंजुर आलम, सहित इत्यादि राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नगर परिषद के सभागार में बैठक का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर सुलतानगंज के अजगबीनाथ धाम में 22 जुलाई को होने वाले विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नगर परिषद के सभागार में नगर सभापति राज कुमार उर्फ गुड्डू की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप कार्यपालक पदाधिकारी मृतुन्जय कुमार, उपसभापति नीलम देवी थे बैठक में श्रावणी मेला स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर सभी वार्ड पार्षदों के साथ बैठक कर विचार विमर्श करते हुए प्रस्ताव लिया गयो जिसमें जलजमाव के निदान के लिए नये नाला का निर्माण, सडक की मरम्मती, पुलिया की मरम्मती, एंव श्रावणी मेला में साफ सफाई, रंग रोगन व स्वचछता पर विचार विर्मश किया गयो साथ ही नगर परिषद सुलतानगंज के सभापति राज कुमार उर्फ गुड्डू ने कार्यपालक पदाधिकारी मृतुन्जय कुमार के साथ कांवरिया विश्राम स्थल गंगा घाट एंव अशौक सम्राट भवन का निरक्षण कर जायजा लिऐ इस दौरान नगर सभापति राज कुमार उर्फ गुड्डू ने मिडिया को बताया कि एनडीए सरकार के द्वारा नगर विकास मंत्री के द्वारा जलजमाव पर संज्ञान लेने पर आज नगर परिषद के सभागार में वार्ड पार्षद के साथ बैठक की गई जो बैठक में जलजमाव के समस्या के निदान के लिए पुल पुलिया का निर्माण, नाला निर्माण, सडक मरम्मती निर्माण के लिए निर्माण लेते हुए सांसद प्रतिनिधि पवन केसान को एक प्रतिलिपि देकर सांसद गिरधारी यादव से पुल पुलिया निर्माण की मांग की जाएगी और नगर परिषद के द्वारा यात्री धर्मशाला एंव अशौक सम्राट भवन में निजी उपयोग करने के लिए नगर परिषद के जनता को न्युतम दर देने का भी निर्णय लिया गयो बड़ी पार्किंग के लिए नगर परिषद को जमीन उपलब्ध होने की बात कहौ स्वच्छ स्वेच्छन में नगर परिषद सुलतानगंज बेहतर सुविधा दे रहीं हैं कि बात कहौइस दौरान वार्ड पार्षद दयावती देवी, राधा देवी, रुबी देवी, सरिता देवी, नाजमा खातुन, रिंकू कुमारी, सलिता देवी, आरती कुमारी, पिंकी देवी, रिता देवी, शौभा देवी, बोबी देवी, शाहिन प्रविण, साधना कुमारी, संकुतला देवी,विनोद रजक, संजय चौधरी, विभुति यादव, पंकज यादव, नविन कुमार बन्नी, कृष्णा कुमार, सुभाष कुमार, मो. ईजराईल, अशौक साह, प्रधान सहायक राजीव रंजन, सफाई निरक्षक दिलिप दुबे, जेई घनश्याम कुमार, सीटी मैनैजर राजेश वर्मा, चंदन कुमार दीप, तिला कुमारी, क्रांति कुमारीसहित इत्यादि कर्मचारी एंव वार्ड पार्षद मौजूद थे।

हत्या के प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, शराब के कांड एवं अन्य मामलों में 10 अभियुक्त गिरफ्तार

बगहा। बगहा पुलिस जिला में शनिवार को विगत 24 घंटा में 10 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है,कुल-17 वारंट का निष्पादन किया गया है जिसमें जमानतीय 12 अजमानतीय 05 और कुर्की 04 है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज जारी करके दिया।

उन्होंने बताया कि धनहाँ थाना,भितहाँ थाना,नौरंगिया थाना,ठकराहाँ थाना,रामनगर थाना द्वारा हत्या के प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, शराब के कांड एवं अन्य कांड में 10 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 15.345 लीटर अंग्रेजी शराब व 10 लीटर देशी शराब बरामद किया

गया ।वही पटखौली थाना द्वारा 13.142 किलोग्राम गांजा, 01 मोटरसाईकिल, 02 मोबाईल जब्त किया गया। इस संबंध में पटखौली थाना द्वारा काण्ड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। एसपी श्री सरोज ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया ।जॉच के क्रम में यातायात थाना द्वारा-31,000, बगहा थाना द्वारा-24,000, रामनगर थाना द्वारा-14,000, चौतरवा थाना द्वारा-10,000, धनहाँ थाना द्वारा-10,000 इस प्रकार कुल 89,000 रुपए का जुमार्ना लगाया गया। अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए शनिवार की रात्रि में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण एवं पूर्ण शराबबंदी प्रभावी हेतु संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों का विधिवत जांच किया गया ।रविवार को एसपी बगहा के निर्देशन में बगहा पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए रखने हेतु दिवा गश्ती के दौरान विभिन्न थाना अंतर्गत वाहनों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई।

मोतिहारी जिला पार्षद हत्या कि जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने की निंदा

प्रात : किरण संवाददाता

गया। मोतिहारी के जिला पर्षद सदस्य सुरेश यादव की हुई हत्या की निंदा गया में जिला पर्षद सदस्यों ने की। जिला पर्षद अध्यक्ष नैना कुमारी के आवास पर सुरेश यादव की मौत पर शोक सभा आयोजित हुई। मौके पर जिप उपाध्यक्ष शीतल प्रसाद यादव सहित कई सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजलि दी।

वहीं जिला पर्षद अध्यक्ष नैना कुमारी ने कहा कि पूर्वी चंपारण के जिला पर्षद सुरेश यादव की हत्या से हम सभी काफी दुःखी है। सरकार की ओर से मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा मिलना चाहिए। इसके साथ ही साथ त्रिस्तरीय पंचायत जनप्रतिनिधियों के लिए सुरक्षा की व्यवस्था सरकार तो करें ही, इसके अलावा साथ-साथ आम लाइसेंस भी जारी करें। जिला पार्षदों कार्य जिला से लेकर पंचायतों तक होता है।

जिला पर्षद उपाध्यक्ष शीतल प्रसाद यादव ने कहा कि जिस तरह सुरेश यादव की हत्या हुई उसे ये बिहार में दशार्ता है कि डबल इंजन के सरकार में सरकार अपराधियों के नकेल कसने में नाकाम है। जिला पर्षद पंचायत स्तर के बड़े जनप्रतिनिधियों में इसका स्थान होता है। ऐसे में इनका जान-माल की रक्षा की जवाब, सरकार की भी होती है। आगे कहा कि मोतिहारी के मृतक जिला पर्षद सदस्य सुरेश प्रसाद यादव के परिजनों को सरकार 50 लाख मुआवजा दे और उनके परिवार को सुरक्षा भी मुहैया कराया जाए। इस मोके पर पर जिला पार्षद श्वेता यादव, सुरेश यादव, अरविंद यादव, दिनेश कुमार गुप्ता सहित कई जिला पर्षद सदस्य मौजूद रहे।

संसद में हिन्दू राष्ट्र की मांग करनेवाले 50 हिन्दुत्वनिष्ठ सांसदों की जरूरत : टी. राजसिंह

प्रात : किरण संवाददाता

अनेक जन-प्रतिनिधि चुने जाने से पहले स्वयं को हिन्दुत्वनिष्ठ दशार्ते हैं; लेकिन सत्ता की कुर्सी पाने के बाद वे धर्मनिरपेक्ष हो जाते हैं । ऐसे जन प्रतिनिधि हिन्दू राष्ट्र या हिन्दुत्व के लिए कुछ नहीं करेंगे । धर्मनिरपेक्ष नेता हिन्दू राष्ट्र की मांग का विरोध करेंगे । इसलिए कम से कम 50 हिन्दुत्वनिष्ठ सांसदों का चुनाव करना जरूरी है, जो संसद में हिन्दू राष्ट्र की मांग करेंगे, ऐसा स्पष्ट आवाहन तेलंगाना राज्य के गोशामहल के प्रखर हिन्दुत्वनिष्ठ विधायक टी. राजासिंह ने गोवा में ह्यवैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सवह्ल में ह्यहिन्दू राष्ट्र हेतु सर्वस्व का त्याग करना आवश्यक हैह्ल पर बोलते हुए कहा । विधायक . टी. राजसिंह ने कहा कि तेलंगाना में कई जिलों में अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र हैं; परंतु श्री राम नवमी के दौरान लाखों हिन्दू भगवा झंडे लेकर निकलते हैं । इसलिए वहां के मुख्यमंत्री को भी हमारे बारे में सोचना पडता है । जब से भारत आजाद हुआ है तभी से देश का इस्लामीकरण करने की साजिश चल रही है । प्रशासन में बड़े-बड़े अधिकारी और नेता हिन्दुत्व के विरोधी हैं । इसलिए उनके द्वारा हिन्दुत्वनिष्ठों को प्रताड़ित किया जा रहा है ।ह्ल इसका उत्तर देने के लिए हिन्दुत्वनिष्ठ युवाओं को अच्छी शिक्षा के साथ उच्च पदों पर पहुंचने में सहायता करें, ताकि वे हिन्दू राष्ट्र की स्थापना में योगदान दे सकें । आनेवाला समय कठिन है । यदि आप हिन्दू राष्ट्र या धर्म का कार्य करना चाहते हैं, तो आप डरेंगे नहीं । संतों ने कहा है कि साधना से इस माहौल को बदला जा सकता है । अतः अखण्ड हिन्दू राष्ट्र के लिए साधना आवश्यक है ।

नेशनल यूथ ब्रिलिएंट अवार्ड 2024 से दिल्ली में सम्मानित हुए इंजीनियर ओमप्रकाश आजाद

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। नेशनल यूथ ब्रिलिएंट अवार्ड से छपरा के तराय निवासी जिला परिषद के पूर्व सदस्य हरेंद्र राय के पुत्र ई. ओमप्रकाश आजाद दिल्ली में सम्मानित हुए ।

यह अवार्ड कन्यादान फाउंडेशन द्वारा उनके सामाजिक कार्यो के लिए दिया गया जहां विगत 29 और 30 जून को दिल्ली में यह कार्यक्रम हुआ जिसमे ई. ओमप्रकाश आजाद को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया गया ।इंजीनियर ओमप्रकाश को नेशनल यूथ ब्रिलिएंट अवार्ड 2024 उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यो के लिए दिया गया मालूम हो कि इंजीनियर ओमप्रकाश बीते 3 वर्षो से युवाओं के सामाजिक संगठन फेस ऑफ फ्यूचर इंडिया से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा के प्रति जागरुक करते हैं यह उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करते हैं साथ ही साथ नारी सशक्तिकरण के लिए जागरूकता अभियान तथा वृक्ष रोपण स्वच्छता अभियान के साथ ही साथ रक्तदान के प्रति युवाओं को जागरुक करते हैं तथा सामाजिक एकता एवं सांप्रदायिक सद्भाव के लिए कार्य करते हैं कन्यादान फाउंडेशन के संस्थापक ऋषि सरधना ने बताया कि देश के अलग-अलग राज्यों से कुल 28 युवाओं को यह पुरस्कार समाज सेवा और अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए युवाओं को नेशनल यूथ ब्रिलिएंट अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया इस अवसर पर बधाई देने वालों में महिला हेल्पलाइन की केंद्र प्रशासक मधुबाला जी , प्रोफेसर नीतू सिंह,कानूनी सलाहकार उर्मिला यादव , मंटू यादव, प्रोफेसर नीतू सिंह एडवोकेट रामबाबू राय,मक्केश्वर पंडित, रंजीत कुमार ,प्रियंका कुमारी आदि लोगों ने बधाई दिया।

ज्ञानवापी की मुक्ति के लिए संगठित होने की जरूरत : डॉ. सोहन लाल आर्य

वर्ष 1679 में औरंगजेब ने न केवल श्री काशी विश्वनाथ का ज्ञानवापी मंदिर तोड़ा, बल्कि भारत में हजारों मंदिर भी ध्वस्त किए। अनेक संस्कृत विश्वविद्यालयों को भी तोड़ा। हिंदुओं ने हर जगह संघर्ष किया। क्या हम कहने जा रहे थे कि भगवान श्रीराम का जन्म बाबरी मस्जिद में हुआ था? इसलिए उस समय बाबरी ढांचा गिराया गया। इसी तरह आने वाली पीढ़ी को हम बताने जा रहे हैं कि 'भगवान शिव का मूलधाम ज्ञानवापी मस्जिद है'? इसलिए संकल्प करके ज्ञानवापी मंदिर की मुक्ति के लिए हिंदुओं को संगठित होना चाहिए, ऐसा आवाहन पिछले 40 वर्षों से ज्ञानवापी मंदिर की मुक्ति के लिए लड़ाई लड़ रहे उत्तर प्रदेश के डॉ. सोहन लाल आर्य ने किया है। वे फोंडा, गोवा में 'वैश्विक हिंदू राष्ट्र अधिवेशन' में 'श्री काशी विश्वनाथ की मुक्ति कब?' इस विषय पर बोल रहे थे। इस समय व्यासपिठपर हिंदू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय मार्गदर्शक (डॉ.) चारुदत्त पिंगळे, सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन तथा हिंदू विधीज्ञ परिषद के संस्थापक सदस्य (पू.) अधिवक्ता सुरेश कुलकर्णी उपस्थित थे ।

डॉ. सोहन लाल आर्य आगे बोले कि मैं 40 वर्षों से ज्ञानवापी मंदिर की मुक्ति के लिए न्यायालयीन लड़ाई लड़ रहा हूं। पाकिस्तान से दो बार मेरा ह्यसर कलमह्ल करने का फतवा जारी हुआ, फिर भी मेरा संघर्ष जारी है। काशी विश्वेश्वर में भगवान शिव के बिना नंदी की आंखों में आंसू हम देख रहे हैं। अपनी समस्याएं हम नंदी के कान में बताते हैं; लेकिन नंदी को भगवान शिव के दर्शन हम कराएंगे या नहीं? यह प्रश्न है।

रंगमंच कलाकारों को हैं काफी उम्मीदें : हीरो राजन कुमार

मुंगेर। रंगकर्मी रितु कुमारी मूलरूप से मुंगेर की रहने वाली हैं। साधारण सी दिखने वाली लड़की रंगमंच से बेहद लगाव रखती है। इस युवा अभिनेत्री को आज से चार साल पहले बाफ्टा ने भांप लिया था। लगातार वर्कशॉप और रिहर्सल के माध्यम से रितु कुमारी को प्रशिक्षित किया गया। इसका परिणाम इस रूप में सामने आया कि अभी बरेली में हुए नाट्य उत्सव में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान मिला है। जो मुंगेर वासियों और बिहार वासियों के लिए गर्व की बात है। हीरो राजन कुमार ने कहा कि मुंगेर के साधारण से परिवार की बेटी आज बुलंदियों को छू रही है और नए आसमान की तलाश में है। कला और रंगमंच के क्षेत्र में वह अपना योगदान दे रही हैं। आने वाले समय मे हम सबको इनसे ढेर सारी आशाएं हैं। रितु कुमारी में बड़ी संभावनाएं नजर आती हैं। बता दें कि रंगालय अकेडमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी बरेली उत्तरप्रदेश द्वारा आयोजित "द्वितीय थिएटर फेस्ट 2024" में रितु कुमारी को बेस्ट एक्ट्रेस के अवार्ड से नवाजा गया।

जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री के कारण देश की राजनीति में अस्थिरता बनी हुई है: प्रदेश महासचिव

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । बिहार के मुख्यमंत्री एवं जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष के कारण आज देश एवं बिहार की राजनीति में अस्थिरता बनी हुई है पता नहीं कब उनका मन बदल जाय और इधर से उधर हो जाए। यह बातें राजद के प्रदेश महासचिव प्रमोद यादव एवं राजद के राज्य परिषद सदस्य गजेंद्र कुमार हिमांशु ने जिला राजद कार्यालय में संयुक्त प्रेस वयान जारी कर के कहां है। उन्होंने कहा कि पिछले 17 महीनों में महागठबंधन की सरकार में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ मिलकर जिस तरह से दस लाख नौकरी देने के वादा के तहत लगभग पांच लाख नौकरियां देने का काम किया गया है वहीं केन्द्र सरकार के इच्छा के विरूद्ध बिहार में अपने संसाधनों से जातिय जनगणना कराया और पूर्व से निर्धारित 50 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ा कर 65 प्रतिशत कर दिया जिससे जिसकी जितनी जनसंख्या उसकी उतनी भागीदारी देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसे अनुसूची-9 में शामिल करने हेतु अनुशंसा सहित विधिवत बिहार सरकार द्वारा केंद्र की मोदी सरकार से अनुरोध किया गया था जिसे केन्द्र सरकार ने नजर अंदाज कर दिया। नेता द्वय ने कहा कि इसके कारण उच्च न्यायालय पटना में आरक्षण नीति को चुनौती दिया गया। जिसे उच्च न्यायालय ने बिहार सरकार के प्रस्ताव को रद्द कर दिये जाने संबंधी निर्णय सुना दिया है। जबकि केन्द्र सरकार अगर अनुसूची-9 शामिल कर लिया जाता तो आज ऐसी नौबत नहीं आती ।

इसी दौरान नीतीश कुमार राजद जदयू महागठबंधन की सरकार छोड़ कर केन्द्र की मोदी सरकार एनडीए में शामिल हो गये जिन्होंने बिहार की नई आरक्षण नीति का उच्च न्यायालय में चुनौती दिया गया अगर नीतीश केन्द्र सरकार से अनुसूची-9 में शामिल करवाने में सफल होते तो उच्च न्यायालय में चुनौती नहीं दिया जाता ।जैसे केन्द्र की मोदी सरकार ने सवर्णों को 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था का प्रस्ताव लेकर अनुसूची-9 में शामिल करा दिया गया । जिससे बिहार के पिछड़ा अति- पिछड़ा समाज को हांसिए पर लाकर खड़ा कर दिया है। जबकि केन्द्र की एनडीए में जबसे शामिल हुए हैं उससे मात्र व्यक्तिगत लाभ ले सकते हैं क्योंकि केन्द्र सरकार के मंत्रीमंडल में मनचाहा विभाग नहीं मिला, है बिहार को विशेष राज्य के दर्जा के नाम पर खानापूर्ति कर बिहार की जनता को गुमराह किया जा रहा है । कभी पीएम मटेरियल रहे नीतीश कुमार की स्थिति अब सीएम मटेरियल की भी नहीं रह गया है । नेता द्वय ने कहा कि पीएम मोदी बिहार में भाजपा की नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए जदयू का बलिदान चढ़ा सकता है ।

बारबाडोस में रोहित ने जीत का झंडा गाड़ा

पिच की मिट्टी चखी, विराट के गले लगकर रोए; हार्दिक को जादू की झप्पी दी

वेस्टइंडीज से भारत तक का जश्न ही जश्न

बारबाडोस/नईदिल्ली (एजेंसी)। टीम इंडिया के टी-20 वर्ल्ड कप जीतने का जश्न बारबाडोस से भारत तक मनाया जा रहा है। मैच जीतने के बाद कप्तान रोहित अपनी भावनाओं को रोक नहीं पाए। जमीन पर हाथ पटकने लगे। विराट के गले लगकर रोए। हार्दिक पंड्या का गाल चूमा और गले लगा लिया।

रोहित ने झंडा गाड़ा

टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत से पहले बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि टी-20 वर्ल्ड कप में हम रोहित की कप्तानी में बारबडोस में भारत का झंडा गाड़ेंगे। भारतीय कप्तान ने मैच जीतने के बाद ऐसा ही किया और जय शाह की बात को सच साबित कर दिया। इस मोमेंट पर जय शाह भी मौजूद थे।

हार्दिक को रोहित ने दी जादू की झप्पी

अहम मौके पर 3 विकेट लेकर मैच इंडिया के पाले में करने वाले हार्दिक पंड्या भी कप्तान रोहित से गले मिले। रोहित ने उन्हें सीने से लगा लिया और किस भी किया। हार्दिक की आंखों में आंसू आ गए।

अर्शदीप और विराट कोहली का भांगड़ा

मैच के बाद पूरी टीम जमकर नाची। सेंटर ऑफ अट्रैक्शन रहा विराट कोहली और अर्शदीप का भांगड़ा।

रोहित-विराट गले मिलकर रोए

टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद विराट और रोहित ने इस फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। फाइनल जीतने के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा 1 मिनट तक गले मिले। दोनों की आंखों में आंसू थे। टी-20 इंटरनेशनल में लंबे समय तक खेलने के बाद दोनों ने इसे अलविदा कह दिया है।

रोहित शर्मा के हैप्पी स्टेप्स

वर्ल्ड कप ट्रॉफी के दौरान जय शाह भी मौजूद थे। मंच पर टीम इंडिया खुश थी और कैप्टन रोहित शर्मा का इंतजार कर रही थी। रोहित छोटे-छोटे कदम बढ़ाते हुए खुशी से भरे हुए मंच पर आए और ट्रॉफी लेकर जश्न मनाया।

रोहित शर्मा ने पिच की मिट्टी चखी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मैच जीतने के बाद पिच पर गए और वर्ल्ड कप जीत को यादगार बनाने के लिए बारबाडोस के पिच की मिट्टी चखी। रोहित शर्मा का टी-20 इंटरनेशनल में यह आखिरी मैच था।

विराट ने अनुष्का को वीडियो कॉल किया

मैच जीतने के बाद विराट कोहली ने टी-20 से संन्यास ले लिया। इसके बाद विराट कोहली ने अनुष्का शर्मा को वीडियो कॉल की और काफी देर तक बातचीत करते रहे।

कोच राहुल द्रविड़ को कंधे पर उठा लिया

भारतीय टीम के कोच राहुल द्रविड़ 19वें ओवर में काफी एक्साइटेड दिखाई दिए। अपने शांत स्वभाव के लिए मशहूर द्रविड़ ने जमकर सेलीब्रेशन किया। टीम इंडिया के प्लेयर्स ने राहुल द्रविड़ को कंधे पर उठा लिया। जैसे ही 20वां ओवर खत्म हुआ, टीम इंडिया जश्न मनाने लगी। चंद पलों में कोच, टीम का स्टाफ मैदान में चले आए। हर किसी ने एक-दूसरे को बधाई दी।

रो पड़े मो. सिराज

मो. सिराज फाइनल मैच नहीं खेले। उन्होंने सिर्फ अमेरिका में हुए मैचों में परफॉर्म किया। जीत के बाद उन्हें इंटरव्यू के लिए बुलाया गया। इस दौरान सिराज रो पड़े।

टी20 विश्व कप जीत के साथ द्रविड़ का कार्यकाल खत्म, कहा- इस प्लेयर को मिस करूंगा

ब्रिजटाउन (बारबाडोस) (एजेंसी)। भारत के दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में हराकर दूसरी बार प्रतिष्ठित टी20 विश्व कप ट्रॉफी जीतने के बाद राहुल द्रविड़ ने मेन इन ब्लू के मुख्य कोच के रूप में अपनी भूमिका के बारे में खुलकर बात की और कहा कि यह एक शानदार यात्रा थी। भारत ने बारबाडोस में टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराया। इस शानदार इवेंट का फाइनल मैच द्रविड़ का मेन इन ब्लू के लिए मुख्य कोच के रूप में आखिरी मैच था।

मैच खत्म होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए द्रविड़ ने टी20 विश्व कप 2024 जीतने के लिए मेन इन ब्लू को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतना एक अच्छा एहसास है। द्रविड़ ने कहा, %एक खिलाड़ी के तौर पर मैं ट्रॉफी जीतने के लिए भाग्यशाली नहीं था, लेकिन जब भी मैंने खेला, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की। मैं भाग्यशाली था कि मुझे टीम का कोच बनने का मौका मिला, मैं भाग्यशाली था कि लड़कों के इस समूह ने मुझे यह ट्रॉफी जीतने में सक्षम बनाया। यह एक शानदार अहसास है, लेकिन ऐसा नहीं लगता कि मैंने कुछ सुधार किया है, यह सिर्फ वह काम था जो मैं कर रहा था। मुझे रोहित और उनकी टीम के साथ काम करना पसंद है, यह एक शानदार यात्रा थी और मैंने वास्तव में इसका आनंद लिया।

टी20 विश्वकप जीतकर मालामाल हुई टीम इंडिया, इनाम में मिली 20 करोड़ से ज्यादा की राशि

दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्वकप चैंपियन बनी भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को पुरस्कार स्वरूप 20.36 करोड़ रुपए मिले। इस बार टूर्नामेंट शुरु होने से पहले अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) रिकार्ड पुरस्कार राशि का बजट 93.51 करोड़ रुपए रखा था। उसी के अनुसार फाइनल में जीतने वाली भारतीय टीम को 20.36 करोड़ रूपए की राशि दी गई है। वहीं फाइनल में हारने वाली टीम दक्षिण अफ्रीका को 10.64 करोड़ रुपए से संतोष करना पड़ा।

बुमराह तो ठीक, पर अर्शदीप को न भूलें...

गौतम गंभीर की तरह अनसंग हीरो

हर मुश्किल में संकटमोचन

नई दिल्ली (एजेंसी)। जब भी 2011 के वनडे वर्ल्ड कप की बात होती है। तो हम सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, युवराज सिंह, जहीर खान के बारे में बात करते हैं। हालांकि भारत को वर्ल्ड कप जिताने में गौतम गंभीर का भी बहुत हड़ा हाथ रहा था। लेकिन वह इतनी सुर्खिया नहीं बटोर पाए थे। गंभीर ने 9 मैचों में 393 रन बनाए थे। वह वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले छठे बल्लेबाज थे। ठीक कुछ इसी तरह से अर्शदीप सिंह का भी रोल भारत के टी20 वर्ल्ड कप 2024 में रहा है। उन्होंने टीम इंडिया को वर्ल्ड कप जिताने में अहम रोल निभाया है। लेकिन उन्हें इतनी लाइमलाइट नहीं मिली।

टी20 वर्ल्ड कप 2024 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले 10 गेंदबाज

गेंदबाज	विकेट
फजलहक फारूकी	17 विकेट
अर्शदीप सिंह	17 विकेट
जसप्रीत बुमराह	15 विकेट
एनरिक नॉर्खिया	15 विकेट
राशिद खान1	4 विकेट
रिशाद हुसैन	14 विकेट
नवीन उल हक	13 विकेट
कगिसो रबाडा	13 विकेट
एडम जाम्पा1	3 विकेट
अल्जारी जोसेफ	13 विकेट

फाइनल में साउथ अफ्रीका का निकाला तेल

अर्शदीप सिंह ने अपने 4 ओवर के स्पेल में सिर्फ 5 की इकॉनमी से गेंदबाजी करते हुए 20 रन देकर 2 विकेट लिए थे। उन्होंने क्विंटन डि कॉर्क और एडन मार्करम जैसे सूरमा बल्लेबाजों का शिकार किया था। इसके अलावा सिंह ने इस पूरे टूर्नामेंट में 17 विकेट लिए हैं। वह फजलहक फारूकी के साथ इस टूर्नामेंट में जॉइंट हाइएस्ट विकेट टेकर हैं। सिंह ने इस टूर्नामेंट में अपनी गेंदबाजी से सबका दिल जीत लिया।

अर्शदीप सिंह का इंटरनेशनल करियर

25 साल के तेज तर्रार गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने भारत के लिए अब तक 52 टी20 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 8.39 की इकॉनमी से 79 विकेट लिए हैं। वहीं 6 वनडे मुकाबले में अर्शदीप सिंह ने भारत के लिए 10 विकेट झटके हैं। सिंह को आईपीएल का भी अच्छा अनुभव है। उन्होंने 65 आईपीएल मैचों में 76 विकेट लिए हैं।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मारक्रम बोले

यह दिल को झकझोरने वाली हार है

ब्रिजटाउन (एजेंसी)। टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत के खिलाफ निराशाजनक हार को दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने चुभने वाला करार देते हुए उम्मीद जतायी कि यह प्रदर्शन अगली बार टीम को बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगा। जीत के लिए 176 रन का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम हेनरिच क्लासेन की 27 गेंद में 52 रन की पारी के दम पर 15वें ओवर के बाद बेहद मजबूत स्थिति में थी। टीम को आखिरी 30 गेंद में 30 रन की जरूरत थी लेकिन भारत ने शानदार वापसी करते हुए सात रन की रोमांचक जीत दर्ज की।

आखिरी ओवरों में जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या ने कमाल की गेंदबाजी की जबकि सूर्यकुमार यादव ने दबाव की परिस्थिति में कमाल का कैच लपका। इससे पहले विराट कोहली ने 76 रन की पारी खेल भारत को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। मारक्रम ने मैच के बाद कहा, 'यह क्रिकेट का पहला मैच नहीं है जिसमें 30 गेंदों में से 30 की जरूरत वाली टीम को हार का सामना करना पड़ा है। भारत ने अच्छी गेंदबाजी और कमाल के क्षेत्ररक्षण से शानदार वापसी की।

इस 29 साल के खिलाड़ी ने कहा, 'अभी किसी एक चीज को हार का कारण बताना मुश्किल है। हम अगले कुछ दिनों में, अगले कुछ हफ्तों में इस बारे में विचार करेंगे, उन क्षेत्रों को ढूंढने का प्रयास करेंगे जिसमें हम आज के मैच के दौरान सुधार कर सकते थे। हम इसके साथ ही उन चीजों के बारे में भी सोचेंगे जो हमारे लिए वास्तव में अच्छा रहा है।

हार के गम के बावजूद मारक्रम को विश्व कप फाइनल में पहुंचने पर टीम के साथी खिलाड़ियों पर गर्व है। उन्होंने कहा, 'मैं यह बात कहना चाहूंगा कि मुझे अपनी टीम के खिलाड़ियों पर काफी गर्व है। हम सिर्फ आज के प्रदर्शन से नहीं बल्कि टीम ने इस पूरे टूर्नामेंट और उससे पहले तैयारियों के दौरान शानदार प्रदर्शन किया है।% मारक्रम ने कहा, 'यह हार चुभने वाली है लेकिन इससे आने वाले टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए टीम की भूख बढ़ेगी।

मारक्रम ने स्वीकार किया कि क्लासेन के लिए इस तरह के 'विशेष प्रयास के बाद इस परिणाम को पचा पाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, 'हमने उसे दुनिया भर में कई बार ऐसा करते देखा है। इस तरह के मंच पर ऐसी पारी खेलना वास्तव में एक विशेष प्रयास है। उसके लिए इस हार को पचा पाना मुश्किल होगा।% भारतीय खिलाड़ियों की आंखों में जहां खुशी के आंसू थे, वहीं प्रोटियाज इससे टूट गए कि एक और बड़ा खिताब उनके हाथ से फिसल गया है। टीम पहली बार विश्व कप के फाइनल में पहुंची लेकिन आखिरी बाधा को पार नहीं कर सकी। उन्होंने कहा, 'यह हार लंबे समय तक चुभेगी। हर खिलाड़ी ने टीम को पहली बार फाइनल में पहुंचाने में अपना योगदान दिया। आप जानते है कि आप एक टीम हैं और इस समूह के साथ आप अच्छी चीजें चाहते हैं क्योंकि सभी शानदार खिलाड़ी हैं।% हार की निराशा और दिल टूटने के बावजूद मारक्रम फाइनल में भारत की प्रतिभा और धैर्य की सराहना करना नहीं भूले।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ने कहा, 'यह क्रिकेट टूर्नामेंट है, यह कठिन क्रिकेट है, ट्रॉफियां जीतना आसान नहीं है और आपको ट्रॉफी जीतने के लिए भारत जैसी टीम को सलाम करना होगा। इसमें बहुत मेहनत लगती है।% उन्होंने कहा, 'हां, हम यह सोचना चाहेंगे कि हम एक कदम करीब हैं और उम्मीद है कि आगे बढ़ते हुए हम पहली जीत हासिल कर सकते हैं और यह आने वाले कुछ वर्षों में इसका सकारात्मक प्रभाव दिख सकता है।

सूर्यकुमार को जय शाह से मिला 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार'

ब्रिजटाउन (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया जिन्होंने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक' चुनने की प्रथा शुरू की थी। उन्होंने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण की प्रशंसा 'भेड़ियों के झुंड' से की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिलीप ने कहा, 'हम बड़े मुकाबलों में मौके के अनुसार प्रदर्शन करने की बात करते हैं लेकिन आज हमने सिर्फ प्रदर्शन नहीं किया बल्कि जीत हासिल की। उन्होंने कहा, 'हमने पूरे टूर्नामेंट में और आज जो जज्बा, जो एकजुटता और जो लचीलापन दिखाया, वह असाधारण से कम नहीं है। दिलीप ने कहा, 'हमने 'भेड़ियों के झुंड' की तरह क्षेत्ररक्षण किया। जैसा कि राहुल भाई और रोहित कहते रहते हैं। हर कोई अपनी भूमिका जानता था लेकिन हमने साथ मिलकर हर मौके का फायदा उठाया और कोई कसर नहीं छोड़ी।

भारत ने शानदार वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को पहला विश्व कप खिताब जीतने से महरूम कर दिया जिसमें अंतिम ओवर में सूर्यकुमार यादव का कैच निर्णायक रहा। सूर्यकुमार ने जिस संयम और सही समय पर लिये कैच से बेहतरीन मिसाल पेश की। जब उन्होंने डेविड मिलर का कैच लपका तब दक्षिण अफ्रीका को अंतिम ओवर में महज 16 रन की दरकार थी। सूर्यकुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, 'दिलीप सर, मुझे यह मौका देने और जय (शाह) सर से यह पदक लेने के लिए आपका धन्यवाद।

मन की बात में पीएम मोदी ने की सूर्य कुमार यादव के कैच की तारीफ

विराट कोहली-राहुल द्रविड़ का किया आभार

नईदिल्ली (एजेंसी)। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' - मासिक रेडियो प्रसारण - रविवार, 30 जून को फिर से शुरू हुई। इस अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने कहा, आज, आखिरकार वह दिन आ गया है जिसका हम सभी इंतजार कर रहे थे फरवरी से मैं 'मन की बात' के माध्यम से एक बार फिर आपके बीच में हूं, अपने परिवार के सदस्यों के बीच में हूं, मैंने फरवरी में कहा था कि चुनाव नतीजों के बाद मैं फिर आपसे मिलूंगा और आज फिर मन की बात के साथ आपके बीच उपस्थित हूं। मानसून के आगमन ने आपका भी दिल खुश कर दिया है...।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम को टी 20 विश्व कप जीतने पर बधाई दी है और कहा कि क्रिकेटरों ने विश्व कप के साथ-साथ करोड़ों लोगों का दिल भी जीत लिया है। इस जीत के बाद प्रधानमंत्री ने रविवार को कॉल कर टीम इंडिया के खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से बात की और उन्हें बधाई दी।

भारत के जीतते ही पाक में शैम्पेन व डांस के साथ मना जश्न, पाकिस्तानी बोले-'आई लव यू इंडिया'

इस्लमाबाद (एजेंसी)। टी-0 वर्ल्ड कप 2024 फाइनल में टीम इंडिया के जीतने पर पाकिस्तान में भी जश्न का माहौल है। पाकिस्तान के कुछ लोग जहां भारत के नाम से चिढ़ते हैं, वहीं कुछ पाकिस्तानियों ने 'आई लव यू इंडिया' का नारा लगाया है। पाकिस्तान के युवाओं ने कहा कि भारत ने जहा सेमीफाइनल में गोरों को नानी याद दिला दी और 2014 व 2022 का बदला ले लिया वहीं फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर इतिहास रच दिया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह वीडियो आते ही वायरल हो गया है, भारत के लोग भी इस वीडियो की जमकर तारीफ कर रहे हैं। दरअसल, भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में इंग्लैड को हराकर फाइनल में पहुंचा। इस जीत के बाद पाकिस्तान से जश्न मनाने का वीडियो सामने आया जिसमें पाकिस्तान की प्रसिद्ध यूट्यूबर शैला खान भी नजर आ रही है। वीडियो में देखा जा सकता है कि शैम्पेन बोतलों के साथ पाकिस्तानी जश्न मना रहे हैं। पाकिस्तान के युवाओं ने वीडियो में नारा लगाते सुनाई दे रहे हैं कि %हमारा कप्तान कैसा हो रोहित शर्मा जैसा हो।

भारत की जीत पर झूम उठी दुनिया, इजरायल-यूएस ने दी बधाई, आनंद महिंद्रा व गूगल सीईओ बोले...

भारत की टी-20 वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराकर जीत पर पूरी दुनिया झूम रही है। भारत ने दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया है। भारतीय टीम ने डेथ ओवर में साउथ अफ्रीका के मुंह से जीत छीन कर अपनी मेहनत और काबलियत को साबित कर दिया है। इस जीत के बाद देश दुनिया से भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी जा रही है। इजरायल से लेकर अमेरिका तक ने भारत को जीत की बधाई दी है।भारत में इजरायल के वर्तमान राजदूत ने भी इंडियन क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए ङ्क पर लिखा ' चक दे ?इंडिया ष्टटी20वर्ल्डकप2024 में शानदार जीत के लिए ष्टटीमइंडिया को बधाई! वाकई एक ऐतिहासिक उपलब्धि!' बता दें कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारती टीम को बधाई दी है। इसके अलावा श्रीलंका के विदेश मंत्री ने भारत को बधाई देते हुए लिखा- दबाव में शानदार प्रदर्शन। अमेरिका की ओर से भी जीत की बधाई आई है। भारत में संयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने भी भारतीय टीम को बधाई दी है। उन्होंने ङ्क पर अपने पोस्ट में लिखा 'वाह, शानदार जीत! बधाई आनंद महिंद्रा बोले ...

वहीं देश के जानेमाने बिजनेसमैन आनंद महिंद्रा ने भी भारतीय टीम को बधाई दी है। उन्होंने ङ्क पर पोस्ट करते हुए लिखा 'नमस्ते चैट'कृपया मुझे भारतीय क्रिकेट टीम को सुपरहीरो के रूप में दिखाने वाली एक तस्वीर बनाकर दें क्योंकि वे अंत तक सुपरकूल थे। भारत के लिए इस फाइनल का सबसे बड़ा उपहार यह था कि यह आसान नहीं था। यह लगभग उनकी पकड़ से फिसल गया था लेकिन उन्होंने अपने मन में कभी मैच नहीं हारा। हम सभी को याद दिलाते हुए कि सुपरहीरो बनना कभी भी जीतने के दृढ़ संकल्प और कभी हार न मानने वाले रवैये के बिना नहीं आता है...जय हो!'इसके साथ ही गूगल सीईओ सुंदर पिचाई ने भारतीय टीम को बधाई दी।

संक्षिप्त समाचार

गाजियाबाद में मेट्रो कॉरिडोर के दोनों तरफ बनेगा टीओडी जोन

नईदिल्ली, एजेंसी। गाजियाबाद में मेट्रो कॉरिडोर के दोनों तरफ ऊंची इमारत बनेंगी, जिनमें आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियां हो सकेंगी। जीडीए रेड और ब्लू लाइन कॉरिडोर के दोनों तरफ 500-500 मीटर तक ट्रांजिटर ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) जोन घोषित करेगा। इसका प्रस्ताव जुलाई में प्रस्तावित बोर्ड बैठक में रखा जाएगा, जहां से स्वीकृति मिलने पर आगे काम शुरू होगा। शासन की उच्च स्तरीय समिति ने मास्टर प्लान-2031 का प्रजेंटेशन देखने के बाद मेट्रो रूट कॉरिडोर के दोनों तरफ टीओडी जोन चिह्नित कर मास्टर प्लान में शामिल करने के निर्देश दिए थे। ऐसे में गाजियाबाद में मेट्रो रेड और ब्लू लाइन के दोनों तरफ ट्रांजिट ओरिएंटेड डवलपमेंट (टीओडी) जोन घोषित करने की तैयारी है। इन रूट के दोनों ओर 500-500 मीटर तक मिश्रित भू-उपयोग करते हुए पांच फ्लोर एरिया रेश्यो (एफएआर) दिया जा सकेगा, जिससे यहां आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियां हो सकेंगी।

डिलीवरी एजेंट बनकर आए हमलावर, बाउंसर पर बरसाईं गोलियां, पुरानी रंजिश की आशंका

नईदिल्ली, एजेंसी। गुरुग्राम में डिलीवरी एजेंट बनकर आए दो नईदिल्ली, एजेंसी। युवकों ने एक बाउंसर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि गुरुग्राम के एक गांव में भोजन और किराने के डिलीवरी एजेंट बनकर आए बाइक सवार दो हमलावरों ने कथित तौर पर 25 वर्षीय एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई, जिसमें हमलावर मृतक के पीछे भागते और गोली चलाते नजर आ रहे हैं। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात करीब नौ बजे हुई जब बाउंसर के रूप में काम करने वाला अनुज गुरुग्राम जिले के उल्लावास गांव के एक बाजार में था। अधिकारी ने कहा कि जोमैटो और ब्लिंकिट की वर्दी पहने बाइक सवार दो युवकों ने कथित तौर पर अनुज पर पांच गोलियां चलाईं और मौके से भाग गए। पुलिस ने बताया कि पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीसीपी (दक्षिण) सिद्धांत जैन ने बताया कि अनुज कादरपुर गांव का रहने वाला था और एक निजी शराब की दुकान में बाउंसर के रूप में काम करता था।

कीमत तो चुकानी होगी... अरविंद केजरीवाल को 12 दिन की न्यायिक हिरासत पर भाजपा का वार

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की राउस एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई की तीन दिनों की कस्टडी के बाद 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सीबीआई ने उन्हें शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें तीन दिनों की सीबीआई कस्टडी में भेज दिया। कस्टडी की अवधि खत्म होने रे बाद शनिवार को सीबीआई ने उनकी न्यायिक हिरासत की मांग करते हुए कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने सीबीआई की अपील स्वीकार करते हुए उन्हें 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले को लेकर बीजेपी ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, कोर्ट फैसला सबूतों को देखने के बाद दिया जाता है। केंद्रीय एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। अगर आपने कोई अपराध किया है, तो आपको इसकी कीमत चुकाने के लिए तैयार रहना होगा। सीबीआई ने केजरीवाल को तीन दिन की हिरासत में पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया, जिसके बाद एजेंसी ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का अनुरोध करते हुए कहा कि वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे और सवालों का जवाब देने में टालमटोल कर रहे हैं।

चंद्रयान-3 के बाद चांद पर कमाल करेगा चंद्रयान-4



बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक बार फिर से अपने विज्ञान और तकनीक के अद्वितीय कारनामों से दुनिया को चौंकाने की तैयारी में है। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि भारत 2040 तक इंसान को चांद पर भेजने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि यह मिशन चंद्रयान मिशनों की एक अहम कड़ी होगी, जो भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा।

चंद्रयान-4 लाएगा चंद्रमा से नमूने

पिछले साल, इसरो ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक उतार कर इतिहास रच दिया था। यह उपलब्धि न केवल भारत के अंतरिक्ष मिशनों में मील का पत्थर साबित हुई, बल्कि दुनिया भर में इसरो की वैज्ञानिक क्षमता और तकनीकी कौशल की सराहना भी हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट का नाम शिव शक्ति रखा, जो अब इसरो के आगामी चंद्र मिशनों का एक महत्वपूर्ण बिंदु बनेगा। एनडीटीवी को दिए एक इंटरव्यू में एस. सोमनाथ ने बताया कि इसरो का लक्ष्य शिव शक्ति प्वाइंट से अगले कुछ वर्षों में चंद्र नमूने को पृथ्वी पर लाना है। इसरो के इस मिशन का उद्देश्य चंद्रमा की संरचना और उसके रहस्यों को और गहराई से समझना है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले चीन ने भी सफलतापूर्वक चंद्रमा से नमूने वापस लाने में सफलता प्राप्त की थी, और अब भारत भी इस दिशा में आगे बढ़ रहा है।

इसरो ने लहराया था परचम

इसरो की इस महत्वाकांक्षी योजना ने भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक नई उमंग और उत्साह भर दिया है। यह मिशन न केवल भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत बनेगा। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की यह नई दिशा न केवल चांद की सतह पर भारतीयों की उपस्थिति सुनिश्चित करेगी, बल्कि अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत को विश्व गुरु बनने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

2040 तक चांद पर पहुंचेंगे भारतीय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2040 तक चांद पर इंसान को भेजने के आह्वान पर एस. सोमनाथ ने कहा, हमें चांद पर उतरने के लिए कई चीजों में निरंतरता बनाए रखनी होगी, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान और ट्रांस-लूनर मानव अंतरिक्ष उड़ान शामिल हैं। हमें चंद्रयान मिशनों को जारी रखना होगा क्योंकि चांद पर जाना और वापस आना भी हमारी पहुंच में हो। हमें एक ऐसे स्तर तक पहुंचना होगा जहां शायद हमारे लोग चांद पर जा सकें और वापस आ सकें। इसरो के अध्यक्ष के अनुसार, चंद्रमा पर भारतीयों को भेजने के लिए कई तकनीकी और वैज्ञानिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इसके लिए अत्याधुनिक अंतरिक्ष यान, जीवन रक्षक प्रणाली, और चंद्रमा पर सुरक्षित लैंडिंग की तकनीक विकसित करनी होगी। इसके अलावा, अंतरिक्ष यात्री के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न परीक्षण और अनुसंधान भी आवश्यक होंगे।

कांग्रेस केवल अराजकता और भ्रम फैलाना चाहती है: धर्मेन्द्र प्रधान

नईदिल्ली, एजेंसी। नीट के मुद्दे को लेकर विपक्ष के निशाने पर बने शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विपक्ष पर निशाना साधा है। प्रधान ने नीट समेत प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर चल रहे विवाद पर कांग्रेस पर निशाना साधा है। प्रधान ने कहा कि कांग्रेस चर्चा नहीं चाहती है। वह केवल अराजकता और भ्रम फैलाना चाहते हैं। राष्ट्रपति ने स्वंय उस मुद्दे को संबोधित किया है जिस पर कांग्रेस बहस करना चाहती है। इस क्षेत्र में हुई कमियों और चुनौतियों की जांच चल रही है। लेकिन इस पर विरोध प्रदर्शन करने से कुछ हासिल नहीं होगा। प्रधान ने कहा कि सरकार की ओर से मैंने स्पष्ट रूप से कहा कि हम किसी भी तरह की चर्चा के लिए तैयार हैं, लेकिन कांग्रेस इस मुद्दे पर बात नहीं करना चाहती, छात्र इस मुद्दे पर क्या चाहते हैं इस पर बात नहीं करना चाहती वह बस इस मुद्दे का राजनीतिकरण करना चाहते हैं। ऐसे मुद्दे 2014 के पहले भी हुए हैं, लेकिन मैं इसको उचित नहीं ठहरा सकता। प्रधान ने जोर देकर अपनी बात रखते हुए कहा कि एनटीए को इसरो के पूर्व अध्यक्ष के राधाकृष्णन के रूप में नया नेतृत्व मिला है। एनटीए में सुधार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हमने इस मुद्दे के समाधान के लिए एक नया कानून बनाया है, और पूरा मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है। सरकार ने एनटीए के महानिदेशक को बदल दिया है और परीक्षा प्रक्रिया में सुधारों की सिफारिश करने, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को बढ़ाने और परीक्षा के संचालन पर ध्यान देने के लिए एक उच्चाधिकार समिति भी गठित की गई है।

दरअसल, शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नीट परीक्षा के आयोजन में कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर संसद में सम्मानजनक और अच्छी चर्चा कराने की मांग की थी। जिसके बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का बयान सामने आया था।

संजय राउत ने उद्धव ठाकरे को एमवीए के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने की मांग की

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में इसी साल विधानसभा चुनाव होना है। उससे पहले विपक्षी खेमे में मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किए जाने को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को किसी एक नेता को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार पेश करने की बात को खारिज कर दिया। विपक्षी महा विकास अघाडी (एमवीए) में शरद पवार की एनसीपी के अलावा, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने उद्धव ठाकरे को विपक्षी गठबंधन एमवीए के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने की मांग की है।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, शरद पवार ने कोल्हापुर में संवाददाताओं से कहा, हमारा गठबंधन ही हमारा सामूहिक चेहरा है। एक व्यक्ति हमारा मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं बन सकता। सामूहिक नेतृत्व हमारा फॉर्मूला है। उन्होंने कहा, हमारे तीनों गठबंधन सहयोगी इस संबंध में निर्णय लेंगे। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों में एमवीए की संभावनाओं पर भरोसा जताया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गठबंधन में पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया (पीडब्ल्यूपी) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसे सहयोगियों को भी एमवीए में शामिल किया जाएगा।

शरद पवार ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा अपने भाषण के दौरान आपातकाल का जिक्र करने की भी आलोचना की और कहा कि यह उचित नहीं था। उन्होंने कहा, क्या राजनीतिक बयान देना अध्यक्ष का काम है? हमें लगता है कि उनका बयान उचित नहीं था। राष्ट्रपति के भाषण में भी इस मुद्दे का संक्षिप्त उल्लेख था। वह भी जरूरी नहीं था।

मुझे यकीन है कि राहुल गांधी एलओपी के तौर पर चमकेंगे-पवार

राहुल गांधी के लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने पर पवार ने कहा कि जिस पार्टी के पास सबसे ज्यादा विपक्षी सांसद होते हैं, वही पार्टी नेता चुनती है। उन्होंने कहा, कांग्रेस सांसदों ने राहुल गांधी को अपना नेता चुना है। वह नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुझे यकीन है कि वह चमकेंगे। पवार ने अपने भतीजे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा हाल ही में पेश किए गए बजट पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यह राज्य विधानसभा चुनावों से पहले उनके द्वारा किए गए बड़े प्रयासों को दिखाने का प्रयास है। उन्होंने कहा, जब मेरी जेब में 70 रुपये हैं तो मैं 100 रुपये कैसे खर्च कर सकता हूँ?

किडनैपर को पकड़ने के बहाने टाइगर रिजर्व घूम रहे थे दरोगा और दो सिपाही

बरेली, एजेंसी। यूपी के बरेली से एक किडनैपर को पकड़ने हाफिजगंज गए थाना सुभाषनगर के दरोगा और दो हेड कांस्टेबल पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) घूमने जा पहुंचे और प्रतिबंधित क्षेत्र में घुस गए। रेंजर ने उन्हें पकड़ लिया और पुलिस बुलाकर गाड़ी का चालान करा दिया। इसकी सूचना एसएसपी को दी गई तो उन्होंने तीनों को सस्पेंड कर दिया है। सुभाषनगर थाने में तैनात दरोगा विनय कुमार और हेड कांस्टेबल शाहिद अली व ऋषिपाल सिंह एक किशोरी की बरामदगी के लिए 24 जून को थाना हाफिजगंज क्षेत्र में गए थे। वहां से तीनों घूमने के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व चले गए और प्रतिबंधित क्षेत्र में लगा बैरियर हटाकर कार समेत अंदर घुस गए। वाचर ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उसे हड़का दिया। वाचर ने रेंजर को सूचना दी और फिर स्थानीय पुलिस को बुलाकर उनकी कार का चालान करा दिया गया। पीलीभीत डीएफओ मनीष सिंह ने इस संबंध में बरेली पुलिस को सूचना दी तो शनिवार को एसएसपी अनुराग आर्य ने तीनों को सस्पेंड कर दिया।

आईसीसी टी20 विश्वकप - कई वैश्विक नेताओं ने भारत को दी जीत की बधाई, श्रीलंका और इस्राइल ने कहा- यह ऐतिहासिक उपलब्धि

कोलंबो, एजेंसी। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर आईसीसी टी20 विश्वकप का खिताब अपने नाम कर लिया। विश्व कप में शानदार जीत पर कई वैश्विक नेताओं ने भारत को जीत की बधाई दी। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा भारत ने दबाव में भी शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं, इस्राइली राजदूत नाओर गिलोन भी भारत की जीत को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

श्रीलंका के विदेश मंत्री साबरी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, बधाई हो भारत! दबाव में शानदार प्रदर्शन!। साबरी ने आगे लिखा, भारत ने 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहला आईसीसी खिताब जीता है। इस जीत के साथ भारत ने 11 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को समाप्त कर दिया है। इस्राइली राजदूत गिलोन ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, चक दे इंडिया। टीम इंडिया को टी20 विश्व कप 2024 में शानदार जीत के लिए बधाई। उन्होंने आगे लिखा कि वास्तव में यह ऐतिहासिक उपलब्धि है। टी20 विश्व कप के फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए 176 रन बनाए। 177 रनों का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम को शुरुआत में ही तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने विकेट लेकर झटके दिए, जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम की शुरुआत खराब रही। बुमराह ने जहां रीजा हेंड्रिक्स को चार रन पर आउट किया, वहीं अर्शदीप ने कप्तान एडेन मार्करम को भी चार रन के स्कोर पर चलता कर दिया। मार्करम का विकेट के पीछे खड़े तेजतर्रार विकेटकीपर ऋषभ पंत ने कैच पकड़ा।

आईएसआई जैसी एजेंसियां न्यायिक मामलों में न दें दखल, पीएमओ रोके: इस्लामाबाद हाई कोर्ट



इस्लामाबाद , एजेंसी। पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को प्रधानमंत्री कार्यालय को कुछ खास निर्देश जारी किए। इसमें कहा गया कि आईएसआई जैसी खुफिया एजेंसियों को आदेश दिया जाए कि वे फैसले को लेकर किसी भी न्यायाधीश या उनके स्टाफ से संपर्क न करें। कई न्यायाधीशों ने खुफिया एजेंसियों आईएसआई, सैन्य खुफिया और खुफिया ब्यूरो पर वांछित फैसले प्राप्त करने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया है। विशेष रूप से पूर्व प्रधानमंत्री व पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान, उनकी पार्टी के नेताओं और समर्थकों के मामलों में।

इस्लामाबाद हाई कोर्ट के 8 में से 6 जजों और पंजाब की आतंकवाद रोधी अदालतों के कुछ न्यायाधीशों ने इसे लेकर पत्र लिखा था। पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश और लाहौर एचसी के चीफ जस्टिस को चिट्ठी लिखकर उनका ध्यान न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों के खुले हस्तक्षेप की ओर दिलाया गया। उनमें से कुछ ने शिकायत की थी कि उन पर दबाव डालने के लिए उनके परिवार के सदस्यों को खुफिया एजेंसियों की ओर से हिरासत में लिया गया।

आईएसआई कर्मियों की ओर से उत्पीड़न के आरोप: लाहौर एचसी के जस्टिस शाहिद करीम ने आईएसआई के कर्मियों की ओर से उत्पीड़न के आरोप लगाए। इस संबंध में शनिवार को पंजाब के सरगोधा जिले में एटीसी न्यायाधीश की शिकायत पर प्रधानमंत्री कार्यालय को लिखित निर्देश जारी किए। न्यायाधीश ने अपने लिखित आदेश में कहा, प्रधानमंत्री खुफिया एजेंसियों की कार्रवाइयों के लिए जिम्मेदार और जवाबदेह हैं, क्योंकि वे उनके अधीन आती हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से आईएसआई और आईबी सहित सभी असैन्य या सैन्य एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए जाएं कि वे भविष्य में किसी भी उद्देश्य के लिए किसी भी न्यायाधीश या उनके किसी स्टाफ से संपर्क न करें।

पंजाब पुलिस के लिए भी इसी तरह के निर्देश जारी किए गए हैं। कोर्ट ने कहा कि उसके आदेश का क्रियान्वयन न होने की स्थिति में पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस प्रमुख को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा। साथ ही, अवमानना कार्यवाही शुरू की जाएगी। पीटीआई के प्रवक्ता रऊफ हसन ने कहा कि एक सोची-समझी साजिश के तहत यह हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनादेश के चोर सरकार और उसके गुर्गे अपनी मर्जी के फैसले कराने के लिए न्यायपालिका को मजबूर कर रहे हैं।

धर्म मेरा मार्गदर्शन करता है, नारायण मंदिर में ऋषि सुनक ने टेका मत्था

चुनावी जीत के लिए मांगा आशीर्वाद

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन में आगामी कुछ दिनों के भीतर संसदीय चुनाव होने हैं और ऋषि सुनक की अगुवाई में कंजर्वेटिव पार्टी एक बार पिर जीत का पताका लहराने को बेताब है। हालांकि चुनावी रणनीतिकार चुनाव में विपक्षी दल लेबर पार्टी का पलड़ा भारी बता रहे हैं। इस बीच शनिवार को ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक ने अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ लंदन के एक हिन्दू मंदिर का दौरा किया। श्री स्वामीनारायण मंदिर में माथा टेकने के बाद सुनक ने अपनी हिन्दू आस्था के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि धर्म हमेशा से मेरा मार्गदर्शन करता है।

ब्रिटेन में होने वाले चुनाव के मद्देनजर लंदन में श्री स्वामी नारायण मंदिर पहुंचे ऋषि सुनक ने हिंदू आस्था के बारे में कहा कि यह मेरे लिए प्रेरणा और आराम का स्रोत है। सुनक ने लोगों को संबोधित किया और कहा कि धर्म हमेशा से उनका मार्गदर्शन करता है। चाहे वह निजी जीवन हो या सार्वजनिक। जिंदगी के हर छोर पर धर्म मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत है।

सुनक ने कहा, मैं एक हिंदू हूं और आप सभी की तरह, मैं भी अपने धर्म के प्रति विश्वास से प्रेरणा और सांत्वना लेता हूं। मुझे श्रीमद भगवद गीता की शपथ लेकर सांसद बनने पर गर्व है। सुनक ने आगे कहा कि उन्हें हिन्दू होने पर गर्व है।

उन्होंने आगे कहा, हमारा विश्वास हमें अपना कर्तव्य करना सिखाता है और जब तक कोई इसे ईमानदारी से करता है तब तक परिणाम के बारे में चिंता नहीं करता। यही वह है जो मुझे हमेशा प्रेरणा देता है। अपने माता-पिता की तरह मैं भी अपना

जीवन सादगी से जीने की कोशिश करता हूं और यही वह चीज है जो मैं अपनी बेटियों को बड़े होने पर देना चाहता हूं। यह धर्म ही है जो सार्वजनिक सेवा के प्रति मेरे दृष्टिकोण में मेरा मार्गदर्शन करता है।

उ. कोरिया में लोगों को हर माह जमा करना होगा 10 किलो मल, आदेश ना मानने पर देना होगा 5,000 वॉन

प्योंगयांग, एजेंसी। उत्तर कोरिया में किम जोंग उन की तानाशाही का एक बेहद ही अजीब मामला सामने आया है। हाल ही में जारी एक आदेश में उत्तर कोरिया के लोगों को कहा गया है कि वे हर महीने कम से कम 10 किलो सूखा मानव मल जमा करेंगे और इसे सरकार को देंगे। इस आदेश को नहीं मानने वालों पर 5,000 वॉन (500 रुपये) का जुर्माना लगाया जाएगा। यह आदेश उस घटना के करीब एक महीने बाद आया है, जब किम जोंग ने सीमा पार दक्षिण कोरिया में मल से भरे गुब्बारे भेजे थे। माना जा रहा है कि तानाशाह का यह नया आदेश ऐसी ही शरारत की घटनाओं को फिर से अंजाम देने के लिए है। इस बीच उत्तर कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी केसीएनए के मुताबिक उत्तर कोरिया के लोगों को आदेश दिया गया है कि प्रत्येक घर से 10 किलोग्राम (22 पाउंड) मानव मल एकत्र किया जाएगा, ताकि इसका इस्तेमाल खाद के तौर पर किया जा सके। आदेश के मुताबिक लोगों को यह मल सुखाकर जमा करना होगा। इसके बाद इसे नजदीकी उर्वरक केंद्र पर जमा कराना होगा, जहां से उन्हें उनके योगदान के लिए एक प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129